e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 226
शनिवार
19.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
हर आदमी मरता तो जरूर है लेकिन हर आदमी वास्तव में सही ढंग से जी नहीं पाता..

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26⁰ |
| न्युनतम | 12⁰ |

## क्विक न्यूज

### बिहार : पत्रकार की दिनदहाड़े हत्या

**पटना :** अररिया के रानीगंज में दिनदहाड़े दैनिक अखबार के पत्रकार विमल यादव (36) की हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने घर के दरवाजे पर चढ़कर मेन गेट खुलवाया। जैसे ही पत्रकार गेट पर आए वैसे ही सीने में गोली दाग दी। हत्या के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान इधर, सदर अस्पताल में पत्रकार, स्थानीय लोग और परिजनों की भीड़ लगी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। परिजनों का कहना है कि सुपौल जेल में बंद रूपेश ने ही हत्या की साजिश रची थी। उसने जेल से ही हत्या की सुपारी दी थी।

### मॉब लिंचिंग : विशेष समुदाय के तीन युवकों को लाठी-डंडों से पीटा, एक की मौत, दो गंभीर

**अलवर :** राजस्थान के अलवर में आठ-दस लोगों की भीड़ ने तीन युवकों की लाठी-डंडों से पीट दिया। इस हमले में एक युवक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक लकड़ी काटने गए थे। इसी दौरान लोगों की भीड़ ने उन्हें पकड़ लिया और फिर जमकर मारपीट कर दी। तीनों युवक विशेष समुदाय के बताए जा रहे हैं। विशेष समुदाय के तीन युवक रामपुर में लकड़ी काटने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान वन विभाग की गाड़ी में भरकर आए लोगों ने उन्हें घेर लिया और लाठी डंडों से जमकर मारपीट कर दी। हमलें में बुरी तरह घायल एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहें हैं। हरसोरा थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मणिपुर : उपद्रवियों की गोलीबारी में तीन कुकी नागरिकों की मौत

**इंफाल :** पिछले कुछ दिनों की शांति के बाद हिंसाग्रस्त मणिपुर में शुक्रवार सुबह एक बार फिर हिंसा भड़क गई। सूत्रों के मुताबिक, सुबह करीब 5.30 बजे उखरुल जिले के लिटन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत थवई कुकी गांव में संदिग्ध मैतेई सशस्त्र बदमाशों और कुकी स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें तीन कुकी लोगों के मारे जाने की खबर है। बीएसएफ सहित सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बताई गई है। मैतेई उपद्रवियों ने सबसे पहले गांव के ड्यूटी पोस्ट पर हमला किया, जहां स्वयंसेवक गांव की सुरक्षा के लिए ड्यूटी कर रहे थे। इस गोलीबारी में कुकी स्वयंसेवकों के तीन लोगों के मारे जाने की खबर है। मारे गए लोगों की पहचान जामखोगिन हाओकिप (26), थांगखोकाई हाओकिप (35) और होलेनसोन बाइते (24) के रूप में हुई है।

### हाई कोर्ट ने खारिज की केएन त्रिपाठी की याचिका

**रांची :** भाजपा विधायक आलोक चौरसिया को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने कांग्रेस के पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी की चुनाव चुनौती याचिका को खारिज कर दिया. केस नंबर ईपी/2/2020 में केएन त्रिपाठी का आरोप था कि डाल्टनगंज से भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने 25 साल की उम्र पूरी किए बगैर चुनाव लड़ा था. इसी को लेकर उन्होंने निर्वाचन को चुनौती दी थी. इस मामले में न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने 80 पेज का फैसला सुनाया है.

---

**चाईबासा: प्रमंडलीय रोजगार मेले में ऑफर लेटर वितरण समारोह को सीएम ने किया संबोधित**

# सीएम ने 10,020 अभ्यर्थियों को सौंपा ऑफर लेटर

**मुख्यमंत्री ने राज्य के सहायक पुलिस कर्मियों को 2 वर्ष का अवधि विस्तार देने की घोषणा की**

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा

* पढ़े लिखे एवं कम पढ़े लिखे तथा निरक्षर लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए चल रही हैं कई योजनाएं
* युवाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कर रही पूरी मदद
* 10 हजार से ज्यादा युवाओं को एक साथ ऑफर लेटर मिलना राज्य के लिए मील का पत्थर है
* आप और आपका परिवार जब खुशहाल होगा तब राज्य भी सशक्त और मजबूत होगा
* आदिवासी तभी आगे बढ़ेंगे जब वे एकजुट होंगे और अपनी ताकत दिखाएंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के सहायक पुलिस कर्मियों को दो वर्ष का अवधि विस्तार मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने चाईबासा में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेले में ऑफर लेटर वितरण समारोह को संबोधित करने के क्रम में यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों के भविष्य को लेकर सरकार चिंतित है और इस दिशा में जल्द ठोस निर्णय लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सवा तीन करोड़ की आबादी की सेवा करने का सरकार ने संकल्प ले रखा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं। इस कड़ी में पढ़े लिखे एवं कम पढ़े- लिखे तथा निरक्षर लोगों के लिए रोजगार की कई योजनाएं चल रही हैं। वहीं, जो स्वरोजगार के इच्छुक हैं, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद कर रहे हैं।

### सरकारी हो या निजी क्षेत्र, आपके लिए कई मौके

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक और सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तो निजी क्षेत्र में भी यहां के आदिवासियों -मूल वासियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नियम बनाए हैं। उन्होंने कहा कि अब राज्य में कार्यरत निजी संस्थानों और कंपनियों में 40 हजार रुपए प्रति माह तक की नौकरियों में यहां के आदिवासियों -मूल वासियों को 75 प्रतिशत रोजगार देना अनिवार्य होगा। यह कानून बनने के बाद आज पहली बार कोल्हान की धरती से एक साथ 10,020 (दस हजार बीस) युवाओं को ऑफर लेटर मिलना राज्य के लिए मील का पत्थर है।



### प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों और कोर्सेज करने के लिए भी दे रहे हैं सरकारी मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सिर्फ युवाओं को रोजगार नहीं दे रहे हैं बल्कि उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकारी मदद भी कर रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवाओं को अपने प्रखंड में ही कौशल विकास का नि-शुल्क प्रशिक्षण देने के लिए बिरसा केंद्र खोला गया है। विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। अत्यंत संवेदनशील आदिवासी समुदाय के युवक-युवतियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए नि-शुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम शुरू किया गया है।

### लड़कर राज्य लिए हैं, लड़कर हक- अधिकार लेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने लंबा संघर्ष कर झारखंड अलग राज्य लिया है । अब लड़कर अपना हक-अधिकार भी लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भी आपके बीच से ही आया हूं, इसलिए आपकी समस्याओं से भलीभांति वाकिफ हूं । ऐसे में आपकी उम्मीदों के अनुरूप योजनाओं को बनाकर उसे धरातल पर उतार रहे हैं । जब से हमारी सरकार बनी है, तब से कई चुनौतियां हमारे सामने आई, लेकिन इन तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए आज हम राज्य को एक नई दिशा दे रहे हैं।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, चम्पाई सोरेन,सत्यानंद भोक्ता, जोबा मांझी और बन्ना गुप्ता, सांसद गीता कोड़ा, विधायक सुखराम उरांव,निरल पूर्ति, सविता महतो, दीपक बिरुवा,सोनाराम सिंकू, मंगल कालिंदी,समीर मोहंती,संजीव सरदार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे , श्रम सचिव राजेश शर्मा, प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

### आदिवासी बहुल राज्य होने के बाद भी आदिवासी होते रहे दरकिनार

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है । लेकिन, अलग राज्य बनने के 20 वर्षों तक आदिवासियों के हितों को दरकिनार किया जाता रहा । जब हमारी सरकार बनी तो आदिवासियों को विकास से जोड़ने के लिए कई योजनाएं शुरू की। आदिवासी कला- संस्कृति और परंपरा को अलग पहचान मिले, इसलिए आदिवासी महोत्सव का भव्यआयोजन शुरू किया गया। उन्होंने आदिवासियों से कहा कि वे एकजुट हो और अपनी ताकत दिखाएं, तभी वे मजबूत बनेंगे और आगे बढ़ेंगे।

---

# कुआं धसने से 6 लोगों की मौत



**रात भर की भारी मशक्कत के बाद छः लोगों का शव शुक्रवार दोपहर तक निकल पाया।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली (रांची) :** मुरी ओपी क्षेत्र के पिस्का गांव मे गुरुवार की शाम एक बैल घांस चरने के दौरान कुआँ मे गिर गया। ग्रामीणों की नजर जब कुएं पर पडी तो बैल की जान बचाने के लिए कुछ लोग कुएं मे उतरे। बैल को निकालने के दौरान कुआँ धंस गया। कुआँ के धंसने से तकरीबन 9 लोग दब गए। इस घटना से पुरे गांव मे चिख पुकार होने लगी।

जिसके बाद गांव वालों ने अपने तरिके से दबे लोगों को निकालने का प्रयास करने लगे। इस घटना की जानकारी मिलते ही सिल्ली थाना प्रभारी, मुरी ओपी प्रभारी एवं बीडीओ घटना स्थल पर पहुंचे। जेसीबी मंगवाकर बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। एनडीआरएफ रांची को सूचना दिया गया। एनडीआरफ टीम देरी ना करते हुए रात में ही घटनास्थल पर पहुंच गए। रात भर की भारी मशक्कत के बाद छः लोगों का शव शुक्रवार दोपहर तक निकल पाया। इसके पूर्व ही तीन लोगों को घायल अवस्था में निकाला जा चुका था। इस दौरान सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, बीडीओ पवन आशीष लकड़ा,सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, थाना प्रभारी व मेडिकल टीम दलबल के साथ मौजूद रहे। घटना की सूचना मिलते ही रांची सांसद संजय सेठ एवं भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज भी घटनास्थल पर पहुंचे। सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने सरकार से मांग किया है कि सभी परिवार को पांच लाख रुपया एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिया जाए।

मरने वालों में मनोहर मांझी, विष्णु चरण माझी, गुरुपद मांझी, रमेश चंद्र मांझी, बहादुर मांझी व धनंजय मांझी शामिल है।

---

# साहिबगंज में अवैध उत्खनन मामले को लेकर हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपा जांच का जिम्मा




**एजेंसी**

**रांची :** साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थानाक्षेत्र के नींबू पहाड़ पर हुए अवैध खनन मामले की सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को जांच का जिम्मा सौंप दिया. न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने विजय हांसदा की याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश जारी किया. हाईकोर्ट ने आदेश की प्रति मिलने के एक माह के भीतर सीबीआई को जांच शुरू करने का आदेश दिया है.इस आदेश से सूबे के कई बड़ी हस्तियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. याचिकाकर्ता विजय हांसदा के अधिवक्ता ने बताया कि नींबू पहाड़ पर अवैध उत्खनन को रोकने पर उनको धमकाया जा रहा था. उन्होंने पंकज मिश्रा समेत 14 नामजद के खिलाफ साहिबगंज के एसटी-एससी थाना में केस संख्या 6/22 दर्ज कराया था. लेकिन उन्हें पता ही नहीं था कैसे उनके हवाले से याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की गई थी. अधिवक्ता एसएस चौधरी ने कहा कि उस दौरान विजय हांदसा जेल में थे. जहां तक जेलर के अभिप्रमाणित वकालतनामे का सवाल है तो उन्होंने बेल के लिए हस्ताक्षर किया था. इसी हवाले से उन्होंने याचिका वापस लेने का आवेदन दिया था. इस पर हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता अनिल कुमार और राज्य सरकार के अधिवक्ता सचिन कुमार का पक्ष सुना. इसके बाद मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दे दिया.

उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट को लगा कि इस मामले में प्रभावशाली लोग शामिल हैं, इसलिए इसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए. कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि चूकि विजय हांसदा कह रहे हैं कि उन्होंने जांच की मांग वाली कोई याचिका ही नहीं दी है, लिहाजा, उस मैटर की भी सीबीआई जांच करे और एक माह के भीतर रिपोर्ट दें.

---

# चंद्रयान-3 के लैंडर पर लगे कैमरे ने कैद की चांद की खूबसूरत तस्वीर



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत का तीसरा मून मिशन चंद्रयान-3 धीरे-धीरे चंद्रमा के करीब पहुंचता जा रहा है. गुरुवार को लैंडर मॉड्यूल के प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग होने के ठीक बाद चंद्रयान-3 ने चांद की पहली तस्वीर भेजी है, जो बेहद खूबसूरत है. चंद्रयान-3 के लैंडर इमेजर लगे कैमरा-1 से 17/18 अगस्त को ये तस्वीर ली गई थी. भारतीय स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन ने इसका वीडियो बनाकर ट्विटर पर शेयर किया है. चंद्रमा तक जाने के लिए चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को करीब 100 किमी की दूरी खुद तय करनी है. 18 अगस्त को लैंडर मॉड्यूल की डीबूस्टिंग हुई. डीबूस्टिंग की प्रक्रिया में लैंडर की स्पीड कम हो जाती है. इसरो के मुताबिक लैंडर 23 अगस्त शाम 5 बजकर 47 मिनट पर चंद्रमा की सतह पर उतरेगा. लैंडर विक्रम और रोवर चांद के साउथ पोल पर लैंड करेंगे. अगर चंद्रमा-3 की सॉफ्ट लैंडिंग सफलतापूर्वक हो जाती है तो भारत, अमेरिका, रूस और चीन के बाद ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा. साल 2019 में चंद्रयान-2 मिशन का लैंडर चंद्रमा की सतह पर क्रैश हो गया था. उसके फौरन बाद भारत ने तीसरे मून मिशन की तैयारी शुरू कर दी थी. इसरो के वैज्ञानिक बीते कई महीनों से दिन-रात मिशन को सफल बनाने में जुटे हुए थे. चंद्रयान-3 की लैंडिंग में कोई परेशानी ना आए, इस बात का विशेष ध्यान इस बार रखा गया है. चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को लॉन्च किया गया था.

चंद्रयान-2 की तरह ही चंद्रयान-3 के लैंडर का नाम भी विक्रम रखा गया है. मिशन को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे हर हाल में चांद पर लैंड कराया जा सके. 23 अगस्त को जब लैंडर 'विक्रम चांद की सतह पर उतरने की कोशिश करेगा और कोई परेशानी आई, तो उसे दूसरी जगह भी लैंड कराया जा सकता है. इस मिशन का मसकद सफलतापूर्वक चंद्रमा पर लैंड कराना और वहां चहलकदमी की क्षमताओं को साबित करना है.

---

# 9 साल में बदल गया भारत, तरक्की के नए शिखर पर पहुंचा देश : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आर्थिक स्थिति के बारे में आकर्षक तस्वीर पेश करने वालीं कुछ रिपोर्ट का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत न्यायोचित एवं सामूहिक समृद्धि की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है और यह आर्थिक समृद्धि के नए युग के मुहाने पर खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर लिखी एक टिप्पणी में कहा कि उन्होंने हाल ही में प्रकाशित दो शोधपरक लेख देखे हैं, जो भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर उत्साही रुख रखने वाले सभी लोगों को पसंद आएंगे। इनमें से एक रिपोर्ट एसबीआई रिसर्च की है, जबकि दूसरी रिपोर्ट पत्रकार अनिल पद्मनाभन ने लिखी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये रिपोर्ट कुछ ऐसे पहलू पर रोशनी डालती हैं जिन्हें देखकर हमें बहुत खुश होना चाहिए। इसके मुताबिक,



भारत न्यायोचित एवं सामूहिक समृद्धि हासिल करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने इन रिपोर्ट में दिए गए कुछ आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि एसबीआई रिसर्च ने जमा किए गए आयकर रिटर्न के आधार पर वित्त वर्ष 2022-23 में भारित औसत आय 13 लाख रुपये पर पहुंचने की बात कही है, जबकि कर आकलन वर्ष 2013-14 में यह 4.4 लाख रुपये थी।प्रधानमंत्री ने इन रिपोर्ट से ऐसे कई आंकड़े पेश करते हुए कहा कि ये निष्कर्ष न केवल भारत के सामूहिक प्रयासों को दर्शाते हैं बल्कि एक देश के तौर पर भारत की क्षमता को भी दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रगति के लिए समृद्धि बढ़ना अच्छी बात है।

---

# रिश्वत लेते धराया वन प्रमंडल कार्यालय का सहायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने सुजीत मेहता, उम्र 45 वर्ष, पिता स्व बाबूलाल कोडरमा के आवेदन पर निरव कुमार सिंह सहायक लिपिक, वन प्रमण्डल कोडरमा एवं अप्राथमिकी अभियुक्त सुजीत कुमार मिश्रा डाटा इंट्री ऑपरेटर, वन प्रमण्डल, कोडरमा को गिरफ्तार किया गया। इनके द्वारा खनन पट्टे के एनओसी निर्गत करने के एवज में दस-दस हजार रूपये मांग रहे थें। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग के पदनाम से आवेदन दिया गया था।



# उपायुक्त के जनता दरबार में अवैध क्रेशर संचालन की हुई शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम-पंचायत बन्दुआ के ग्रामीणों ने उपायुक्त से शिकायत किया कि बन्दुआ में अवैध रूप से क्रशर प्लांट का संचालन किया जा रहा है,इस क्रशर प्लांट में ब्लास्टिंग से घरों में दरार जैसे कई समस्याएं आ रही हैं। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के शकीला बीबी ने उपायुक्त से सर्वजन पेंशन योजना के तहत विधवा पेंशन की स्वीकृति देने की गुहार लगाई। इसी तरह विश्रामपुर अंचल के ग्राम पंजरी खुर्द निवासी सुरेंद्र नाथ पाठक ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करवाने की निवेदन किया। इसी तरह हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही निवासी रामसुंदर राम ने उपायुक्त से जमीन सीमांकन करवाने की गुहार लगाया। इसी तरह सतबरवा प्रखण्ड के ग्राम धावाडीह निवासी बसंती कुंवर ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास देने की गुहार लगाई। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## शहीद दरोगा के परिजनों से मिले पलामू आयुक्त व आईजी, बंधाया ढांढस



**प्रभात मंत्र संवादाता**

**विश्रामपुर :** पलामू आयुक्त मनोज जयसवाल और आईजी राजकुमार लकड़ा शुक्रवार को रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव पहुंचे। जहां दोनो अधिकारियों ने शहीद दरोगा अमित तिवारी के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों को ढांढस बंधाया। कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रशासन और सरकार शहीद परिवार के साथ खड़ा है। शहीद अमित तिवारी की शहादत बेकार नहीं जायेगी। इस दौरान आयुक मनोज जयसवाल और आईजी राजकुमार लकड़ा ने शहीद दरोगा अमित तिवारी को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की.उल्लेखनीय है कि नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान चाइबासा में दरोगा अमित तिवारी 14 अगस्त को शहीद हो गए थे। मौके पर शहीद के परिजनों के अलावा कई ग्रामीण भी मौजुद थे।

## किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष बने प्रमोद सिंह

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष का चुनाव का आयोजन किया गया। इस चुनाव में प्रखंड के सभी पंचायत के एक एक प्रगतिशील किसान तथा प्रखंड प्रमुख और ज़िप सदस्य ने भाग लिया। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए ज़िप सदस्य प्रमोद सिंह एव प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने नामांकन कराया। चुनाव सर्वसम्मति से गुप्त मतदान कराकर निशीवत किया गया। चुनाव में ज़िप सदस्य प्रमोद सिंह को 21 मत प्राप्त कर विजयी हुए। चुनाव में बीडीओ गिरवर मिंज, ज़िप सदस्य रामलव प्रसाद, फैजयाल अहमद, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार, एटीएम रंजीत कुमार, सहित प्रखंड के प्रगतिशील किसान मौजूद थे।

## 49 वर्षीय दिव्यांग प्रखंड कार्यालय पहुंच पेंशन दिलवाने की हर किसी से लगाता गुहार



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय केतार में शुक्रवार को परती पंचायत के छताकुण्ड गांव निवासी 49 वर्षीय दिव्यांग लालजी राम पिता रामदेव राम पेंशन स्वीकृत कराने को लेकर मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान दिव्यांग लाल जी राम को दिखाई नहीं देने के कारण आवागमन करने वाले हर व्यक्ति से पेंशन दिलवा देने की गुहार लगा रहे थे और अपनी पीड़ा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलना चाह रहे थे। लोगों ने उन्हें जानकारी दी की बीडीओ साहब वोटर कार्ड हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन करने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ परती कुशवानी गांव की ओर गए हैं। उक्त दिव्यांग व्यक्ति काफी परेशान था और सभी से मदद मांगते पेंशन ऑपरेटर कार्यालय के समक्ष बैठ गया। कारण बस उक्त कार्यालय भी बंद था। परंतु कुछ ही समय बाद बीडीओ मुकेश मछुआ प्रखंड कार्यालय पहुंचे और दिव्यांग की समस्या सुन पेंशन फार्म भरवाया।

# बाहर काम करने जा रहे मजदूर की ट्रेन में दम घुटने से मौत, गांव में मातम

**➲ मुखिया कुसुम देवी ने मृतक के परिजनों को सरकारी लाभ और आर्थिक सहायता करने का दिया आश्वासन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कंकारी गांव के दिलीप भुइया अपने पेट का भूख मिटाने के लिए बाहर कमाने जा रहे अत्यंत गरीब युवक दिलीप भुइयां उम्र 32 वर्ष की ट्रेन में दम घुटने की वजह से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंकारी निवासी लालमुनि भुइयां का पुत्र दिलीप भुइयां 16 अगस्त की रात शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होकर परिवार का भरण पोषण करने के लिए बाहर कमाने जा रहा था। शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन में काफी भीड़भाड़ थी। भीड़ की वजह से जबलपुर स्टेशन के आसपास दम घुटने की वजह से ट्रेन में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद ट्रेन में बैठे यात्रियों के द्वारा इस घटना की जानकारी रेलवे पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस ट्रेन में पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जबलपुर हॉस्पिटल भेज दिया। वही मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण, कंकारी मुखिया कुसुम देवी और उनके पति समाजसेवी शिव कुमार चौधरी सभी एक जगह इकट्ठा होकर मृतक के शव को जबलपुर से लाने की प्रक्रिया में जुट गए है। मुखिया और ग्रामीणों के द्वारा चंदा इकट्ठा कर उसके शव को जबलपुर से मंगवाया जा रहा है।वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बताते चले कि दिलीप भुइयां का परिवार अत्यंत गरीब है। दिलीप अपने पीछे पत्नी दो बच्चा सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। ग्रामीण दिलीप के शव के आने का इंतजार कर रहे हैं।वहीं मुखिया कुसुम देवी ने मृतक दिलीप भुइयां के परिवार को सरकारी लाभ दिलाने के साथ-साथ आर्थिक सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

# क्षेत्रीय विधायक ने 16 करोड़ की लागत से नल जल योजना का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** भवनाथपुर विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने खरौंधी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में गांव के बुजुर्गो से 16 करोड़ की लागत से बनने वाली नल जल योजना का शिलान्यास किया।शिलान्यास किये गए योजनाओ में राजी पंचायत और सिसरी पंचायत में लगभग 8 करोड़ ,और सुण्डी और कुपा में लगभग 8 करोड़ की लागत का शिलान्यास करवाया गया।इस अवसर पर लोगो को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने राज्य की सरकार हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में सिर्फ और सिर्फ लूट खसोट और भ्रष्टाचार हो रहा है।श्री शाही ने कहा कि आज हेमंत सरकार में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास दिया जा रहा है, लेकिन उन्हें समय पर बालू नहीं मिल पा रहा है और अगर मिल भी रहा है तो बहुत ही महंगे दामो पर। जहां बालू 500 से 1000 में मिलता था, आज वही 5000 रुपये में गरीबों को लेना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि आज हेमंत सरकार द्वारा कई वाहनों को वाहन चेकिंग के नाम पर रोक कर चलन के नाम पर मोटी रकम की वसूली किया जाता है। जो सरकार द्वारा गरीबों से लूटा जा रहा है। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, कार्यक्रम का संचालक कर रहे हैं ईग्नाश्यिुश बड़ा, संध्याकर विश्वकर्मा, नरेश पासवान, राजी मुखिया पति संतोष सिंह, सिसरी मुखिया पति उदय अलबेला, रामखेलावन पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल श्रद्धांजली सभा का आयोजन शहीद दरोगा को दी श्रद्धांजलि



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा बिश्रामपुर नगर मंडल द्वारा नप मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया.सभा में तोलरा गांव के शहीद दरोगा अमित तिवारी को श्रद्धांजली अर्पित किया गया.शहीद आत्मा के शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया.सभा की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन आरएसएस के अमितेश्वर दयाल ने किया.मौके पर मनीष कुमार, देवनरायन सिंह, शिवबंश मिश्रा, गिरधारी शाह, रजनीश चंद्रवंशी, बेबी देवी, शंकर चंदवंशी, श्याम सुन्दर विश्वकर्मा, संजय कुमार ठाकुर जी, रामप्रवेश मौर्या, सुदामा यादव, दिलीप चौधरी, सचितानंद मेहता, सत्यनरायण सोनी, जुगल पासवान, अर्चना चौधरी, संगीता देवी, मीना देवी, मीरा देवी, रेखा देवी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पूर्व जिला परिषद ने सड़क पर धान रोप कर जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के नेउरा की मुख्य सड़क इस समय जर्जर हो चुका है। चैनपुर थाना के आगे से लेकर नेउरा मोड़ तक जगह जगह रोड पर बड़ा-बड़ा गड्ढा हो चुका है देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि सड़क पर गड्ढा नहीं गड्ढे में सड़क है यह सड़क छत्तीसगढ़ राज्य को भी जोड़ता है।प्रतिदिन इस सड़क से होकर हजारों हजार छोटी एवं बड़ी गाड़ियां होकर गुजरती है सड़क खराब होने के कारण कई बार सड़क दुर्घटना हो चुका है। जबकि प्रखंड कार्यालय भी लोग इसी सड़क से होकर जाते हैं प्रखंड की दूरी 0.5 कि.मी से भी काम है लगभग सभी स्कूल की बसें, अभिभावक एवं स्कूल के बच्चे इसी सड़क से होकर प्रतिदिन गुजरते हैं सड़क पर वर्षा के पानी गड्ढे में भर जाने के बाद छोटी एवं दोपहिया वाहन को सड़क पार करने में बहुत कठिनाइयां होती है। खराब सड़क का मुख्य कारण हाइवा ट्रक में क्षमता से अधिक माल ढुलाई है प्रतिदिन 1000 से अधिक हाईवे का परिचालन किया जाता है जिस सड़क की क्षमता 15 टन की है वहां 40 से 50 टन माल भरकर हाईवा ट्रक में माल ढुलाई किया जाता है। पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार सैलू ने खराब सड़क का विरोध जताते हुए कहा कि हमारे सांसद एवं विधायक हमेशा इसी सड़क से होकर क्षेत्र भ्रमण के लिए आते एवं जाते हैं। लेकिन उनका ध्यान इस पर कभी नहीं गया उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को इस पर कार्रवाई करने की जगह संरक्षण दिया जाता है जबकि सभी हाईवे ट्रक चैनपुर थाना,चैनपुर प्रखंड कार्यालय एवं वन विभाग के चेक पोस्ट से होकर गुजरती है उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया है कि अभिलंब सड़क का मरम्मत किया जाए एवं हाईवे ट्रक का मार्ग बदलकर दूसरा मार्ग किया जाए ताकि सड़क की स्थिति अच्छी बनी रहे।

# उपायुक्त के निर्देश पर जनता दरबार का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर के निर्देश पर आज निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन द्वारा समाहरणालय के सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं समस्याओं के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। आज के जनता दरबार में पेंशन, आवास, राशनकार्ड, राशन वितरण, जमीन विवाद, जमीन सीमांकन, अतिक्रमण समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।सर्वप्रथम भवनाथपुर प्रखंड के चपरी गांव निवासी दया देवी, पति संतोष कुमार साह ने हरा राशन कार्ड निर्माण हेतु आवेदन दिया, मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। मेराल प्रखंड के स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि नव प्राथमिक विद्यालय गांधीनगर बसरिया में कार्यरत सहायक शिक्षक द्वारा ससमय विद्यालय न आने एवं मनमाने ढंग से विद्यालय के संचालन के संबंध में आवेदन दिया, मामले में जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया गया। चिनिया प्रखंड के डोल निवासी राजमणि कुंवर ने आवेदन पत्र समर्पित करते हुए बताया कि उनके निजी भूमि को सड़क निर्माण में अधिकृत कर लिया गया है, जिसका मुआवजा उन्हें नहीं मिला है।साथ ही गांव के ही दबंगों द्वारा शेष जमीन को कब्जा कर लिया गया है, जिसका विरोध करने पर मारपीट एवं गाली-गलौज किया जाता है। उसने दिए गए आवेदन में अनुरोध किया है कि अधिकृत भूमि का उचित मुआवजा दिलाते हुए दबंगों द्वारा कब्जा किए हुए जमीन को मुक्त कराया जाए। इस प्रकार बारी बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों का समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारीयों को आवश्यक कार्रवाई हेतु को निर्देशित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से गोपनीय शाखा प्रभारी विकास कुमार मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय द्वार के समीप स्थित शिव मंदिर के पास सड़क पर खड़े बेरिकेटिंग से टकराकर बाइक चालक हुआ घायल बेहतर इलाज के लिए चिकित्सको ने किया रेफर। खबर के अनुसार बाइक सवार 35 वर्षीय संजीव मिश्रा जो कि सहरसा के रहने वाले है एवं फिलहाल जेटवर्क मैनुफैक्चरिंग प्राइवेट कंपनी में जिला स्टोर इंचार्ज है। उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सीधे सड़क पर खड़ी बेरिकेटिंग से टकरा गया। उपस्थित लीगों द्वारा घायल को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सीएचओ कमल सैनी ने बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया।

## बुजुर्ग कमिटी 2021 का पुर्नगठन



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सेमरा के कुदागा कला में बुजुर्ग कमिटी 2021 का पूर्णगठन किया गया। सर्वसम्मीत से नाजीर मिया को सदर, सेक्रेटरी दरगाही मिया, खजांची नईम अंसारी को चुना हुआ है। इसके बाद दोबारा पूरे गांव के सहमति से 2028 तक बुजुर्ग कमिटी को चुन लिया गया है। इस चुनाव के बाद कमिटी का बहुत काम हुआ है। कमिटी की और से बताया गया कि कुछ कुछ असमाजिक तत्व बिना गांव की सर्वसम्मति से एक कमरे में चुपके से नई मस्जिद का अपने मर्जी से चुनाव कर लिया है, जो सरासर गलत है। इस कमिटी को कोई मान्यता नहीं दी जाएगी। बैठक में क्यूम अंसारी, गुडन अंसारी, शेख मोहम्मद, आलामोहम्मद, तस्लीम राजा, इस्माइल अंसारी, तोसीफ अंसारी, सरफुदीन अंसारी, मो. हासीम, ताजुदीन अंसारी सहित गांव के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# झारखंड की शान हर घर तिरंगा का अलख जगाने वाले समाजसेवी शौकत खान को कमांडेंट ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** सीआरपीएफ 172 बटालियन कैम्प गढ़वा में सीआरपीएफ कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह ने हर घर तिरंगा का अलख जगाने वाले शौकत खान को सेना और शहीदों के सम्मान में समर्पित होकर अनेक उत्कृष्ट कार्यो के लिए उन्हें सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।कमांडेंट एन के सिंह ने शौकत ख़ान को सम्मान पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि शौकत ख़ान का सेवा कार्य सचमुच अनोखा है और सबसे अलग एवं ऐतिहासिक है। इन्होंने सीआरपीएफ जवान शहीद आशिष कुमार तिवारी के नाम पर लगातार कई वर्षो से निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक चलाकर गरीबों की सेवा करते रहै हैं।इनकी सराहना देश भर में होती है। इन्होंने देश के वीर शहीदों के सम्मान में राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह दस वर्षो से आयोजित कर अभी तक दो लाख से अधिक नागरिकों को तिरंगा भेटकर आम नागरिकों को प्रेरित करते रहै है। जो सच में बहुत ही सराहनीय कार्य है।इस अवसर पर शौकत ख़ान ने हर्ष के साथ बताया कि आज का दिन मेरे लिए गौरव भरा दिन है। क्योंकि हमने जहां से प्रेरणा ली और जिस सीआरपीएफ 172 बटालियन कैम्प से हमने सेना और शहीदों के सम्मान अपने जांबाज सीआरपीएफ को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेटकर उन्हें सम्मानित करके घर घर तिरंगा अभियान कि बड़े पैमाने पर शुरुआत की थी। आज उसी पावन धरती पर कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह जी के हाथों सम्मानित होकर ऐसा लग रहा है मानों आज दुनिया की सारी खुशियां मेरी झोली में समा गई है।सम्मान समारोह में सुबेदार मेजर धीरज सिंह सहित सीआरपीएफ के बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

# उपप्रमुख ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी व उप प्रमुख पिंटू टोप्पो ने शुक्रवार को भवनाथपुर ढेकुलिया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख ने विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्था, छात्राओं को नास्ते में दी गई बासी रोटी देख तथा किचन की इर्द गिर्द लगी गंदगी देख विफर पड़ी। उन्होंने विद्यालय के लेखापाल विनय गुप्ता को फटकार लगाते हुए किचन और इसके आस पास लगे गंदगी को अविलंब साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। इस दौरान छात्राओं ने विद्यालय की कमियों को प्रमुख के समक्ष उजागर करते हुए बताया कि रसोईया के रहते हुए भी हम बच्चियों से रोटी बनाने हेतु आटा गुंथवाया जाता है, साथ ही हमलोगो को कभी मेन्यू के हिसाब से विद्यालय में भोजन भी नही मिल रहा है। इस पर प्रमुख ने उपस्थित प्रभारी वार्डेन पूनम कुमारी से जब भोजन में मिलने वाली मेन्यू दिखाने की मांग की तो वह मेन्यू नही दिखा सकी। वहीं रसोईया ने बताया कि बच्चियों को पौष्टिक आहार नही मिल रहा है, पिछले एक वर्ष से चिकेन और मछली भी बंद कर दिया गया है। विद्यालय के किचन और इसके इर्द गिर्द गंदगी की अंबार देख कहा कि इससे अच्छा तो होटल भी साफ रहता है। इस तरह की बदबूदार गंदगी से डायरिया भी फैल सकती है। नास्ते में छात्राओं को मिलने वाली बासी रोटी देख प्रमुख ने कहा कि वार्डेन विद्यालय के बच्चियों की स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दास्त नही किया जा सकता। प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि इस विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिख इस मामले से अवगत कराने के साथ ही शिक्षिकाओं और लेखपाल की वेतन बंद करने संबंधी पत्र लिखा जायेगा।

## ध्यान करते समय प्रभु के अंगो में ही सभी लोगों का ध्यान करना चाहिए : जीयर स्वामी

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री जीयर स्वामी ने कहा कि-सुकदेव जी महाराज ने बताया कि मंगलाचरण का मत लब होता है मंगल करना. जैसे की किसी का विवाह हो रहा हो उसकी भूत, भविष्य, वर्तमान की कामना करना ही मंगलाचरण है. इसके लिए पितरों को गीत गाकर, ऋषियों को, भगवान को, देवताओं को गोहराना ही मंगलाचरण होता है. इसी प्रकार श्री शुकदेवजी ने भी बाद में मंगलाचरण किया कि जो मै कह रहा हूं उससे समाज में परिवार में जो सुनने वाला हो उसका मंगल हो। इसीलिए मंगलाचरण किया जाता है। चाहे भजन के रूप में हो स्तुति के रूप में हो.सुकदेव जी ने परिक्षित को बताया कि जो अच्छे सदाचारी ब्राम्हण हो उसे भगवान का मुख बताया गया है. भगवान के मुख का पूजा करने का मतलब अग्नि का पूजन, रोम का पूजा का मतलब वृक्ष तथा नाड़ी का पूजा से नदियों का, स्वास जो है भगवान का वायु है. भगवान की गति जो है संसार का महायज्ञ का फल मिल गया.भगवान के नेत्र के ध्यान का मतलब अंतरिक्ष का ध्यान कर लिया. उनकी पलकों का ध्यान का मतलब उनकी पलकों का ध्यान करना है. भगवान के पैर के तलवे को ध्यान करते हुए यह मानना चाहिए कि यह पताल लोक है. पैर के अग्र भाग रसातल लोक, दोनो एडी का ध्यान का मतलब महातल का दर्शन, जांघो के ध्यान का मतलब महीतल लोक का दर्शन. दोनो पेंडुली का दर्शन परासर लोक की पूजा, घुटनों का दर्शन सुतल लोक का दर्शन, नाभी का दर्शन करने का मतलब हमने आकाश का, भगवान के वक्षस्थल का पूजा करने का मतलब स्वर्गलोक का दर्शन कर लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### सीसीएल के एवरेस्ट समिट में शामिल होंगे जाने-माने पर्वतारोही

**रांची :** सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेन्टर में रविवार को एवरेस्ट समिट का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद होंगे। सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी विशिष्ट अतिथि होंगे। इसमें एवरेस्ट चोटी पर फतह हासिल करने वाले 15 पर्वतारोही पहली बार एक साथ एक मंच पर उपस्थित होंगे। इनमें जामलिंग तेनजिंग, कर्नल रणवीर जामवाल, प्रेमलता अग्रवाल, प्रियंका मोहिते इत्यादि पर्वतारोही प्रमुख हैं। इस विशेष आयोजन में सभी पर्वतारोही हिमालय के दुर्गम चढ़ाई की प्रेरक स्मृतियों एवं अनुभवों को साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए शास्त्रीय नृत्य ओडिशी एवं म्यूजिक बैंड की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मियों तथा हितधारकों को जीवन की चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। सीसीएल समय-समय पर ख्यातिप्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित कर इस तरह के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे सीसीएल के कर्मियों एवं हितधारकों का बहुआयामी विकास हो ताकि कर्मी अपना शत-प्रतिशत देकर कंपनी को नयी ऊंचाई पर पहुंचाएं।

### झारखंड में नौ माह का बच्चा बर्ड फ्लू से संक्रमित

**रांची:** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स विभाग में शुक्रवार को जांच के दौरान एक बच्चे में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि पीडियाट्रिक विभाग में डॉ. राजीव मिश्रा की यूनिट में एक बच्चे का सैंपल लिया गया है। इसमें बर्ड फ्लू की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। बच्चा रामगढ़ के संदवाडीह का रहने वाला है।

# नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएं राजमहल लोस सीट जिताएं : बाबूलाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की संकल्प यात्रा के दूसरे दिन राजमहल विस को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरण्डी ने हेमंत सरकार को भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई सरकार करार देते हुए कहा कि कांग्रेस, जेएमएम और राजद सभी दल मिलकर झारखंड को खोखला बना दिया है। खुले हाथ लूटने में व्यस्त हैं। प्रधानमंत्री द्वारा भेजे जा रहे पैसों का भी बंदरबाँट हो रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन बरहेट से विधायक हैं किंतु इस जिले की स्थिति बद से बदतर है। उन्होंने कहा कि मोदी ने कोविड के दौरान अनाज भेजा किंतु इसका भी बंदरबाँट हो गया। ग़रीबों के लिए भेजे जा रहे अनाजों की चोरी करने वालों पर करवाई नहीं की जा रही है क्योंकि कमीशन मुख्यमंत्री तक जाता है। पत्थर, बालू, कोयला, लोहा सब दलाल बिचौलिया बेंच रहे हैं। किंतु आदिवासियों को लीज नहीं दिया। उन्होंने आने वाले समय में भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि संकल्प लेना है झारखंड में विकास कार्य करना है, गरीबी, अशिक्षा, विस्थापन को दूर करना है और भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा जब जब भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनी प्रदेश में विकास के कार्य तेज़ी से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि ग़रीबों की चिंता करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री को 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें आपके अधूरे सपनों को पूरा करेंगे। राजमहल सिट जीतकर प्रधानमंत्री के हाथो को मज़बूत करना है। सभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ग़रीबों कि चिंता करते हैं और मुख्यमंत्री परिवार, दलाल, भ्रष्ट अफ़सरों को बचाने की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, दुष्कर्म करने वालों पर करवाई नहीं हो रही है।

क़ानून का पालन करवाने वाले पुलिसकर्मियों को हेमंत सोरेन ने दलाली, वसूली में लगा रखा है।

# झारखंड के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किए जाने की कार्ययोजना तैयार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** राज्यभर के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई की तर्ज पर पढ़ाई शुरू होने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर अब शिक्षकों को प्रशिक्षित किए जाने की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 अगस्त से 13 अक्टूबर तक जेसीईआरटी, रातू रांची में आयोजित होगा। इन शिक्षकों को अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।




**800 शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण**

80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षकों के लिए विभिन्न चरणों में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों को प्रशिक्षण दी जायेगी। इस प्रकार कुल 800 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। कुल पांच बैच में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले बैच को 21-25 अगस्त, दूसरे बैच 11-15 सितम्बर, तीसरे बैच को 18-22 सितम्बर, चौथे बैच को 03-07 अक्टूबर एवं पांचवें बैच को 09-13 अक्टूबर 2023 तक प्रशिक्षण मिलेगा। इस प्रशिक्षण से पूर्व हर स्कूल के दो शिक्षकों को हर्ष जोहार के जरिए प्रशिक्षण मिल चुका है।

**प्रशिक्षण प्राप्त हेडमास्टर कर रहे बच्चों का मार्गदर्शन**

इससे पूर्व 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा कराया जा चुका है। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का दो चरणों में प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। जनवरी में प्रधानाध्यापकों में क्षमतावर्धन के लिए आईआईएम, रांची एवं आईआईएम अहमदाबाद द्वारा 15 प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। अब शिक्षकों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू हो रहा है।

# रजनीकांत से मिली विधायक अंबा प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** साउथ के सुपरस्टार और हिंदी के कई फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुके सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों रांची में है । शुक्रवार को सुपरस्टार रजनीकांत से बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद मुलाकात की।

# एनटीपीसी की बाढ़ सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट यूनिट-2 राष्ट्र को समर्पित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय ऊर्जा, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने आज बिहार के पटना के बाढ़ में बाढ़ सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की 660 मेगावाट यूनिट ष्ट 2 को समर्पित किया। मंत्री ने यूनिट को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए परियोजना में शामिल सभी इंजीनियरों और श्रमिकों सहित टीम एनटीपीसी को बधाई दी। इस अवसर पर बोलते हुए, माननीय मंत्री ने बिहार की 90त्न से अधिक बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एनटीपीसी की सराहना की।बाद में, मंत्री ने परियोजना की इकाई ष्ट2 (660रूङ्ख) के पूरा होने से जुड़े इंजीनियरों और श्रमिकों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, माननीय विधायक, बाढ़ ने भी संबोधित किया।इससे पहले, एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। के श्रीकांत, सीएमडी, पावरग्रिड, दिलीप कुमार पटेल, निदेशक (एचआर), एनटीपीसी, उज्ज्वल कांति भट्टाचार्य, निदेशक (परियोजना), एनटीपीसी, बिहार सरकार, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक अमित महतो की जमानत पर फैसला सुरक्षित

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची :** अपर न्यायायुक्त मो. शहजाद की अदालत में शुक्रवार को जेल में बंद पूर्व विधायक अमित महतो की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। पुलिस की केस डायरी के आधार पर राज्य सरकार के अपर लोक अभियोजक ने अमित महतो को जमानत नहीं देने का आग्रह कोर्ट से किया जबकि अमित महतो के वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने खुद सरेंडर किया है। इसलिए उन्हें बेल दी जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने सहित कई आरोप लगाये गये थे। इस मामले में अमित महतो को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिली थी। इसके बाद 27 जून को अदालत में कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अमित महतो फिलहाल खतियानी झारखंडी पार्टी के नेता है।

# ओबीसी सम्मेलन 20 अगस्त को होगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड ओबीसी आरक्षण मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में धुर्वा, हटिया,हिनू और कर्बला चौक में ओबीसी, अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक समाज के लोगो से मिलकर 20 अगस्त 23 को धुर्वा झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच के तत्वाधान में पुराना विधान- सभागार में आयोजित ओबीसी सम्मेलन में आने का न्यौता दिया गया। बैठक के दौरान कार्यकारी अध्यक्ष आबिद अली ने अल्पसंख्यक समाज के साथियों से कहा की भारी संख्या में कार्यक्रम शामिल होकर उपस्थिति दर्ज करे, क्योंकि आरक्षण सीमा बढ़ाने, जातीय आधारित जनगणना करने ,मदरसा एवं वक्फ बोर्ड बनाने जैसे अन्य सभी विषयों को लेकर आयोजित सम्मेलन में बड़ी रणनीति बनाने पर विचार किया जाएगा।

मंच अध्यक्ष कैलाश यादव ने लोगो से कहा कि लगभग 24 वर्ष होने को हैं ओबीसी का 27 त्न आरक्षण नहीं मिलने के कारण अबतक 20 लाख लोग नौकरी पेशा से वंचित हो गए हैं !

निश्चित तौर पर सम्मेलन के माध्यम से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित कर सरकार पर दबाव बनाया जाएगा एवं जनांदोलन का रूप अख्तियार कर आगामी रणनीति पर निर्णय लिया जाएगा । 20 अगस्त को सम्मेलन में ओबीसी , अल्पसंख्यक एवं एससी समाज के सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं नौजवान साथी ओबीसी आरक्षण मंच का सदस्यता ग्रहण करेंगे ।बैठक में आबिद अली ,बीएल पासवान,मोहन यादव, रामकुमार यादव,रमजान कुरैशी, अरमान, जबीउल्लाह अंसारी,मुफ्ती मोहम्मद अजहर कासमी,सुनील यादव, राजकुमार गुप्ता, गौतम साहू, हरिओम साहू,संतोष सोनी, गुप्तेश्वर राम,सूरज केशरी,मैनेजर राय सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

# प्रधान सचिव वंदना डांडेल ने लाभुकों से की बात

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** कांके प्रखण्ड के गागी पंचायत सचिवालय में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के लाभुकों के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वन्दना दादेल, उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार अवध नारायण प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी शिलवंत भट्ट, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जेएसएलपीएवस डीडी सिंह समेत सखी मण्डल की दीदियां तथा फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के लाभुक तथा जेएसएलपीएस कांके के कर्मी शामिल हुए।प्रधान सचिव वन्दना दादेल ने कार्यक्रम के दौरान लाभुकों से सीधी बातचीत की। लाभुकों ने योजना से जुड़ने से पूर्व और अभी के अपने अपने अनुभव साझा किए। प्रधान सचिव एवं उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने लाभुकों को और लोगों को भी योजना से जोड़ने तथा उनको प्रशिक्षण करवा कर ज्यादा से ज्यादा ऋण उपलब्ध कराकर सम्मानजनक जीवन के लिए प्रेरित करने को कहा। प्रधान सचिव वन्दना दादेल एवं उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने साप्ताहिक बुकरू बाजार में फूलो झानो अभियान के लाभुकों से भी बात की, जो योजना का लाभ पाकर अब सब्जी बेचती हैं। पदाधिकारियों से इन लाभुकों ने भी अपने अनुभव साझा किये।

# सदर अस्पताल में मूक बधिर बच्चों के लिए लगा निशुल्क शिविर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** सदर अस्पताल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत मूक बधिरता निवारण हेतु 0-5 वर्ष के मूक बधिर बच्चों का निशुल्क शिविर लगाकर काक्लियर इम्प्लांट सर्जरी हेतु स्क्रीनिंग किया जायेगा। शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक है।इस शिविर में लगभग 0 से 5 वर्ष तक के तकरीबन 100 बच्चों का स्क्रीनिंग किया जाना है। काक्लियर इम्प्लांट सर्जरी हेतु जातिप्रमाण पत्र, आय प्रमाणपत्र , आवासीय प्रमाणपत्र , बच्चें का जन्म प्रमाणपत्र , 2 फोटो , विकलांगता प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड इत्यादि जरुरी दस्तावेज जमा करना होगा। शिविर की जानकारी देते हुए आरबीएसके के नोडल अधिकारी ने बताया कि मूक बधिर श्रेणी में वह बच्चे आते हैं जो बोलने और सुनने में असमर्थ होते हैं। जिन बच्चों में ऐसी समस्या है वह अपना पंजीकरण सदर अस्पताल रांची के, डीआईसी विभाग में करा सकते है।

### महिला ने की आत्महत्या

**रांची :** मुरहू थाना क्षेत्र के बिचना गांव स्थित एक सुनसान बगीचे से शुक्रवार को फंदे से लटकता एक महिला का शव मिला। शव के समीप ही पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने महिला को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में उसके पति मार्शल सोय होरो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सुसाइड नोट से उसकी पहचान तोरपा थानांतर्गत कोंहड़ा टोली डोड़मा निवासी मार्शल सोय होरो की पत्नी अंशु सोय (23) के रूप में हुई है। सुसाइड नोट के अनुसार मुरहू के बिंदा सुमलुंग निवासी महिला ने कुछ वर्ष पूर्व मार्शल सोय होरो से ढुकू विवाह किया था।

# स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में अबतक 2818 घरों में मिले डेंगू के लार्वा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** इस मौसम में डेंगू से सुरक्षा के लिए सावधानी एवं उपाय किये जाने के संबंध में सभी जिलों को मार्गदर्शिका भेजा गया है। मार्गदर्शिका के अनुसार सभी जिलों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर उन बर्तनों की जांच कर रहे है, जिनमें काफी दिनों से पानी रहने के कारण मच्छर पनपते हैं। साथ ही उस घर में रहने वाले लोगों को इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। वेक्टर जनित रोग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मच्छरों के लार्वा के आकलन के लिए इंटामालाजिकल सर्वे का कार्य एक जुलाई से प्रारंभ किया गया है, जो 30 नवम्बर तक चलेगा। अभी तक 64550 घरों का सर्वे किया जा चुका है, जिसमें 2818 घरों में डेंगू के लार्वा मिले। कुल 158404 जल पात्रों को जांचा गया, जिसमें 3629 जल पात्रों में डेंगू के लार्वा पाए गये। साथ ही मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को नष्ट किये जाने के लिए कीटनाशी का छिड़काव किया जा रहा है। फॉगिंग भी की जा रही है।

# झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन 27 को

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची :** झारखंड प्रदेश तेली समाज का एक दिवसीय अधिवेशन 27 अगस्त को रांची के सहजानंद चौक, हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में होगा। सुबह 11 बजे से आयोजित अधिवेशन में झारखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों का जुटान होगा। इसके अलावा अधिवेशन में नेपाल से तेली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप साहू, प्रतापगढ़ यूपी के सांसद संगम लाल गुप्ता, फिल्म निर्देशक निरंजन भारती की उपस्थिति होगी। यह जानकारी झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साहू ने शुक्रवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में मुख्य रूप से एक समाज श्रेष्ठ समाज का निर्माण पर विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में तेली समाज के लोगों पर अपराधी बेलगाम होकर उनकी हत्या, लूट, जैसी वारदात का अंजाम दे रहे हैं। समाज एकजुट होकर इसके खिलाफ आवाज बुलंद करेगा। तेली जातियों की संख्या जितनी है। झारखंड प्रदेश में उस तरह से समाज के बच्चों को शिक्षा के लिए जागरूक और उन्हें शिक्षित करने की पहल नहीं किया जाना काफी चिंताजनक है। इस पर भी हमलोग अधिवेशन में बातचीत करेंगे। हम सभी दानवीर भामाशाह के वशंज हैं। हमारे खून में ही दान और सेवाभाव है। यही तेली जाति का लक्ष्य रहा है हमारा समाज शुरु से ही जन सेवा के लिए जाना जाता है, इसके बावजूद तेली समाज के लोगों को सरकार के द्वारा रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में उपेक्षित रखा गया। प्रेस वार्ता में झारखंड प्रदेश तेली समाज के संरक्षक रिपु सुदन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश्वर साहु, प्रधान महासचिव प्रकश साहु समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# रांची : झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने फहराया झंडा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रमेश उरांव के द्वारा झारखण्ड पुलिस मेंस एसोसिएशन केंद्रीय कार्यालय में झंडोतोलन किया गया । कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कर्ण सिंह , कोषाध्यक्ष गुलाब चंद्र महतो, संगठन महामंत्री मृत्युंजय कुमार, उपाध्यक्ष देवचन मुंडा, परमेश्वर महतो, सयुंक्त महामंत्री बैभव पाठक,रमेश शर्मा,सहायक महामंत्री सबीलुर रहमान खां, तापेश यादव, लालेश्वर राम एंव सभी पदाधिकारी उपस्थिति रहें।

## पिपरवार कोयलांचल में तेजी से फैल रहा है आई फ्लू

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में आई फ्लू का संक्रमण काफी तेजी से फैल रहा है। महिला पुरुष से लेकर बच्चे आई फ्लू जैसी संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं।जागरूकता के अभाव में यह संक्रमण काफी तेज गति से कोयलांचल क्षेत्र में पांव पसार रहा है।जानकारी के अनुसार आई फ्लू से बचने और इसके प्रसार को रोकने को लेकर चिकित्सकों के द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन का पूरी तरह का पालन नहीं किया जा रहा है।आई फ्लु से ग्रसित लोग बगैर चश्मा के ही बाजारों में देखे जा रहे हैं, जिसके कारण यह संक्रमण काफी तेज गति से फैल रहा है।स्कूलों में भी आई फ्लु से ग्रसित बच्चे देखे जा रहे हैं। इसको लेकर डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा सहित अन्य कई स्कूलो के द्वारा सूचना जारी की गई है जिसमें आई फ्लू से ग्रसित बच्चों को स्कूल नहीं आने की अपील की गई है। वहीं क्षेत्र के डॉक्टरों ने भी आई फ्लू से बचने और इसके रोकथाम को लेकर कई प्रकार की जानकारी दी है। डॉक्टर के अनुसार आई फ्लू से ग्रसित लोगो को काला चश्मा पहने सहित चिकित्सकों से सलाह लेने की अपील की है। डॉक्टर ने कहा कि आई फ्लू से ग्रसित लोग एक दूसरे से संपर्क मे आने से बचे, साथ ही भीड़ भाड़ वाले इलाके में जाने से परहेज करें इससे आई फ्लु जैसे संक्रामक पर काबू पाया जा सकता है।डॉक्टरों ने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से आई फ्लू संक्रमण के रोकथाम को लेकर जारी किए गए गाइडलाइन का पालन करने की अपील की है।

## बूंडू के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में बच्चों के बीच किया गया स्कूल बैग का वितरण

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडू पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के बच्चों के बीच बाग का वितरण किया गया ।इस कार्यक्रम मे बुंडू पंचायत के नवनिर्वाचित पूर्वी पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार के द्वारा सभी बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया ।कार्यक्रम मे स्कूल के कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चों को स्कूल बैग दिया गया ।इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार ने बताया कि पंचायत में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य स्कूली बच्चों के बीच बैग बांटा जा रहा है,इससे बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और बच्चे शिक्षा के प्रति बेहतर प्रदर्शन करेंगे ।उन्होंने सभी बच्चों से बेहतर पढ़ाई के साथ आगे बढ़ने की अपील करते हुए अपने पंचायत और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की ।इस मौके पर स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष मोहन करमाली,स्कूल के प्राचार्य अविनाश कुमार सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थ।

## सीटू ने सीसीएल प्रबंधन से की सदस्यता सूची जांच कराने की मांग

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रमिक संगठन एनसीओईए सीटु के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी ने स्थानीय सीसीएल पिपरवार प्रबंधन से सभी परियोजना में श्रमिको के सदस्यता सूची की जांच करने की मांग की है ।इस संबंध में उन्होंने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि सीसीएल के अशोक परियोजना और पिपरवार परियोजना में कुछ संगठनों के द्वारा मजदूरों का जबरन मेंबरशिप का लिस्ट बनाकर प्रबंधन को सौंपा गया है ।यह बिल्कुल गलत है ।जबरन मेम्बरशिप लिस्ट का सीटू पुर जोर विरोध करती है ।उन्होने कहा कि सीटु के कुछ सदस्यो का मेंबरशिप का लिस्ट प्रबंधन को दे दिया गया है, जिसका सीटु के सदस्यों ने विरोध किया है ।उन्होंने कहा कि सीटू का सदस्यता शुल्क हाथों हाथ काटा जाता है ।उन्होंने कहा कि एक ही मजदूरों का कई यूनियन में नाम डाल दिया गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच में सब पता चल जाएगा।

## ग्राम पंचायत कचहरी की मांग को लेकर खलारी भाजपा ने राष्ट्रपति के नाम का पत्र खलारी सीओ को सौंपा



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा खलारी मंडल द्वारा प्रखंड के सभी गांवों में ग्राम पंचायत कचहरी बनाने की मांग की गई.इसे लेकर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में भाजपा का एक शिष्ट मंडल राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य को सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत कचहरी (ग्राम पंचायत न्यायालय) की स्थापना की मांग की गई है. शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि यह मांग पंचायती राज अधिनियम के धारा 242/244 के प्रावधानों के तहत की गई है. जिससे झारखंड राज्य में ग्राम स्वराज की अभिकल्पना को सार्थक करने तथा ग्राम स्तरीय छोटी छोटी वाद विवाद, लड़ाई झगड़े को ग्राम स्तर पर सुझाया जा सके.उपरोक्त वर्णित प्रावधानों में प्रत्येक पंचायत में पंचायत समिति सदस्य को विवाद को सुलझाने के लिए ग्राम कचहरी लगाने का अधिकार दिया गया है. ग्राम कचहरी में न्याय मित्र (सलाहकार वकील) की नियुक्ति होना सुनिश्चित है जो कानूनी सलाह प्रदान करेगा. ग्राम कचहरी में सरपंच की भूमिका पंचायत समिति सदस्य की होगी. जो पंचों की नियुक्ति करेगा. ग्राम पंचायत कचहरी की स्थापना से ग्रामीण जनता छोटे छोटे मामले को ग्राम स्तर पर ही सुलझा पाएंगे।

## संजय रूंगटा बनाए गए एसीसी उच्च विद्यालय खलारी के विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी के प्रबंधन एवं प्रशासन के लिए गठित प्रबंध समिति के सदस्यों की बैठक सोमवार को हुई. बैठक में सर्वसम्मति से संजय रुंगटा (दानदाता) को अध्यक्ष बनाया गया. झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा एसीसी उच्च विद्यालय खलारी को स्थाई प्रस्वीकृति प्रदान करने के बाद झारखंड अधिविद्य परिषद के आदेशानुसार बैठक किया गया था. बैठक में शिक्षाविद् के रूप में सजीकुमार नायर व शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में विक्रमकुमार पांडेय को चुना गया. विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक आंतरिक प्रबंध कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया. जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को भी सम्मिलित किया गया. विद्यालय के सचिव जामवंत सिंह ने कहा कि इस प्रकार की बैठक समय-समय पर हुआ करेगी ताकि विद्यालय में आने वाली परेशानियों से प्रबंध समिति सदस्य अवगत हो सके और उसका समाधान किया जा सके. बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर के प्रतिनिधि के रूप में अंचल पदाधिकारी, खलारी शिशुपाल आर्य, परिषद प्रतिनिधि सदस्य के रूप में जनता प्लस टू हाई स्कूल खलारी की प्राचार्या पुष्पा प्रसाद, विधायक के प्रतिनिधि के रूप में भरत रजक, सामाजिक कार्यकर्ता बाबी गार्डेन शिक्षाविद के प्रतिनिधि के रूप में, विद्यालय के सचिव जामवंत सिंह व प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वरनाथ तिवारी उपस्थित थे।

प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक, रॉंची।
ई मेल –govt_polytechnic_ranchi@yahoo.co.in
पत्रांकः– रॉंची / दिनांकः– / /2023

पुस्तक आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा–आमंत्रण सूचना

राजकीय पोलिटेकनिक, रॉंची के पुस्तकालय में असैनिक अभियंत्रण, विद्युत अभियंत्रण, यांत्रिक अभियंत्रण, इलेक्ट्रोनिक्स – कम्यूनिकेशन एवं कम्प्यूटर अभियंत्रण के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अनुसार अभियंत्रण एवं गैर अभियंत्रण पुस्तकों का क्रय वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए प्राप्त आवंटन से किया जाना है। संस्थानीय पुस्तकालय में छात्रोपयोगी पुस्तकों के क्रय हेतु सुप्रतिष्ठित पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 06.09.2023. (बुधवार) के संध्या 4:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

परिमाण–विपत्र संस्थान के कार्यालय अवधि में 500=00 रू का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, रॉंची के पदनाम से रॉंची में भुगतेय हो जमाकर कार्यालय से दिनांक 05.09.2023. (मंगलवार) के संध्या 4:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा समर्पित करनेवाले आपूर्तिकर्त्ता को दिनांक 08.09.2023. (शुक्रवार) पूर्वाह्ण 11:30 बजे संस्थान परिसर में आहुत पुस्तक क्रय–समिति की बैठक में उपस्थित होना अपेक्षित है। निविदा के साथ PAN No, Aadhar No, Mob no, email address GST Registration विगत तीन लगातार वर्षों का Income Tax return की स्वःअभिप्रमाणित जमा करना अनिवार्य है।

PR 304981 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(23-24)D

प्राचार्य,
राजकीय पोलिटेकनिक, रॉंची।

# घटना में बाल बाल बचे भगीरथ मांझी ने आपबीती बताया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** कुंआ धंसने से उपरी सतह पर गिरे भगिरथ मांझी ने कहा कि हम करीब दर्जन भर लोग मवेशी को निकाल रहे थे अचानक ऊपर से मिट्टी धंसने से करीब सात आठ लोग गिर गए कितने लोग गिरे है यह अंदाजा नहीं है मैं सबसे ऊपर था लोगों को आवाज लगाई और लोगों से मुझे निकाल लिया लेकिन मेरे पिताजी बहादुर मांझी अंदर दबे रहे। वहीं उन्होंने बताया कि दिन के 2 बजे के आसपास गांव में चर्चा होने लगी की आनंद मांझी का बैल घलटु के कुंआ में गिर गया है। जिससे निकालने के कई लोग कुंआ समीप जमा हुए सहयोग के लिए मैं भी पहुंचा जहां मेरे पिताजी पहले से मौजूद थे। जो एक अन्य के साथ कुंआ में उतर कर नीचे गिरे बैल को रस्सी से बांध दिया। एक व्यक्ति उपर आ गया और मेरे पिताजी कुआं के अंदर से उपर खड़े लोगों से रस्सी खिंचने के लिए कहा। रस्सी खिंचते ही लोग कुछ समझ पाते तब तक कुंआ पुरा धंस गया जिससे हम सभी कुंआ में गिर गये। मैं कुंआ के अंदर उपरी सतह में था।इस घटना को दुर से देख रहे एक सात साल के बच्चा नीरज मांझी ने मेरे घर एवं अन्य लोगों को सुचना दी। खबर सुन कर मेरे बड़े पापा मुचीराम मांझी एवं आशीर्वाद मांझी कुंआ के समीप पहुंच कर अन्य लोगों की मदद से मुझे कुंआ से निकाला।

## तमाड़ में धूमधाम से मां मनसा देवी की पुजा अर्चना की गई

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में सर्पो की देवी मां मनसा की पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मां मनसा के भक्त सुबह से उपवास रखते हैं । दिन भर मां की सेवा में बीत जाती है। और शाम के वक्त तालाब पहुंचकर तालाब में स्नान ध्यान करने के बाद मंत्र उच्चारण के पश्चात जीभ ओर गाल तथा शरीर के अन्य हिस्सों में लोहे के त्रिशूल से वेधकर मां के ऊपर आस्था जताते हैं। बताया जाता है कि यह सब मां मनसा को खुश करने के लिए किया जाता है। आश्चर्य की बात यह है त्रिशूल से जीभ गाल तथा शरीर के अन्य हिस्से में बेधन के बाद भी कहीं से एक बूंद खून नहीं गिरता और न ही शरीर में किसी प्रकार की घाव होती है । प्रत्येक वर्ष 17 अगस्त को यह त्यौहार मनाया जाता था। मगर इस साल अधिमास मलमास होने के कारण 18 अगस्त को मनाया गया । गजब की उत्साह और मां की आस्था के बाद मंत्रोच्चारण के पश्चात जीभ गाल व शरीर के अन्य हिस्सा में बेधा गया त्रिशूल माँ के द्वार पर खोला जाता है। फिर मनसा प्रतिभा में महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। दूसरे दिन सुबह बत्तख की बलि देकर तथा बकरा की बलि देकर मां की विदाई की जाती है। इस दौरान सैकड़ों बत्तख की बलि दी जाती है।

## दो दिवसीय मनी प्राइज फुटबॉल प्रतियोगिता पर सोनू ब्रदर्स खूंटी एक कि बढ़त बनाकर विजयी रही

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 77 वां स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बिरसा मेमोरियल क्लब गोविन्दपुर के सौजन्य से दो दिवसीय मनी प्राइज फूटबॉल खेल का आयोजन किया गया था जिसका फाइनल मैच शुक्रवार को संपन्न हुआ. फाइनल मैच के मुख्य अतिथि झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी खूंटी राहुल केसरी एवं विशिष्ट अतिथि कर्रा झामुमो कार्यकारी अध्यक्ष विनोद उरांव, लापुंग प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव व समाजसेवी सुशील कडूलना उपस्थित रहे. फाइनल मैच सोनू ब्रदर्स खूंटी बनाम् विक्की ब्रदर्स बानो के बीच में खेला गया. जिसमें सोनू ब्रदर्स खूंटी मैदानी खेल में 01 गोल का बढ़ता बनाकर विजय रहा.विजेता सोनू ब्रदर्स खूंटी के टीम को नगद 50,000 का पुरस्कार मुख्य अतिथि राहुल केसरी के द्वारा दिया गया.उपविजेता विक्की ब्रदर्स बानो की टीम को नगद 30,000 नगद पुरस्कार विनोद उरांव के द्वारा दिया गया.तीसरा पुरस्कार संदीप ब्रदर्स की टीम को नगद 7000 और चौथा पुरस्कार एम ए सी खूंटी नगद 7000 दिया गया. टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था को समाप्त करने की भाजपाई साजिश को समझें : बंधु तिर्की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** 18 अगस्त. पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ भी आदिवासियों को अपनी रक्षा के लिए भी हमेशा संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि मणिपुर एवं मध्य प्रदेश में आदिवासियों के ऊपर हुए अत्याचार ने यह प्रमाणित कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी के आसन में न तो लोकतंत्र सुरक्षित है और ना ही आदिवासियों का जीवन और उनकी संस्कृति. कांग्रेस नेता ने आह्वान किया कि सभी आदिवासी और सभी लोग आपस में किसी भी प्रकार के भेदभाव को बुलाकर समरसता, सामंजस्य, एवं उत्साह के साथ एक-दूसरे के प्रति सहयोगात्मक रवैया अपनायें। तिर्की ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए आम लोगों को जागरूक करें और उनकी सहायता करें. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कार्य कर रही गठबंधन सरकार के कारण न केवल राज्य में समन्वित विकास को प्रोत्साहन मिला है बल्कि सकारात्मक वातावरण भी तैयार हुआ है. परन्तु केन्द्र की मोदी सरकार की विभाजनकारी नीति के कारण आम लोगों को खामियाजा उठाना पड़ रहा है। कार्यक्रम में मांडर प्रखण्ड के मंगा उरांव विश्वास उरांव जुवेल तिग्गा होसे उरांव सुशील उरांव सुमित उरांव चिंतामणि उरांव प्रीति उरांव मंगरा उरांव शक्ति बड़ा मेरी उरांव संजय तिग्गा इंदु तिगा शुसील उरांव चमरा उरांव बिनोद उरांव सेरोफीना मिंज सरीता तिग्गा ने भी सभा को संबोधित किया मौके पर सुरेश उरांव पौलुस उरांव लालु तिर्की कलीनदर तिर्की कुंदन तिर्की वृज एक्का बुधनाथ उरांव प्रकाश उरांव बंधना उरांव त्रिवेणी उरांव लक्ष्मण भगत फुलदेव भगत बिरसा उरांव पैक्स टोप्पो बेलस टोप्पो बैजु उरांव रमेश लोहरा सही प्रकाश उरांव गाड़ी उरांव नन्दी उरांव बुधराम उरांव जुनस एक्का लक्षमन उरांव के साथ 19 पंचायत अध्यक्ष एवं भरी संख्या में आदिवासी समाज के प्रभुत व्यक्ति उपस्थित थे।

# सीएसआर योजना से पिपरवार के दो दिव्यांग जनों को मिला के ई साइकिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के अनुशंसा पर दिव्यांग जनों के बीच बैटरी संचालित ई-रिक्शा वितरण कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र के दो दिव्यांग जनो को ई रिक्शा साइकिल प्रदान किया गया।शुक्रवार को सीसीएल के आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में आयोजित ई साइकिल वितरण कार्यक्रम मे भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सीसीएल अधिकारियों ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बटुका निवासी चंदू उरांव की पुत्री दिव्यांग बसंती तिर्की और केमो निवासी दिव्यांग मुन्ना पांडे को ई साइकिल दिया गया।कार्यक्रम के दौरान ई- साइकिल पाकर दोनों दिव्यांग के चेहरे पर खुशी के आंसू छलक उठोई साइकिल पाने वाले दिव्यांग बसंती तिर्की ने कहा कि वर्षो से उपेक्षित दिव्यांग जनों के बीच ई साईकिल उपलब्ध कराने में स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास,सीसीएल अधिकारी और पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष के अथक प्रयास से ही यह संभव हो पायााई साइकिल वितरण कार्यक्रम में पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, विधायक पुत्र पंकज राज, संजय कुमार भोक्ता, सहित दोनों दिव्यांग के माता-पिता इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## रिम्स में भर्ती है जेएमएस माइनिंग प्रा लि का कामगार, सुधि लेने वाला कोई नहीं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत चूरी भूमिगत कोयला खदान की आउटसोर्सिंग कंपनी जेएमएस माइनिंग प्रा0 लि0 के बीमार कामगार अर्जुन उरांव का सुधि लेने वाला कोई नहीं है. अर्जुन उरांव जेएमएस माइनिंग प्रा0 लि0 कंपनी में वेल्डर के पद पर कार्य करता था. करीब दो महीने पहले भूमिगत खदान में काम के दौरान ही उसकी तबियत बिगड़ी और वह बेहोश हो गया था. ठीक होने पर फिर से कंपनी में अपनी सेवा दे रहा था. इस दौरान जहां तहां अपना इलाज भी करा रहा था. इधर दो दिनों पूर्व उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई और उसे रिम्स में भर्ती होना पड़ा. अर्जुन उरांव की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है. इलाज के दौरान उसे आर्थिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है. परंतु बीमार अर्जुन की सुधि न तो जेएमएस माइनिंग प्रा0 लि0 कंपनी और न ही सीसीएल प्रबंधन ले रहा है. इधर खलारी कोयलांचल के मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने जेएमएस माइनिंग कंपनी से मांग किया है कि अर्जुन उरांव के पूरे इलाज का खर्च कंपनी वहन करे तथा जबतक वह ठीक नहीं होता है उसका वेतन जारी रखा जाय।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com • CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: - JUIDCO/NIT/Rehla Bishrampur/UWSS/23/554 Date: 18th Aug, 2023
Tender ID: -2023_UDD_73684_1 PR No.: 302864

Corrigendum- 1

All bidders are hereby informed that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned above for "**Rehla Bishrampur Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance**". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (http://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 304971 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)

GOVT. OF JHARKHAND
WATER RESOURCES DEPARTMENT
Office of the Executive Engineer, Advance Planning Division, Ranchi.
Email:- ee.adv.plan.div.ranchi@gmail.com

Expression of Interest(EOI)

Inviting Expression of interest (EOI) for Provision of catering service in State Data Cum Training Center, Dhurwa, Ranchi (Main Building & Hostel Building) under Executive Engineer, Advance Planning Division, Water Resources Department, Government of Jharkhand , Ranchi.
EOI Reference No. :- 01/2023-24 Dated :- 17.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Provision of catering service in State Data Cum Training Center, Dhurwa, Ranchi (Main Building & Hostel Building) under Executive Engineer, Advance Planning Division, Water Resources Department, Government of Jharkhand, Ranchi. |
| 2. | Cost of Tender document (Rs) | 10,000.00/-(Ten thousand only) |
| 3. | Earnest Money Deposit (Rs) | 1,00,000.00/-(One lakhs only) |
| 4. | Tender Category | Services |
| 5. | Mode of Submission of Tender | Online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 6. | Pre-Bid meeting | Date :– 01.09.2023 |
| 7. | Date of publication of tender on website | Date :– 25.08.2023, Time:- 15:30 hrs |
| 8. | Start date/time for Submission of tender on Website | Date :– 08.09.2023, Time:- 16:00 hrs |
| 9. | Last date/time for Submission of tender on Website | Date :– 15.09.2023, Time:- 17:00 hrs |
| 10. | Technical Bid Opening Date | Date :– 20.09.2023, Time:- 13:00 hrs |
| 11. | Submission of Tender Fee and EMD in hard copy | (Should be submitted within 3 working days from last date of submission of bid exclusively in physical form in sealed envelope) |
| 12. | Officer Inviting Bids | Office of the Executive engineer , Advance planning Division Ranchi |
| 13. | Contact No. of procurement officer | 8986790833/ 9999203853/ 7209896807 |
| 14. | Office received hard copy and Bid Security | Address :- 1.EE, Advance planning division, Ranchi. 2.SE Office, Advance planning circle ,Ranchi. 3.CE Office ,Advance planning Ranchi |

NOTE :- 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Further details can be seen on website:- http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
Advance Planning Division, WRD Ranchi.

PR 304897 Water Resource(23-24)#D

झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 43/2023-24 दिनांक :-

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-SIM-03/2023-24 | कुरडेग | 1 | कीनकेल बेतमा डोडापानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.025 कि०मी०) | 1105.850 | ग्यारह करोड़ पाँच लाख पचासी हजार रू० मात्र | 09 महीना |
| | | कुरडेग | 2 | पी०एम०जी०एस०वाई० फेज–2 से मकरगढ़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.550 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 3 | आर०ई०ओ० मुख्य पथ से बीजरीबारी भाया खुसीयापानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.200 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 4 | आर०ई०ओ० मुख्य पथ से डुमरडीह भाया मतासी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.050 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 5 | कीनकेल केरसाई मालसारा रोड से कोरकोटजोर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.300 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 6 | बेलगढ़ से भनुवरपानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.900 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 7 | खुटीटोला से घोसरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.200 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-SIM-04/2023-24 | ठेठईटांगर | 1 | L041-एन०एच०–23 जोराम से मसनीया भाया सुदापहाड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.950 कि०मी०) | 1229.527 | बारह करोड़ उनतीस लाख बावन हजार सात सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | ठेठईटांगर | 2 | L056-लट्ठाखम्मन रेंगारी पथ से सर्पलता भाया भवरखोल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.910 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 3 | L026-शंख नदी से कोंगसेरा बसारटोली पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.370 कि०मी०) | | | |
| | | बोलबा | 4 | बोलबा पी०डब्लू०डी० पथ से शमशेरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.660 कि०मी०) | | | |
| | | बोलबा | 5 | बोलबा पिरियापोछ मोड़ (बेलकुबा से तलमंगा पथ) से अवगा बाजार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.700 कि०मी०) | | | |
| | | बोलबा | 6 | अवगा से कुन्दुरमुंडा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः–25.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 04.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 05.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (05.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–06.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक / राष्ट्रीयकृत बैंक / अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, सिमडेगा के पक्ष में एवं सिमडेगा में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 304905 Rural Work Department(23-24)D

## कुकड़ू व नीमडीह में दो सड़क को मिली प्रशासनिक स्वीकृति, विधायक ने सीएम का जताया आभार



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सविता महतो के प्रयास से ईचागढ़ के जनता का बहुप्रतिक्षित मांग को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के पीडब्ल्यूडी रोड बांदु निर्मल महतो चौक से बागड़ी लाकड़ी होते हुए डूंगरीपार तक सात किलोमीटर पथ निर्माण कार्य एवं कुकड़ू प्रखंड के पीडब्ल्यूडी पथ से माहलीडीह तक 1.87 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। वही दोनों सड़को को स्वीकृति मिलने पर विधायक ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आभार एवं धन्यवाद जताया है। विधायक ने कहा कि दोनों ही सड़क का जल्द ही टेंडर प्रक्रिया होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

## कवयित्री अंकिता ने चेशायर होम में दिव्यांगों के साथ जन्मदिन मनाकर खुशियां बांटी



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की ख्याति प्राप्त कवयित्री अंकिता सिन्हा ने अपना जन्मदिन सुंदर नगर स्थित चेशायर होम में दिव्यांगों के साथ मना कर खुशियां बांटी। इस दौरान दिव्यांगों के साथ केक कटिंग की और फल वितरण किया। चेशायर होम की प्रभारी डेजी मैडम ने अंकित सिन्हा के लिए दिव्यांगों के साथ प्रार्थना की और आशीर्वाद दिया। चेशायर होम में खुशी पाकर अंकित सिन्हा भाव विभोर हो गई और कहा कि मैं धन्य हो गई इन दिव्यांगों के बीच अपना जन्मदिन मनाकर। यह पहला मौका नहीं था कि अंकिता सिन्हा अपना जन्मदिन पिछले कई वर्षो से चेशायर हम दिव्यांगों के साथ में मनाते आ रही है।

**तुलसी भवन में अंकिता सिन्हा को मिला सम्मान:** वहीं दूसरी तरफ तुलसी भवन के महासचिव प्रसनजीत तिवारी ने अंकिता के जन्मदिन पर सॉल बुके और श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने अंकिता सिन्हा को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि जिस तरह देश में अंकिता सिन्हा अपने शहर और झारखण्ड राज्य का मान सम्मान बढ़ा रही है।

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुस्को स्कूल साउथ पार्क में 77वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्तिपूर्ण उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य और संकाय सदस्यों ने इस अवसर पर देश और उसके स्वतंत्रता सेनानियों को सलाम किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंद्रजीत पॉल, चीफ पेलेट प्लांट और स्कूल प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने ध्वजारोहण किया। मौके पर इंद्रजीत पॉल ने छात्रों को अपने संदेश में स्वतंत्र होने के लिए अशिक्षा और गरीबी की बेड़ियों को तोड़ने की आवश्यकता बताई और उनसे तिरंगे की गरिमा को आगे बढ़ाने के लिए हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के मूल्यों और सिद्धांतों को अपनाने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों द्वारा भाषण, गीत और नृत्य सहित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## सर्पदंश से दो महिला एक पुरुष गंभीर, लोग दहशत में

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्पदंश से पीड़ित तीन मरिजों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया हैं। तीन मरीजों में दो महिला व एक युवक शामिल है। दो लोगों को गुरुवार रात जबकि एक अन्य महिला को शुक्रवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित महिला मुंगली खालको (22) नंदपुर बुड़ाहुड़ी एवं समीर प्रजापति (32) मनोहरपुर का रहने वाला है। घटना के बारे में मुंगली खालको ने बताया कि वह रात एक बजे लघुशंका के लिए घर से बाहर निकल रही थी, तभी घर के भीतर ही एक जहरीले चित्ती सांप ने उसके दाएं पैर में काट लिया।वहीं रात में दुकान बंद करने के दौरान समीर प्रजापति को भी सांप ने डंस लिया। वहीं, शुक्रवार सुबह एक अन्य महिला को खेत में धान रोपाई के दौरान सांप ने उसके दाएं हांथ में काट लिया। 35 वर्षीय महिला नामानी जोजो रायकेरा गांव की रहने वाली है। उसे भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## इंडिका कम्पोजिट द्वारा ऋण नहीं चुकाने पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने लिया संपत्ति का कब्जा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर सी-43, फेज-2, स्थित इंडिका कम्पोजिट प्रा लि पर सरफेसी अधिनियम की उप-धारा (4) के अंतर्गत, धारा 13 के नियम 8 के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा एसएसआई साकची शाखा द्वारा ऋण चुकाने के लिए उचित समय दिये जाने के बावजुद भी उक्त खातेदार द्वारा भुगतान नहीं करने के पश्चात् कारवाई करते हुए उक्त सम्पत्ति को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस बल एवं बैंक के अधिकारी व कर्मचारी की उपस्थिति में भौतिक कब्ज़ा में लिया गया। उक्त जानकारी देते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा एसएसआई साकची शाखा के मुख्य प्रबंधक ने कहा कि खातेदार इंडिका कम्पोजिट प्रा लि के पास बैंक का 2 करोड़ 40 लाख रूपये प्लस अन्य खर्चे बकाया था जिसका समय पर पुनर्भुगतान न करने के कारण उक्त सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया गया।

## कैट देश में एक बड़ा व्यापारी वोट बैंक बनाएगा : सुरेश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश भर के व्यापारियों को व्यापार करने में आ रही दिक़्क़तों, क़ानूनों और अनेक प्रकार के लाइसेंस लेने की बहुतायत, सभी राजनीतिक दलों द्वारा व्यापारियों को अपनी किसी भी प्राथमिकता में नहीं लिए जाने से देश भर के व्यापारी बेहद नाराज़ और आहत हैं और व्यापारियों को लगता है की जब देश में वोट बैंक राजनीति का ही बोलबाला है तो फिर व्यापारियों को भी स्वयं को देश का एक बड़ा वोट बैंक बनना चाहिए ताकि व्यापार से संबंधित केंद्र एवं राज्य सरकारों के नीतियों के निर्णय में व्यापारियों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) आगामी 24-25 अगस्त को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित कर रहा है जिसमें देश के सभी राज्यों के 200 से अधिक शीर्ष व्यापारी नेता शामिल होकर भविष्य की ठोस रणनीति बनायेंगे। कैट के राष्ट्रीय सचिव ने बताया की झारखण्ड के प्रमुख व्यापारी नेता इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भाग लेने 23 अगस्त को दिल्ली से प्रस्थान करेंगे । इस वर्ष पाँच विधानसभाओं के तथा अगले वर्ष लोकसभा चुनावों को देखते हुए कैट ने देश भर के सभी व्यापारी संगठनों के ताने बाने को मज़बूत कर एक बड़े वोट बैंक में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है ताकि देश का व्यापारी वर्ग हर राजनीतिक दल की प्राथमिकता में आये और उसकी और अधिक उपेक्षा न हो । कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थालिया ने कहा की देश के 8 करोड़ से ज़्यादा व्यापारियों एवं 25 करोड़ से ज़्यादा उनके कर्मचारियों को कैट देश के 40 हज़ार से ज़्यादा व्यापारी संगठनों के ज़रिये अब एक बड़ा वोट बैंक बनाने की ठान चुका है जिसके लिए 15 सितंबर से देश भर में एक व्यापार स्वराज् अभियान चलाया जाएगा जिसके अन्तर्गत देश के हर राज्य में कैट के बैनर तले व्यापार स्वराज् यात्रा निकाली जाएगी जो राज्य के सभी प्रमुख शहरों में दौरा कर चुनाव की दृष्टि से सभी व्यापारियों को एकजुट करेगी और मतदान में भाग लेने की अपील करेगी।

# स्वर्णरेखा व खरकई नदी उफान पर तटीय इलाकों में घुसा बाढ़ का पानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है. खरकई नदी का जलस्तर अब खतरे के निशान से ऊपर बहने लगा है. खतरे का निशान खरकई नदी का 129 मीटर है, जिससे ऊपर 129.46 मीटर आदित्यपुर पुल के पास बहने लगा है. करीब 0.46 मीटर ऊपर से नदी बहने लगी है. इस कारण बागबेड़ा, कदमा के डूब क्षेत्रों में एक बार फिर से पानी घुसने लगा है. बाढ़ का पानी घुस रहा है जबकि लगातार हो रही बारिशों के कारण स्लुइस गेट बंद होने के कारण नाले का पानी निचले इलाके में बढ़ चुका है और कई मकानों में घुसने लगा है. इसको लेकर प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे लोग डूब क्षेत्रों को छोड़ दें. इस बीच स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है. मानगो पुल के पास 119.20 मीटर तक नदी का जलस्तर पहुंच चुका है. इसका जलस्तर का खतरनाक लेवल 121.50 मीटर है. प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार ओड़िशा के बैंकवेल और खरकई डैम का एक-एक फाटक खोले गये है जबकि चांडिल डैम से भी 500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिस कारण जलस्तर बढ़ रहा है. पानी का स्तर और बढने की संभावना है.



## नारायण प्रा. आईटीआई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत लूपुंगडीह स्थित नारायण प्राईवेट आईटीआई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने कहा की सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। भारतवासी उन्हें नेता जी के नाम से सम्बोधित करते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्राचार्य जयदीप पांडे, अनुदसेक शांति राम महतो, अनुदसेक पवन कुमार महतो, अनुदेशक देबकृष्ण महतो, अनुदेशक अजय मण्डल , कृष्ण पद महतो, गौरब महतो, निमई मण्डल, आदि मौजूद थे।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने आदित्यपुर, गम्हरिया क्षेत्र के कई दवा दुकानों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** नशा मुक्ति अभियान के सफल संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर जया आइंद द्वारा शुक्रवार को आदित्यपुर और गम्हरिया क्षेत्र के कई दवा दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अभि मेडिकल भाटिया बस्ती, अपोलो फार्मेसी आदित्यपुर, देव साई मेडिकल आदित्यपुर, दरभंगा मेडिकल स्टोर समेत कई दवा दुकानों एवं क्लीनिकों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम मे उन्होंने प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री नहीं करने और आम लोगों को सही व अच्छी दवा मिले यह सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि कई प्रकार की दवाइयों का युवाओं द्वारा नशा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसको ध्यान में रखते हुए चिकित्सक के पर्ची पर ही ऐसी दवाओं की बिक्री की जानी चाहिए।




## खुशवंत की आंखों के ऑपरेशन के लिए जुटे 2 लाख रुपये, भाजपा नेता दिनेश कुमार ने की थी अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोशल मीडिया कई लोगों के लिए रक्षक बन कर उभरा है। सोशल मीडिया की ताकत का एक उदाहरण जमशेदपुर में भी देखने को मिला। जमशेदपुर के बागबेड़ा अंतर्गत हरहरगुट्ठु निवासी आकाश साहू के सात वर्षीय पुत्र खुशवंत साहू के दोनों ही आँखों के ऑपरेशन के लिए डेढ़ लाख से दो लाख रुपये की आवश्यकता थी। वित्तीय कठिनाईयों से जूझ रहे आकाश ने इस आशय में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार से मिलकर अपनी परिस्थिति से अवगत कराते हुए मदद का आग्रह किया था। आकाश साहू की पीड़ा को समझते हुए दिनेश कुमार ने मामले को मुहिम बनाने का प्रयास किया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये क्राउडफंडिंग से लोगों को इस जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आने का निवेदन किया था। दिनेश कुमार ने 13 अगस्त को संदर्भ में अपने फ़ेसबुक पेज सहित ट्विटर, इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सएप पर एक अपील संदेश शेयर करते हुए लोगों से स्वेच्छा से मदद के लिए आगे आने का आग्रह किया था। तीन दिनों के अंदर सात वर्षीय खुशवंत के नेत्र ऑपरेशन के लिए दो लाख रुपये लगभग जुटा लिए गये। सारे पैसे दानदाताओं ने खुशवंत के पिता के बैंक एकाउंट में सीधा ट्रांसफर किया। अभी आकाश अपने पुत्र के साथ चेन्नई के शंकर नेत्रालय में हैं जहाँ डॉक्टर उसके ऑपरेशन करेंगे। इलाज़ के लिए जरूरी राशि जुट जाने से आकाश बेहद खुश हैं। उन्होंने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार के इस आत्मीय प्रयास के लिए कृतज्ञ भाव से आभार जताया है ।



## मानकी मुंडा की समस्याओं को लेकर कोल्हान अधीक्षक से मिले डॉ. गागराई, सौंपा मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** कोल्हान अधीक्षक शाशिन्द्र बड़ाईक को पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव के नेतृत्व में मानकी मुंडा ने एक मांग पत्र सौंपा। मांगपत्र में कहा गया कि ग्राम सभा द्वारा मानकी मुंडा नाम के अनुमोदन के पश्चात भी सरकार की ओर से नियुक्ति पत्र नहीं मिला है। नियुक्ति पत्र नहीं मिलने के कारण इनको मानदेय भी नहीं मिल पा रहा है। इसके बावजूद मानकी, ग्रामीण मुंडा बिना मानदेय के ही अपने कार्य और कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।उन्होंने कहा जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने एवं मुंडा मानकी को सम्मान जनक मानदेय दिया जाय। इस अवसर पर डॉ विजय सिंह गागराई ने कोल्हान अधीक्षक शाशिन्द्र बड़ाईक से मांग किया कि मानकी मुंडा की समस्या को दूर किया जाय।उन्होंने कहा कोल्हान प्रमंडल आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां मानकी मुंडा को उसका हक मिलना चाहिए। इस मौके पर अरूवां ग्राम मुंडा विजय दोराई, रोलाडीह ग्राम मुंडा पोन्डे सामड,लौजोड़ा ग्राम मुंडा मारकुस गागराई, माहुलपानी ग्राम मुंडा बिरसा बांदिया समेत अन्य मानकी मुंडा उपस्थित थे।



## जमशेदपुर के काशिफ रजा सिद्दीकी बने आजाद समाज पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** चन्द्रशेखर आज़ाद (संस्थापक भीम आर्मी), राष्ट्रीय अध्यक्ष आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने अपनी पार्टी की झारखंड कार्यकारिणी की घोषणा की, जमशेदपुर के काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी को झारखंड प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। 17 लोगों की इस कार्यकारिणी में झारखंड के अधिकतर ज़िले से लोगों को शामिल किया गया है। रांची के मधुसूधन कुमार को मुख्य प्रदेश महासचिव, सरायकेला के नवीन मुर्मु को महासचिव, यदुनंदन नायक, तारिणी मांझी, मुमताज़ खान, सिराजुद्दीन खान और रंजीत कुमार को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रभुराम बौद्ध और राम कुमार रवि को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। मीडिया से बात करते हुए, प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद ने उनपर विश्वास कर उनको तो ज़िम्मेदारी दी है उनकी उम्मीदों पर खरा उतारने का प्रयास करूंगा और पार्टी के विचारधारा को घर घर पहुँचाने का काम करेंगे। झारखंड के आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, कामगार, शोषित वंचित समाज को उनका हक और अधिकार दिलाना, उनकी आवाज़ बनना और महिलाओं की सुरक्षा उनकी प्रथिमिकता होगी, उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड को बने 23 साल हो गए है अब तक किसी भी पार्टी ने झारखंड के मूलवासियों के हित में कुछ कुछ नही किया।



## चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने से बनगोड़ा गांव के ग्रामीण में भय का महौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरलडीह :** कुकड़ु प्रखंड के अंतर्गत ओड़िया पंचायत के ग्राम बनगोड़ा में गांव के चारो ओर से पानी ने घेर लिया है, जिसका खबर सुनते ही ओड़िया पंचायत के पंचायत समिति प्रतिनिधि गौरांग दत्ता ने बनगोड़ा गांव पहुंच कर ग्रामीणों से मुलाकात किए एवं बनगौड़ा के ग्राम प्रधान से इस विषम परिस्थिति से निपटने हेतु बातचीत किए। समिति प्रतिनिधि बताते है की गांव में लगभग दस परिवार रहते है और अभी के इस माहौल में काफी डरे हुए है, जलस्तर बड़ता ही जा रहा है। जिससे जलिय विषाक्त जीव, सर्प आदि का खतरा है तथा ज्यादा जल स्तर बड़ने से मिट्टी का घर भी धाराशाही हो जाने का खतरा बना हुआ है। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि ने कहा कि इस परिस्थिति से निपटने के लिए उचित व्यवस्था होना चाहिए।



## लगातार बारिश से चांडिल डैम का पानी गांवो में घुसा, लोगों में दहशत

### बाकसाई, कालीचामदा, मैसड़ा, ईचागढ़ डूब प्रभावित क्षेत्रों में खतरा मंडराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने से विस्थापित गांवों में पानी घूंस गया है। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश से डैम का पानी गांवो के सड़कों व घरों में भी घूंस गया है। जल स्तर बढ़ने से चांडिल डैम का पानी बाकसाई, कालीचामदा, मैसड़ा, ईचागढ़ आदि डुब प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे विस्थापित परिवारों पर खतरा मंडराने लगा है। ईचागढ़ बस्ती के मुख्य सड़क, बाकल तोड़ीया ईचागढ़ सड़क पर डैम का पानी दो तीन फीट जमा हो गया है। दर्जनों घर व मंदिरों में जल प्रवेश कर गया है। ऐसा ही भारी बारिश होता रहे तो दर्जनों विस्थापित गांव जलमग्न हो जाएगा। ज्ञात हो कि बीते वर्ष भी ईचागढ़ बस्ती सहित दर्जनों गांव डैम का पानी से अचानक आधी रात को जलमग्न हो गया था। बताया जा रहा है कि चांडिल डैम का जलस्तर 181 मीटर से अधिक है। हालांकि दो रेडिएल गेट को खोल दिया गया है। रात को अधिक बारिश होने से गांवों में जलमग्न होने का प्रवल संभावना दिख रहा है। अभी भी ईचागढ़ पातकुम सड़क पर ईचागढ़ बस्ती में दो तीन फीट पानी के ऊपर से लोगों को आवाजाही करना पड़ रहा है। वहीं शुक्रवार को अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो व प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो ने ईचागढ़ बस्ती सहित कई जल प्रभावित गांवों का जायजा लिया। वहीं समाजसेवी भूषण चन्द्र मुर्मू ने बताया कि चांडिल डैम का विस्थापित गांवों में पानी घुस रहा है। उन्होंने कहा कि विस्थापितों को 40 वर्ष के बाद भी संपूर्ण मुआवजा, नियोजन, पुनर्वास आदि का लाभ नहीं मिला है।



### चिल्गू-सहरबेड़ा के बीच जर्जर पुलिया को लेकर ग्रामीणों ने एनएचआई सौंपा ज्ञापन

# काम शुरु करो नहीं तो करेंगे आंदोलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** शुक्रवार को आसनबनी व चिल्गू पंचायत के ग्रामनी नेचांडिल थाना क्षेत्र के चिल्गू और सहरबेड़ा के बीच जर्जर पुलिया की अविलंब मरम्मती को लेकर एनएचआई के खिलाफ किया हल्ला बोला। दरसल पुल पुराना होने के कारण से हमेशा दुर्घटना होते रहता है और कइयों की जान भी जा चुका है। बीते एक महीने पहले पुल दुर्घटना ग्रस्त होने के कारण कार्य प्रगति की बोर्ड लगाकर एनएचआई द्वारा रोड को एक साइड पूरी तरह बंद करके रखा है लेकिन एक महीना बीतने के बाद भी आज तक एक दिन भी कोई कार्य नही हुआ है। जिसे सड़क के राहगीरों को एक तरफ से ही दोनों दिशा के वाहन को आवाजाही करना पड़ रहा हैं। जिसके कारण सड़क दुर्घटना की संख्या बढ़ रही है। वही ईचागढ़ समाजसेवी खगेन महतो ने बताया कि अगर एनएचआई के द्वारा पुल की मरम्मती जल्द से जल्द नही करता तो आसनबनी स्थिथ एनएचआई कार्यालय के समक्ष धरना देंगे। साथ ही आंदोलन की चेतावनी दी। वही ग्रामीणों के साथ इसको लेकर एनएचआई के पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर समाज सेवी दिलीप महतो ,ग्राम प्रधान रबिंद्र तंतुबई ,फटिक महतो ,सुरेश प्रमाणिक, महाराज महतो, सुभाष महतो, त्रिलोचन महतो,चन्द्र प्रामाणिक, मनोज महतो, हरी सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



**जर्जर पुल के बदले अब बनेगी नया पुल : एनएचआई**



एनएचएआई के पदाधिकारी चंदन आशीष ने बताया कि पुल बहुत पुराना होने के कारण बार-बार जर्जर हो रही है एवं बार-बार मरम्मत के कार्य करना पड़ता है। जिसको देखते हुये नया पुल निर्माण होने का है, जिसको लेकर प्रक्रिया चल रही है।

### सरकार ने अगस्त माह का कोटा किया शून्य

## जविप्र दुकानदारों ने भी कार्डधारियों को राशन देने से कर रहें इंकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** झारखंड सरकार द्वारा अगस्त माह के राशन आवंटन का कोटा शून्य कर दिए जाने से इस माह कार्डधारकों को जन वितरण प्रणाली की दुकानों से राशन नहीं मिल पाएगा। बताया गया है कि राज्य सरकार ने यह बताकर अगस्त माह का कोटा शून्य कर दिया है कि डीलरों के पास बचे अनाज अगस्त माह में कार्डधारकों को देने के लिए पर्याप्त हैं। वहीं, आवंटन प्राप्त नहीं होने से जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने कार्डधारकों को राशन देने से यह कहकर इंकार कर दिया है कि उनके पास अनाज नहीं है। अब सरकार और जन वितरण प्रणाली के इस द्वंद में जिले के लाखों कार्डधारकों को अगस्त माह के राशन से वंचित रहना पड़ रहा है। पीडीएस दुकानदारों और कार्डधारकों में असमंजस की स्थिति को देखते हुए जनवितरण प्रणाली दुकानदार संघ ने सरकार के इस कदम का विरोध किया है। संघ के प्रदेश सचिव सह कोल्हान प्रभारी फुलकान्त झा ने कहा कि आखिर जब हर महीने सरकार डीलरों के स्टॉक को शून्य कर देती है और हर माह कटौती कर ही अनाज का आवंटन करती है तो डीलरों के पास बचा हुआ अनाज कहां से आया?

# नेशनल कराटे चैंपियनशिप में लातेहार को मिले दो सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल

## चैंपियनशिप से लौटने पर जिला खेल पदाधिकारी ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में पिछले दिनों सम्पन्न 16 वां ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप 2023 प्रतियोगिता में लातेहार के तीन कराटेकारों ने मेडल जीतकर लातेहार जिला का मान बढ़ाया है। यह चैंपियनशिप ऑल इंडिया गोजुरियो कराटे फेडरेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया था। इसमें देश के असम, मेघालय, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ समेत 10 राज्यों के लगभग 350-400 करांटेकारों ने हिस्सा लिया था। इसमें झारखण्ड लातेहार जिला का प्रतिनिधित्व करने के लिए करांटे प्रशिक्षक सेन्साई अरविंद उरांव के नेतृत्व में तीन करांटेकार शिफा यासमीन (पब्लिक स्कूल, लातेहार), जीतू उरांव एवं विभा रानी उरांव (केंद्रीय विद्यालय) जमशेदपुर (टाटा) गए थे। चैंपियनशिप के 6-8 वर्ष आयुवर्ग के काता प्रतियोगिता में शिफा यासमीन ने सिल्वर मेडल जीता है। वहीं, जीतू उरांव ने 24-30 वर्ष के आयुवर्ग के काता प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज तथा 45-50 किलोग्राम श्रेणी के कुमिते चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल तथा विभा रानी उरांव ने 15-17 वर्ष आयुवर्ग के काता एवं 45-50 किलो श्रेणी के कुमिते प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया है। चैंपियनशिप में उपस्थित अतिथियों ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इधर, प्रतियोगिता से लौटने पर सभी करांटेकारों को लातेहार के नवपदस्थापित जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। करांटेकारों की सफलता पर उनके परिजनों समेत जिलेभर के खेलप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है। गौरतलब हो कि इसके पूर्व भी शिफा यासमीन राज्य स्तरीय करांटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर मेडल जीत चुकी है।

## सुरेन्द्र दांगी के घर से अवैध ब्रॉउन शुगर बरामद, पिता पुत्र गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** थाना क्षेत्र के दारियातु गाँव के सुरेंद्र दांगी के घर से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 458 ग्राम ब्रॉउन शुगर बरामद किया है। मामले को लेकर प्रेस वार्ता कर कहा है कि पुलिस अधीक्षक चतरा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम दारियातु में सुरेन्द्र दांगी अपने घर पर अवैध ब्राउन शुगर का खरीद बिक्री के लिए भंडारण किये हुए है। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार के नेतृत्व मे एक छापामारी टीम गठिन किया गया। गठित टीम के द्वारा ग्राम दारियातु थाना सदर जिला चतरा के घर पर छापामारी किया गया। जिसमें चार अलग- अगल पारदर्शी प्लास्टिक से कुल 458 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर सुरेन्द्र दांगी के घर से बरामद किया गया। इस संबंध में 1. रंजीत दांगी 2. सुरेन्द्र दांगी 3. सोनु कुमार दांगी ग्राम दारियातु थाना सदर जिला चतरा के विरूद्ध सदर थाना कार्ड 244/2023 दि0- 18.08.2023 धारा-21/22/27/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। आगे कहा गया है कि जप्त किये गये समानो में 458 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर गिरफ्तार। अभियुक्तों में सुरेन्द्र दांगी पे0 स्व0 देवकी महतो, रंजीत दांगी पे0 सुरेन्द्र दांगी दोनों सा0 दारियातु थाना सदर जिला चतरा के हैं।छापामारी दल में एसडीपीओ अविनाश कुमार, पु0अ0नि0 नईम अंसारी, पुअनि मनोज कुमार पाल, सअनि निर्मल कुमार सिंह एंव थाना सशस्त्र बल शामिल हैं।

## केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन कक्षा-बालवाटिका, 1 से 5 तक पी. टी. 1 परीक्षा तथा उनके शैक्षणिक प्रगति से संबंधित चर्चा हेतु शनिवार को किया जा रहा है। समय सुबह 8:00 बजे से लेकर सुबह 10:00 बजे तक रखा गया है।जहां विधालय की ओर से सभी अभिभावकों से उपस्थित होने का अपील किया गया है। एवं विधालय की ओर से बताया गया कि सभी अभिभावकगण अपने बच्चों के साथ विद्यालय आएंगे तथा शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में भाग लेने के बाद बच्चे को अपने साथ ही घर ले जायेंगे। सभी कक्षाएँ स्थगित रहेंगी। शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी केवल निर्धारित समय सुबह 8:00 बजे से लेकर सुबह 10:00 बजे तक ही होगी। देर से आने वाले अभिभावकों से शिक्षक नहीं मिल पाएंगे निर्धारित समय पर पहुंचने का आग्रह किया है। क्योंकि सुबह 10:30 से 1:40 तक सभी शिक्षकों की ट्रेनिंग होगी।

## बारियातू प्रखण्ड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इन दिनों बारियातू प्रखण्ड क्षेत्र मे जंगली हाथियों ने उत्पात मचा कर गरिब, किसानों को रहना मुश्किल कर दिया है। जंगली हाथियों के उत्पात के इसी क्रम में बीते गुरुवार कि रात्री बारियातू प्रखंड के पंचायत फुलसु अंतर्गत मतकोमा ग्राम में हाथियों की झुंड ने उत्पाद मचाते हुए तीन मजदूर राजु गंझु, पिता बुधन गंझु, ब्रजेश गंझु पिता मुनेश्वर गंझु, व संतोष गंझु पिता साधो गंझु के घर को से पुरी तरह क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज सहित कई घरेलू सामान के अलावा लगे इस पास लगे खेती को भी रौंद कर बर्बाद कर दिया। जिससे तीनों मजदूर को अपने परिवार के साथ बरसात के मौसम मे सर छुपाने का कोई जगह नहीं रहा। तीनों पीडितों से लगभग एक लाख पच्चास हजार रुपये का नुकसान हुआ।

# थाना प्रभारी ने छात्रा-छात्राओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** थाना प्रभारी के द्वारा राजकियकृत+2 उच्च विद्यालय धुरकी में सड़क सुरक्षा, डायन प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसे विषयों पर शुक्रवार को थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने पहुंचकर छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान थाना प्रभारी ने छात्र छात्राओं को बताया कि हमेशा याद रखना चाहिए की डायन बिसाही कोई चीज नहीं है, यह एक अंधविश्वास है, इसे हमेशा दूर रहने की कोशिश करना चाहिए न कि इसे बढ़ावा देना चाहिए। इस पर भरोसा करने वाले अंधविश्वास को बढ़ावा देते हैं, जो कानूनी अपराध है। वहीं थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि जिंदगी अनमोल है। सड़क पर चलते समय या बाइक चलाते समय हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए। बाइक चलाने वाले छात्र ध्यान रखें, कि हम ओवरटेक करके किसी से कंपटीशन ना करें वही ट्रैफिक नियम को पालन करना अपनी आदत में डालें। जिससे आपकी जहां अनुशासित होने का परिचय देंगे, वही नियम के विरुद्ध वाहन चलाने पर आप दंडित होने से बच भी सकते हैं। वही समाज को हमेशा नशा मुक्ति से दूर रहने को लेकर अपने अपने घरों में इसकी जागरूकता लाने की जरूरत है, उन्हो ने कहा दहेज प्रथा एक कुप्रथा है। जिसे दूर करने में हम सभी समाज एवं धर्म के लोग को मिलकर सभी को जागरूक करना होगा। इस दौरान विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं सहित शिक्षक गण उपस्थित थे।

# आगामी 16 को गणिनाथ गोविंद जी की जयंती समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शुक्रवार को अखिल भारतीय मध्य देशीय हलवाई समाज के बरवाडीह इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष आनंद प्रसाद उर्फ नंदू की अध्यक्षता में महेंद्र प्रसाद के आवास पर हुई। इस दौरान बाबा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती मनाने पर चर्चा की गयी। जिसमें तय किया गया कि गणिनाथ गोविंद जी की जयंती आगामी 16 सितंबर प्रखंड मुख्यालय स्थित रेलवे क्लब परिसर में मनायी जायेगी। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:00 बजे से पूजा अर्चना, झंडोत्तोलन, प्रसाद वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अजीत कुमार को अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष संजय कुमार संजू को सचिव सिद्धनाथ प्रसाद को कोषाध्यक्ष रामनाथ प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सक्रिय सदस्य में महेंद्र प्रसाद,संतोष प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद ,रविंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद, रामनाथ प्रसाद छोटू कुमार मनोज कुमार शामिल रहेंगे।

## अंजन धाम समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने मुकेश कुमार सिंह पप्पू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आंजन धाम समिति के नए अध्यक्ष का चयन आज दिनांक 18 अगस्त 2023 को अंजन धाम समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित दिवाकर पाठक जी कमेटी को भंग कर नई कमेटी बनाने का प्रस्ताव रखा गया जिसमें सर्वसम्मति से मुकेश कुमार सिंह पप्पू को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। इसमें बधाई देने वाले शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बधाई देने वालों में से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर पाठक, ओमप्रकाश सिंह, प्रवीण सिंह,अर्जुन मुंडा, सुदर्शन भगत, समीर उरांव, मोहन दुबे, सुखदेव भगत, संजय सिंह, दिनेश पांडे, आनंद पांडे, किशोर साहू, बाबूलाल मरांडी, मनीर उरांव, मिसिर कुजूर, अनूप चंद्र अधिकारी, बिंदेश्वर उरांव, निश्चय वर्मा, अवधेश पाठक, अभय महतो, अनिल गुप्ता, राजीव रंजन, बिहारी प्रसाद, राजेंद्र खत्री, रोहित साहू, अजय सोनी, ओम महतो, उदय महतो, उमेश कांस्यकार, मदन मोहन पाठक एवं समस्त प्रदेश वासियों ने वासियों ने बधाई दी।

## सीसीएल के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** कसियाडीह पंचायत भवन में शुक्रवार को सीसीएल सीएसआर के तहत स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री ए के सिंह के निर्देशानुसार आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के प्रभावित गाँव कसियाडीह के पंचायत भवन में सीसीएल सीएसआर के तहत के एक स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 170 ग्रामीणो का स्वास्थ जांच कर निशुल्क दवाइयो का वितरण किया गया द्व इस शिविर में आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर प्रभा कुमारी तथा सुरयानशु मुखर्जी द्वारा ग्रामीणों के बीच चिकित्सीय जांच कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गाया। इस मौके पर पोकला-उर्फ-कसियाडीह के मुखिया प्रतिनिधि श्गोपाल महतो, पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## निलेश गुप्ता ने रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला भाग एकल अभियान के सचिव निलेश गुप्ता ने मानवता का परिचय देते हुए एक मरीज को रक्तदान किया,जोकि काफी सराहनीय है। लोहरदगा भाग के संरक्षक दीपक सर्राफ एवं अध्यक्ष नवल किशोर अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है रक्तदान करने से किसी की जान बच सकती है,और इससे अपने शरीर में एक नई ऊर्जा आती है लोगों को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा की जल्द ही एकल अभियान के द्वारा रक्तदान को लेकर एक जागरूकता अभियान भी चलाएगी। निलेश गुप्ता को शुभकामनाएं देने वालों में नवल किशोर अग्रवाल, दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, किशोर बंका, धनंजय अग्रवाल, नितिन कुमार सिंह, विवेक राज, जितवाहन बड़ाईक, गोरख पांडे, सत्येंद्र ठाकुर, रंजीत यादव, जय प्रकाश शर्मा, राधे उरांव आदि शामिल है।

## जहरीला पदार्थ का सेवन कर महिला ने की आत्महत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खजुराही निवासी संतोष भुइयां की पत्नी संगीता देवी उम्र 25 वर्ष जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम संतोष भुइयां और उसकी पत्नी संगीता देवी के बीच कुछ बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के बाद संगीता अपने घर का दरवाजा बंद कर जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान महिला संगीता देवी की मौत हो गई। इस घटना के बाद से पुलिस आत्महत्या से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वर्ष 2023-24 अंतर्गत आज गुरूवार को समाहरणालय सभागार में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में बकरा विकास योजना,सूकर विकास योजना,बैकयार्ड लेयर कुक्कुट पालन,ब्रॉयलर कुक्कुट पालन, बत्तख चूजा वितरण योजना और जोड़ा बैल योजना में जिला को प्राप्त कुल लक्ष्य 2155 को प्रखण्डवार लक्ष्य वितरण हेतु प्रस्ताव पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से इसे अनुमोदित किया गया। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि लक्ष्य के अनुसार लोगों से आवेदन प्राप्त करना/सृजन करना प्रारंभ करें। साथ ही, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन को भी इसमें शामिल करना सुनिश्चित करें। आज की बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी व प्रखण्डों के पशुपालन पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ए. सी. डी. बिल्डकॉन जलडेगा की ओर से ग्राहक मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा हाई स्कूल स्थित सामुदायिक भवन में ए. सी. डी. बिल्डकॉन जलडेगा की ओर से ग्राहक मिलन समारोह अयोजिय किया गया। अल्ट्राटेक के टेक्निकल एक्सिक्यूटिव सुनील कुमार ने ग्राहकों को बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट अपनी गुणवत्ता के कारण पूरे देश मे अग्रणी भूमिका निभा रहा है। देश के दो सबसे बड़े गौरव स्टेचू ऑफ यूनिटी एवं लोकतंत्र का मंदिर संसद भवन का निर्माण अल्ट्राटेक सीमेंट से हुआ है। मौके पर टेक्निकल एक्सपर्ट धीरज कुमार ने राजमिस्त्रियों को ढलाई एवं प्लास्टर में सीमेंट की मात्रा मिलने की सही विधि के बारे में बताया जिससे निर्माण कम समय मे अच्छी गुणवत्ता एवं मजबूत जोड़ का हो। डीलर आकाश साहू नें प्रखण्ड में अल्ट्राटेक के प्रति बढ़ रही विशवास और भरोसे के लिए सभों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीमेंट की ओर से मौजूद लोगों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीमेंट के डीलर आकाश कुमार साहू, अशोक नाग , छोटू अग्रवाल, मो इरफान, राज सिंह, आनंद प्रसाद, राकेश अग्रवाल, कुलदीप, डेविड लुगुन, डोमा प्रधान, सहित कई राजमिस्त्रियों, भेंडर एवं गणमान्य लोग उपस्थिति रहे।

# युवाओं में देश, धर्म और संस्कार के प्रति प्यार होगा तो देश अपने आप उन्नति करेगा, बृजकिशोर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा लोकसभा के पांकी विधानसभा अंतर्गत कुंदरी ग्राम से बाबा धाम यात्रा के लिए जाने वाले बड़ी संख्या में युवा व महिलाओं को चतरा जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी ने अंगवस्त्र व माला पहनाकर यात्रियों को सम्मानित किया।शिवभक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि कावड़ यात्रा सनातन धर्म की प्रतीक है।आज युवाओं में धर्म के प्रति आस्था बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब युवाओं में देश के प्रति धर्म के प्रति और संस्कारों के प्रति प्यार होगा तो देश अपने आप उन्नति करेगा। पूजा-पाठ करते समय हमें भगवान के सामने किसी तरह की शर्त नहीं रखनी चाहिए। निस्वार्थ भाव से की गई पूजा ही श्रेष्ठ मानी जाती है। जीवन में जो भी कुछ मिल रहा है, उसे भगवान का आशीर्वाद मानकर स्वीकार करना चाहिए और संतुष्ट रहना चाहिए।यही जीवन में सुख और शांति बनाए रखने का मूल मंत्र है।वहीं सभी शिवभक्तों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तिवारी को गांव पहुंचते ही भव्य स्वागत किया गया।बिरजू तिवारी जिंदाबाद की नारों से पूरा गांव गूंज उठा। तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर कावड़ यात्रियों को रवाना किया। उक्त अवसर पर विनोद राम, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता शलेंद्र विश्वकर्मा, प्रदीप शुक्ला, बसंत कुमार, प्रेम सागर माली, दिलीप साहू, राजकिशोर साहू, पप्पू शर्मा, वीरेंद्र साहू, ईश्वर राम, सीमा देवी, रूबी देवी समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जय श्रीराम महिला समिति द्वारा सावन उत्सव दुर्गाबाड़ी परिसर में धूमधाम से मनाया गया



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम महिला समिति के द्वारा सावन उत्सव पावरगंज स्थित दुर्गाबाड़ी परिसर में धूमधाम से मनाया गया आयोजित उत्सव में चार प्रकार की प्रतियोगिता रखी गई जिसमें कई प्रतिभागी भाग लिया द्य प्रतियोगिता की शुरुआत चेयर रेस से शुरू हुई जिसमें प्रथम स्थान ज्योति वर्मा द्वितीय स्थान अंजलि अग्रवाल तृतीय स्थान भारती देवी को मिला द्य रैंप ड्रेस कंपटीशन में पहला स्थान भारती देवी द्वितीय स्थान रीमा कुमारी तृतीय स्थान संगीता देवी एवं चतुर्थ स्थान संतोषी देवी को मिला मेहंदी प्रतियोगिता में पहला स्थान संतोष देवी द्वितीय स्थान रीमा कुमारी तृतीय स्थान गोल्डी कुमारी एवं संतावना पुरस्कार पूर्णिमा देवी ज्योति देवी भारती देवी संगीता देवी गौरी देवी मालती देवी दीप्ति कुमारी नेहा देवी गोल्डी कुमारी रीमा कुमारी संतोषी देवी को देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, बेली दीदी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेता के आवास पर मां मनसा की पूजा पूरे विधि विधान से किया गया

**रामगढ़ :** भाजपा नेता ऋषिकेश सिंह के आवास पर मां मनसा की पूजा पूरे विधि विधान मंत्र कर के साथ संक्रांति तिथि में किया गया ऋषिकेश सिंह ने बताया मां मनसा की पूजा सैकड़ो वर्षों से पूरे विधि विधान के साथ पूजा किया जाता है प्रत्येक वर्ष पूरे परिवार के साथ जगत कल्याण हेतु मां मनसा से प्रार्थना कर सभी मानव जगत में सद्भावना बनी रहे विश्व का कल्याण हो आरती संपन्न किया गया । पुजारी पुजारी प्रवीण चक्रवर्ती प्रवीण चक्रवर्ती परिवार उपासक आशा देवी,संजू देवी सकुंतला देवी चंद्रशेखर सिंह,अविनाश सिंह ,नित्यानंद सिंह मनमोहन सिंह, परमानंद सिंह ,सूरज सिंह ,विजयालक्ष्मी ,ज्योति कुमारी ,साक्षी कुमारी ,सोनाक्षी कुमारी, सदस्य गण उपस्थित थे।

### रैयतों ने दखल दिहानी दिलाने के लिए आवेदन दिया

**रामगढ़ :** रामगढ़ के ग्राम मरार के रैयत आवेदकों द्वारा दखल देहानी दिलाने के लिए दी गई आवेदन के आलोक में उपायुक्त-सह- जिला दंडाधिकारी का न्यायालय रामगढ़ भू-वापसी वाद संख्या-33/2018 प्रवीण जैन वगै0 बनाम दिनेश बेदिया वगै0 एवं राज्य द्वारा दिनांक-13.06.2023 को पारित आदेश के आलोक में मौजा-मरार के खाता संख्या-36,प्लॉट संख्या-1009, कुल रकवा-1.49 एकड़ भूमि पर दखल देहानी दिलाने के लिए दिनांक-10 अगस्त 2023 को धरना रामगढ़ में दिया गया। उपायुक्त-सह- जिला दंडाधिकारी का न्यायालय रामगढ़ भू-वापसी वाद संख्या-33/2018 प्रवीण जैन वगै0 बनाम दिनेश बेदिया वगै0 एवं राज्य द्वारा दिनांक-13.06.2023 को पारित आदेश के आलोक में मौजा-मरार के खाता संख्या-36,प्लॉट संख्या-1009, कुल रकवा-1.49 एकड़ भूमि पर दखल देहानी दिलाने के लिए आवेदन किया गया था लेकिन अंचलाधिकारी दखल दिहानी कराने से भाग रहे हैं।

### कटकमदाग प्रमुख की अनुशंसा पर कुसुम्भा एवं बांका में दो पीसीसी पथो के निर्माण को मिली हरी झंडी

**हजारीबाग :** एनटीपीसी परियोजना प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद पर कटकमदाग प्रखंड के दर्जनों मुख्य मार्ग आज भी जर्जर हैं। प्रखंड के ग्राम बांका एवं कुसुंभा दो मुख्य मार्ग के निर्माण के लिए ग्रामीणों द्वारा जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने एवं ग्राम सभा में आवाज उठाने के बावजूद स्थिति जस की तस है। इसी क्रम में सबिता देवी पंचायत समिति सदस्या कुसुंभा के द्वारा प्रखंड प्रमुख विनीता कुमारी से इन सड़कों के निर्माण का अनुरोध किया था। इस बाबत प्रखंड प्रमुख ने उपायुक्त को अपनी अनुशंसा प्रेषित किया।

इन पथो में बांका के मोहडरिया से तापेश्वर प्रजापति के घर से डहवा तक एवं करबला तक तथा दूसरा कुसुम्भा के मुख्य मार्ग हरी गोप के घर से गणेश गोप के घर तक है।प्रमुख ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द हीं इन पथो का निर्माण शुरू हो जाएगा।

### हेसला में मां मनसा की पूजा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनी

**सिरका :** हेसला के बेदिया टोला में बीते रात्रि गुरुवार को मां मनसा की पूजा भक्तों द्वारा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अवसर पर भक्त बसंत बेदिया के द्वारा अपने आवास में पारंपरिक विधि विधान से पूजन पाठन किया गया। मां मनसा को प्रसन्न करने के लिए फल, फूल, मिष्ठान, दूध, खोई, पेड़ा का भोग लगाया गया। साथ ही 21 बत्तखों की बलि दी गई। सभी ग्रामीण महिला, पुरुष, भक्तों ने गांव में अच्छी खेती, खुशहाली, हरियाली और रक्षा का वरदान माता से मांगा। मौके पर गंगा बेदिया, प्रभात बेदिया, शंकर आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान बैंकों की वार्षिक ऋण योजना एवं क्रेडिट लिंकेज कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन बैंकों द्वारा किए गए कार्यों को संतोषजनक नहीं पाया उनके बैंक प्रबंधकों/ प्रतिनिधियों को 15 दिनों के अंदर कार्यों में सुधार लाने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र में ऋण उपलब्ध कराने हेतु जिन बैंकों की उपलब्धि 40त्न से कम है उन बैंकों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश अग्रणी जिला प्रबंधक को दिया। वही बैंकों के सीडी अनुपात में सुधार को लेकर उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश बैंक प्रबंधकों को दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने डीपीएम जेएसएलपीएस को ज्यादा से ज्यादा स्वयं सहायता समूह को मुद्रा लोन दिलाने हेतु ऑनलाइन आवेदन कराने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने बैंक प्रबंधकों व प्रतिनिधियों को कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन सहित अन्य क्षेत्रों से जुड़े लाभुकों को भी केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे वैसे बच्चों जिनका किसी कारणवश अब तक बैंक में खाता नहीं खुल सका है उन्हें चिन्हित करते हुए जल्द से जल्द सभी बच्चों का खाता बैंक में खोलना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अग्रणी जिला प्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड, विभिन्न बैंकों के प्रबंधकों प्रतिनिधियों सहित अन्य थे।

## जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों व 15 वें वित्त आयोग के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुदर्शन मुर्मू के द्वारा उपयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को 15वें वित्त आयोग के तहत ली गई योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन पंचायतों के मुखियाओं द्वारा विकास कार्यों को लेकर राशि खर्च नहीं की गई है उनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश जिला पंचायती राज पदाधिकारी को दिया वहीं उपायुक्त ने वर्तमान में 15वें वित्त आयोग के तहत चल रही योजनाओं का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## मलकोको में जियारत ए हरीमैन शरीफैन व पैगामे कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम मलकोको के शरजमी पर बीते रात्रि जियारत ए हरीमैन शरीफैन व पैगामे कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें बरैली शरीफ से पीरे तरीकत रहबरे शरीयत मौलाना मुफ्ती इमरान रजा खां, मौलाना फरीदुल, कादरी अमजादी ने अपने तकरीर से आवाम को दिल जीता। वहीं नात खां, साजिद रजा साजिद, हाजी जफर अकिल एवं शोएब अख्तर ने शायरों शायरी से लोगो का दिल जीता। मंच संचालन दानिश इकबाल रजा व सदारत मौलाना गुलाम हैदर रिजवी ने किया। कांफ्रेंस में बतौर मुख्य अथिति के रूप में अल्प संख्यक कल्याण महा समिति अध्यक्ष मो कैयूम, आईएमआईएम के सूरज दास ने भी अपने विचार रखे।

## बेहतर खेल और बेहतर शिक्षा एक दूसरे के पूरक : राजेश महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ने वार्ड नं 26 कैथा में स्कूली बच्चों को फूटबॉल प्रदान करते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा और बेहतर खेल एक दूसरे के पूरक हैं। खेल-कूद से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है और स्वस्थ तन और मन से ज्ञान का बेहतर अर्जन होता है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी सदैव प्रतिभावान खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य को लेकर प्रयासरत रही है। गिरिडीह सांसद आदरणीय चंद्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ विधायक आदरणीय श्रीमति सुनिता चौधरी द्वारा खिलाड़ियों और विद्यार्थियों को हर सभंव सहयोग मिलता रहा है।खेल सामग्री का वितरण करते हुए उन्होंने स्कूली बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर बबलू कुमार सचिन कुमार प्रवीण कुमार अमन कुमार महतो रोशन कुमार अंकुश कुमार कृष्ण कुमार शिवम कुमार शिवम कुमार दो प्रियांशु कुमार सुमित कुमार अजय कुमार देवकांत देव आदि उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस द्वारा ओरिएंटेशन एंड प्लानिंग वर्कशॉप का आयोजन, उपायुक्त हुई शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखण्ड स्टेट लावलीहुड प्रोमोशनल सोसाइटी, हजारीबाग (जेएसएलपीएस) के तत्वाधान में स्टेट लॉन्चिंग कम ओरिएंटेशन एंड प्लानिंग वर्कशॉप (ईएसएआरएएस) का उपायुक्त नैंसी सहाय ने उद्घाटन किया। इस दौरान प्रकाश सिन्हा- बिजनेस हेड एफडीवीआरसी, उशांत कृष्णा- प्रोक्योरमेंट एफडीवीआरसी मौजुद रहे।18 अगस्त को स्थानीय पराडाइस रिसॉर्ट में आयोजित कार्यशाला में उत्तरी छोटानागपुर, पलामू और संथाल परगना प्रमंडल के 18 जिलों ने एसएचजी महिलाओं ने इस कार्यक्रम में अपने द्वारा निर्मित उत्पादों के साथ भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को मंडी/बाज़ार तथा व्यापार करने के लिए उचित मंच प्रदान करना है साथ ही ई सरस जैसे प्लेटफार्म से परिचय कराना है।ई सरस स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए बेहतर ट्रेंडिंग सहायता और ई-कॉमर्स में व्यवसाय हेतू अवसर प्रदान करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अच्छी पहल है। आयोजित कार्यशाला में यह जानकारी दी गई ।

## मां मनसा हमारी फसलों को सुरक्षा प्रदान करती हैं ममता देवी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के दुलमी गांव में मां मनसा पुजा के शुभ अवसर बतौर मुख्य अतिथि पुर्व विधायक ममता देवी विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी के पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो व दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश मां मनसा पूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि ममता देवी ने कहा कि मनसा पूजा वर्षा की आराधना का त्यौहार है पूजा के दौरान सच्चे मन से मान गए हर मुरादें पूर्ण होती है साथ ही मां मनसा हमारे फसलों की सुरक्षा और आशीर्वाद प्रदान करती है उनकी कृपा से हमें सालों भर अनाज प्राप्त होती है साथ ही मां मनसा पूजा धन रोपनी खत्म होने के बाद 17 अगस्त को ही मनाया जाता है। साथ ही ममता देवी ने कहा कि क्षेत्र की कोई भी समस्या हो मुझे बताये उसे समाधान करने का प्रयास करुंगी।

## कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व विधायक के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ से मुलाकात की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक ममता देवी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ से मुलाकात की । प्रतिनिधि मंडल द्वारा रामगढ़ जिले में घटित घटनाओं के बारे में पुलिस अधीक्षक से चर्चा की गई।घटनाओं के बारे में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जितने भी अपराधिक घटनायें जिले में हुई है अधिकतर घटनाओं का उद्भ्भेदन रामगढ़ पुलिस के द्वारा कर ली गई है और घटनाओं में लिप्त लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है घटनाओं में लिप्त जो भी लोग बचे हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की स्पेशल टीम लगी हुई है ।प्रतिनिधिमंडल द्वारा जमीन संबंधी विवादों के निपटारे के लिए पूर्व की व्यवस्था जिसमें थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी के द्वारा संबंधित थाना में सप्ताह में दो दिन शिविर लगाकर विवादों का निपटारा किया जाता था, उसे पुनः शुरू किया जाए। जिस पर पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा बताया गया कि जल्द ही संबंधित विभाग से बात कर यह व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी। पूर्व विधायक ममता देवी द्वारा दुलमी प्रखंड में थाना की स्थापना नहीं होने का कारण प्रखंड के निवासियों को हो रही समस्याओं की और पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया।

## नंदकिशोर के परिजनों से मिला चेंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल इचाक प्रखंड के हादरी ग्राम के नंदकिशोर मेहता के परिवार से मिलकर उनके हालातों की जानकारी ली। ज्ञात हो कि इसी महीने की पहली तारीख को परिवार के मुखिया नंदकिशोर प्रसाद मेहता ने परिवार की आर्थिक स्थिति से टूटकर कुएं में कूद कर अपनी जान दे दी थी ।ठीक उसके 6 दिनों के बाद उनकी कैंसर ग्रस्त पत्नी ने दम तोड़ दिया। तीन नाबालिक बच्चों के सर से माता-पिता का साया उठ गया, इसके अतिरिक्त मृतक की बुजुर्ग एवं विधवा दादी तथा विधवा माता ही इन बच्चों का सहारा है। परिवार जनों से मिलकर चेंबर के पदाधिकारी ने शोक प्रकट करने के साथ ही उन्होंने सरकारी या गैर सरकारी संस्थाओं से कोई सहायता प्राप्त होने की अद्यतन जानकारी ली तथा चेंबर की ओर से तत्काल मृतक की माता कौलेश्वरी देवी को 51सौ रुपए की नगद राशि दी।चेंबर ने उन्हे भविष्य में और भी सहायता का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल मैं चेंबर अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल, सह सचिव अहमद तारीख शामिल थें।

## चरही बिरसा फुटबॉल मैदान में होने वाले खतियानी महा संकल्प सभा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** शुक्रवार को बहेरा पंचायत में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का पंचायत स्तरीय जन जागरूकता अभियान और मुख्य रूप से 1 सितंबर 2023 को चरही बिरसा फुटबॉल मैदान में होने वाले खतियानी संकल्प महासभा को ऐतिहासिक बनाने हेतु संकल्प सभा का आयोजन किया गया, इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड की शेरनी पूजा महतो उपस्थित थी। मंच का संचालन दिनेश्वर महतो ने किया। जिसमें बहेरा पंचायत के सभी टोलो से सैकडों महिला पुरूषों ने भाग लिया। जहां उन्हें खतियानी संकल्प महासभा के बारे तथा अपने हक और अधिकार के बारे विस्तृत जानकारी के साथ टाइगर जयराम महतो की सभा को सफल बनाने तथा उसमें उनके सहयोग पर भी हामी भराया गया। सभी ने आगे बढ़कर सहयोग करने के साथ आगे अपने हक अधिकार, भाषा संस्कृति को बचाने और झारखंड की अस्मिता को लेकर आगे लड़ाई लड़ने व जयराम महतो को 2024 में मुख्यमंत्री बनाने का शपथ लिए।

## स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड में हुआ शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत शुक्रवार को बिचा पंचायत में शिविर के पहले दिन आसपास के क्षेत्रों के चिन्हित 32 कुपोषित बच्चों को तीन समय का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया वही 28 ग्रामीणों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराई गई।स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना को और भी प्रभावी बनाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के मद्देनजर टीम के द्वारा आसपास के घरों का भ्रमण कर लोगों टेलीमेडिसिन सहित सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषताएं।

**विस्तृत कवरेज़**

एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी।

## एनपीपीसीएफ के तहत किया गया एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद के नेतृत्व में मध्यमिक विद्यालय कोठार में एनपीपीसीएफ कार्यक्रम के तहत फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित कैम्प का आयोजन किया गया।कैम्प के दौरान डिस्ट्रिक्ट कन्सल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल के द्वारा कुल 160 बच्चों की जांच की गई एवं मौके पर ही संदिग्ध बच्चों का यूरिन सैम्पल की जांच श्री जितेंद्र कुमार के द्वारा की गई। साथ ही विद्यालय के पानी मे भी फ्लोराइड की जांच की गई। वहीं कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट, [illegible] डॉ0 पल्लवी कौशल के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि फ्लोरोसिस एक लाइलाज बीमारी है जो धीरे-धीरे हड्डियों को खत्म करने की क्षमता रखती हैं एवं बचाव ही इसका इलाज है। इस बीमारी से बचाव सभी को अपने खाने में हरी सब्जी, फल एवं दुध जैसे पदार्थों को शामिल करना चाहिए और काला नमक के उपयोग से परहेज करना चाहिए क्योंकि काला नमक फ्लोरोसिस बीमारी का एक बहुत बड़ा कारण है। साथ ही उन्होंने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति फ्लोरोसिस की निःशुल्क जाँच सदर अस्पताल में करा सकते हैं।शिविर को सफल बनाने में एएनएम मंजू एवं संबंधित क्षेत्र की साहिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कैम्प के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर जानकारी दी गई

1. जंक फ़ूड जैसे चाट-गुपचुप जैसे पदार्थों का कम से कम सेवन करना की सलाह दी गई।
2. अपने आहार में फल, हरी सब्जी, दूध जैसे पदार्थों को नियमित रूप से शामिल करने की सलाह दी गई।
3. काली चाय के सेवन से बचने की सलाह भी दी गई।
4. फ्लोरोसिस के लक्षण दिखने पर सदर अस्पताल आकर निश्शुल्क जांच करवाएं।
5. नल के जल को बोरिंग से ज्यादा प्राथमिकता देने की सलाह दी गई।

## सूर्यकुण्ड धाम कांवरियां संघ का जत्था बैधनाथ धाम पदयात्रा एवं जलाभिषेक के लिए रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा(हजारीबाग):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी से आज सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर बाबा बैधनाथ धाम तक पदयात्रा करनें एवं गंगाजल जलाभिषेक करने के लिए कांवरियों का जत्था रवाना हुआ। जिस पदयात्रा में मुख्य रूप से ब्रह्मदेव पाण्डेय, आदित्य पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, कालेश्वर पाण्डेय, अनुज पाण्डेय, कुलदीप पाण्डेय, सुरेश कुमार पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, बब्लू पाण्डेय, विक्रांत पाण्डेय, भुनेश्वर नायक, उमन नायक आदि लोग जत्था में शामिल हैं।

## कांवरियों का सम्मान करना ही हमारा धर्म है : नीरज मंडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के वार्ड नंबर 3 से एवं अन्य क्षेत्रों से कांवरियों का एक विशाल जत्था करीब 60 कांवरियों का एक साथ बोल बम रामगढ़ से देवघर के लिए आज रवाना हुई द्य बाबा नगरी देवघर जाने से पहले विधायक सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा के निर्देश पर रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, वार्ड नं 3 प्रभारी बिक्की ठाकुर, वार्ड नं 3 अध्यक्ष चंदन ठाकुर इन सभी के द्वारा सभी कांवरियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया द्य इस मौके पर सभी कांवरियों के द्वारा बोल बम के नारों के साथ बाबा नगरिया दूर है जाना जरूर है जैसे जयकारों से पुरा शहर गूंज उठा द्यमौके पर नगर सचिव नीरज मंडल ने कहा कि पवित्र सावन मास में लाखों की संख्या में कांवरिया देवघर जाकर शिव जी पर जल चढ़ाते हैं ओर शिव जी से अपनी मनोकामना पूर्ण हेतु प्रार्थना करते हैं और हमलोगो सौभाग्य है की कांवरियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने का मोका मिला भगवान भोलेनाथ इन सभी की यात्रा को सफल करें ।

## भूली क्वार्टर सिरका में सेवानिवृत कर्मी को 11 वर्षों से नहीं मिल रहा पेंशन, समस्या जान फौजी पहुंचे, दिया आश्वासन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** भूली क्वार्टर सिरका के निवासी पूर्व सीसीएल कामगार खिरवा भुईयां को सेवानिवृत्ति के बाद 11 वर्षो से पेंशन नहीं मिल रहा हैं। इसकी सूचना पर शुक्रवार को कोलियरी मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री रामेश्वर सिंह फौजी पीड़ित कामगार खिरवा भुईयां से मिले। साथ ही जल्द प्रबंधन के अधिकारियों से मिलकर पेंशन चालू करवाने का आश्वासन दिलाया। इसके अलावे यूनियन सदस्यों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता भी की। मजदूर नेता रामेश्वर सिंह फौजी के नेतृत्व में यूनियन सदस्यों ने अरगड्डा एसओपी से मुलाकात कर पीड़ित मजदूर के 2012 सेवानिवृत काल से एरियर का कुल भुगतान समेत पेंशन चालू करने की बातें रखी। इसे ले नेता फौजी ने बताया कि भ्रष्टाचार के कारण पीड़ित कामगार परिवार का मेडिकल कार्ड भी नहीं बना हैं। सेवानिवृत मजदूर की पत्नी ने बताया कि पेंशन चालू करने के नाम पर पचास हजार की मांग की जाती हैं। जबकि पूर्व सीसीएल कर्मी अभाव के कारण लाचार एवं असहाय होकर भीख मांगने पर भी मजबूर हैं। इसके अलावे लकवा रोग से ग्रसित भरी जिंदगी गुजार रहे हैं। मौके पर यूनियन के आरएन सिंह, संजय बक्शी, संजय कुमार, रेखा राय, रामा शंकर राम, एहसान अंसारी, मनोज कुमार, ललन राम आदि उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक सम्पन्न, दिये गये आवश्यक निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की हजारीबाग ज़िला स्तरीय कमिटी की बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम के उद्देश्य से चार स्तरीय नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर मेकानिज्म का गठन किया गया है। सभी संबंधितों को पुरी मुस्तैदी एवं समन्वय के साथ काम करना होगा। उन्होंने समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान कर त्वरित कार्रवाईयां करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्रीय स्तर के कर्मियों की भूमिका सुनिश्चित करने तथा उक्त अधिनियम के बाबात स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों को जागरूक करने का निर्देश अंचलाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया।मौके पर पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने कहा कि मादक पदार्थों की खेती एवं सेवन बहुत ही संवेदनशील एवं गंभीर विषय है। प्राथमिक स्तर पर ही इसके रोकथाम एवं इसमें संलिप्त गिरोहों पर कार्रवाई करना आवश्यक है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## विधायक ने किया विद्यालय के चारदीवारी का शिलान्यास

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड के औंराडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने चारदीवारी के शिलान्यास के लिए विधिवत पूजा कर एवं नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर गोला प्रमुख गीता देवी, समाजसेवी सरिता देवी, मुखिया जीतलाल टुडू, आजसू नेता रणधीर कुमार, प्रभात कुमार, गौतम महतो, प्रदीप महतो, रमेश मुर्मू, गणेश मांझी, बहादुर तांती, भोला मांझी, गंभीर बेदिया, बसंत बेदिया, महालाल टुडू सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।



## हेसला रेलवे लाइन से धड़ कटा शव पुलिस ने किया बरामद

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेसला स्थित बरकाकाना- गोमो डाउन लाइन के पोल संख्या 95/38 के समीप से बीते रात गुरुवार को रामगढ़ पुलिस ने एक व्यक्ति का शरीर से धड़ अलग कटा शव बरामद किया हैं। जिसे कब्जे में कर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ ले गई हैं। इस संबंध में रामगढ़ पुलिस थानेदार रोहित कुमार ने बताया कि हेसला रेलवे लाइन से एक आदमी का शव बरामद किया गया हैं। इस बिंदु पर जांच पड़ताल की जा रही हैं। वही ग्रामीणों ने बताया कि यह व्यक्ति हम लोगों के क्षेत्र का नहीं लगता हैं। मृत व्यक्ति का पहनावा ब्लू चेक शर्ट, ब्लैक पेंट, शरीर दुबला पतला और उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के बीज लग रहा था।

## वित्त वर्ष 24 की मजबूत शुरुआत वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही का जीबीआर 2,371 करोड़ रुपये, अभी तक का सर्वोच्च स्तर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवेल टेक्नोलॉजी प्लैटफॉर्म, EaseMyTrip.com ने पहली तिमाही के शानदार नतीजों की घोषणा के साथ वित्त वर्ष 24 की मजबूत शुरुआत की है। कंपनी ने स्थायी वृद्धि की अपनी उल्लेखनीय यात्रा को जारी रखा है, जैसा कि इसने वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में शानदार 42.6त्न की वार्षिक वृद्धि के साथ 2,371 करोड़ रुपये का अभी तक का उच्चतम तिमाही जीबीआर दर्ज किया। यह तिमाही एक महत्वपूर्ण अवसर भी है, क्योंकि कंपनी ने इसी तिमाही में अपनी 15वीं वर्षगाँठ मनाई। पिछले 15 वर्षों में यह धीरे-धीरे लेकिन लगातार बढ़ते हुए ओटीए उद्योग में अग्रणी कंपनी बन गई है।पूरी तिमाही के दौरान कंपनी ने अपना ध्यान लगातार ग्राहक केन्द्रीयता और रणनैतिक ब्रैंड निर्माण पद्धतियों पर केन्द्रित रखा है। इसने अनेक पहल आरम्भ की जिनसे इसके ग्राहकों को यात्रा के सबसे बढ़िया सौदे प्राप्त हुए। कंपनी की 15वीं वर्षगाँठ के लिए इसके मेगा सेल और अभिनव ब्रैंड बाज़ार से इसे अपने प्लैटफॉर्म पर बड़ी संख?या में ग्राहकों को आकर्षित करने की शक्ति मिली। अपनी विस्तार की रणनीति के अनुरूप, कंपनी ने पहली बार ऑनलाइन फ्रैंचाइज़ी मॉडल अपनाया और सूरत, जयपुर, पटियाला, तथा लुधियाना में नए फ्रैंचाइज़ी स्टोर्स खोलकर अपनी घरेलू मौजूदगी बढ़ाई।

## फ्लिपकार्ट ने जेन ज़ी के लिए नया ऐप-इन-ऐप फैशन डेस्टिनेशन स्पॉइल लॉन्च की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूरे भारत के लाखों खरीदारों के लिए फैशन डेस्टिशन बन चुके फ्लिपकार्ट ने खास तौर पर जेन ज़ी (वर्ष 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए लोग) के लोगों के लिए तैयार किए गए नए ऐप-इन-ऐप फैशन डेस्टिनेशन स्पॉइल लॉन्च करने की घोषणा की है। किफायती और ट्रेंड तय करने वाली स्टाइल पर ध्यान देते हुए वेस्टर्न वियर, ऐक्सेसरीज़ और फुटवियर समेत 40,000 से ज़्यादा प्रोडक्ट इस नए ऑन-ऐप इंटरफेस के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। दुनिया में ऑनलाइन खरीदारों के आधार के मामले में भारत तीसरे नंबर पर है। बेन एंड कंपनी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, तीन में से एक खरीदार जेन ज़ी के हैं और ये खरीदार ऑनलाइन खरीदारी करते हुए ज़्यादातर मामलों में पहली कैटेगरी के तौर पर फैशन को ही चुनते हैं और वह भी शुरुआती कीमतों पर। मैकिंज़ी की एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि जेन ज़ी को भावनाएं व्यक्त करने वाले कपड़े पसंद आते हैं और वे किसी कपड़े में फिट होने के बजाय लोगों से अलग दिखना चाहते हैं और उनकी स्टाइल लगातार बदलती रहती है। जेन ज़ी को इंटरनेट के लिहाज़ से पहली पीढ़ी माना जाता है और जब बात उनकी फैशन से जुड़ी पसंद की आती है तो इस पर कई चीज़ों का असर पड़ता है - जैसे वैश्विक स्तर पर फैशन का परिदृश्य, ओटीटी कॉन्टेंट, उनके पसंदीदा अंतरराष्ट्रीय पॉपस्टार और पॉप कल्चर के इवेंट। इस लॉन्च के बारे में संदीप कर्वा, वाइस प्रेसिडेंट - फ्लिपकार्ट फैशन ने कहा, स्पॉइल के साथ हमारा मिशन जेन ज़ी की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करता है जो उनके आंतरिक आत्मविश्वास को महत्व देते हैं और खुद को अपनी स्टाइल के माध्यम से व्यक्त करते हैं। यह ऐसी पीढ़ी भी है जो बिना किसी पूर्वाग्रह के हर दिन पुराने समय से चली आ रही रुढ़ियों को खत्म करते जा रहे हैं। हमारा मानना है कि हर व्यक्ति को सशक्त महसूस करने और स्टाइलिश बनने का हक है और इस नए लॉन्च का उद्देश्य यही करना है।

## शाओमी इंडिया ने झारखंड में एक नए एमआई स्टोर लॉन्च के साथ अपनी ऑफ़लाइन उपस्थिति को मजबूत किया है

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के सबसे पसंदीदा व भरोसेमंद स्मार्टफोन AIoT ब्रांड, शाओमी इंडिया ने त्योहारों के मौसम से पहले अपने रिटेल नेटवर्क को मजबूत करते हुए बोकारो, झारखंड में नए एमआई स्टोर खोलने की घोषणा की है। ये ऑफ़लाइन स्टोर उपभोक्ताओं को शाओमी इंडिया के प्रीमियम स्मार्टफोन, किफायती स्मार्टफोन और लाइफस्टाइल उत्पादों का गहरा और व्यापक अनुभव प्रदान करेंगे।ये नए एमआई स्टोर रिटेल का अनुभव और ज़्यादा बेहतर बना देंगे। इंटरैक्टिव डेमो और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ इन स्टोर्स पर ग्राहक न केवल शाओमी की नई तकनीकों को अच्छे से समझ पायेंगे, बल्कि खरीदारी का संतोषजनक अनुभव भी पायेंगे।

## नव विवाहिता के पिता ने एसपी को आवेदन देकर हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**कोडरमा :** जिले जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मतौनी गांव में विगत 11 अगस्त को एक कुएं से बरामद नवविवाहित की शव के मामले में शुक्रवार को नवविवाहिता के पिता धीरज विश्वकर्मा नवालशाही थाना क्षेत्र के मंझिला नगर निवासी ने अपने परिजनों के साथ एसपी कुमार गौरव से मिलकर एक आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने अपनी बेटी अंशु कुमारी उम्र 20 वर्ष पति धीरेंद्र राणा की हत्या ससुराल वालों के द्वारा करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। धीरज विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बताया है कि उनकी बेटी के ससुराल वाले बुलेट मोटरसाइकिल और 2 लाख अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार उनकी बेटी को ससुराल में प्रताड़ित करते थे। जिसकी शिकायत उनकी बेटी ने उनसे पहले भी की थी। इस पर धीरज विश्वकर्मा ने गरीबी का हवाला देखकर अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता जताई थी। इसी बीच 10 अगस्त को ससुराल पक्ष के लोगों ने उन्हें सूचना दिया कि अंशु कुमारी अपने ससुराल से फरार हो गई है। सूचना के बाद जब धीरज विश्वकर्मा अपने परिजनों के साथ अंशु की खोजबीन शुरू किया तो 11 अगस्त की सुबह अंशु कुमारी का शव मतौनी में महेश राणा के घर के पास स्थित एक कुएं से बरामद किया गया। धीरज विश्वकर्मा ने बताया कि जिस कुएं से उनकी बेटी का शव मिला है वह पूरी तरह ढका हुआ है। कुआँ के ऊपर एक छोटा सा गेट लगा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर कुएं में डाल दिया।

## टाइल्स लदा टेलर अनियंत्रित होकर पलटा, टेलर पर सवार एक लेबर की मौत, पांच लोग घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव हजारीबाग मुख्य सड़क में सुबह लगभग 5ऱ30 बुढ़ना घाटी में एक टाइल्स लदा 22 चक्का ऋछ्व -19त्नस्न-5413 टेलर गाड़ी तीखी मोड़ में अनियंत्रित होकर पलट गई। वहीं दूसरी ओर से पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना से कोयला लेकर बानादाग जा रही हाइवा गाडी छ्वा-02 क्च्य6864 चपेट में आ गया। जिसमें टेलर गाड़ी की झटके से हाईवा न्युट्रल हो कर पीछे की ओर लगभग 100 मीटर पीछे पहाड़ी से टकरा कर रुकी वहीं हाइवा गाडी का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रमिणों के सहयोग से गंभीर हालत में ड्राइवर को निकाला गया और ईलाज के लिए हजारीबाग हॉस्पिटल भेजा गया। वहीं टेलर गाड़ी में आठ मजदूर चार महिला व चार पुरुष सवार थे जिसमें एक मजदूर तिलेश्वर रजक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी सदर अस्पताल में मौत हो गई। वहीं घटना में हाईवा ड्राइवर समेत दो लोग गंभीर से घायल है एवं तीन लोगों को मामूली चोट आई है। टेलर राजस्थान से हजारीबाग होते हुए केरेडारी जा रहा था।मृतक के परिजन ट्रांसपोर्टिंग गाड़ियों को रोक कर मुआवजे की मांग करने लगे। लगभग 10 घंटे तक कोयला ट्रांसपोर्टिंग बंद रहा जिसके कारण कंपनी को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। कंपनी की गलती नहीं रहने के बावजूद कंपनी ने मानवता दिखलाते हुए मृतक के परिजन को कंपनी के द्वारा 600000 आर्थिक सहयोग देने की बात कही गई।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने अंबा प्रसाद व परिजनों के साथ देवघर में पूजा कर मनाया जन्मदिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने शुक्रवार को जन्मदिवस मनाया। जन्मदिन के अवसर पर पूर्व मंत्री ने पुत्री विधायक अंबा प्रसाद व पुत्र अंकित राज समेत कई लोगों के साथ देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर एवं दुमका के बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना किया। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं विधायक ने क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं उन्नति की मंगल कामना किया। पूर्व मंत्री का जन्मदिन भी देवघर परिषदन में केक काटकर मनाया गया इस दौरान कई क्षेत्र वासी भी देवघर में मौजूद रहे। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों का यही प्यार और स्नेह मुझे दिन दोगुनी रात चौगुनी मेहनत करने को प्रेरित करता है। मेरा पूरा परिवार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए समर्पित है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आज का दिन हमारे परिवार के लिए काफी खास है, कई वर्षों बाद हमने अपने पिताजी का जन्म दिवस मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन सदैव मिलता रहता है। पिता योगेंद्र साव के क्षेत्रवासियों के लिए लगन से प्रेरणा लेकर जन कल्याण के लिए नित्य प्रतिदिन कार्य कर रही हूँ।मौके पर मुख्य रूप से बिंदेश्वर कुमार दांगी उर्फ बिंदु दांगी, अखिलेश प्रसाद नायक, गिरेंद्र महतो, देवेंद्र महतो, ललन मंडल, संजीत साव, रवि साहु, अमर कुमार, लोकेंद्र कुमार, सुखचैन कुमार, राहुल कुमार, नितेश कुमार, शशि कुमार, दीपक कुमार, भगवान महली, कृष्णा उरांव, बलवंत सहित कई लोग मौजूद थे।

## सीएसआर फंड से तैयार बास्केटबॉल कोर्ट का उप विकास आयुक्त ने किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** बास्केटबॉल खिलाड़ियों को उचित माहौल देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बास्केटबॉल कोर्ट मुहैया कराया है। यह बास्केटबॉल कोर्ट त्रिवेणी सैनिक कंपनी के सीएसआर फंड से तैयार किया गया है। उप विकास आयुक्त ने कोर्ट का उद्घाटन कर खेल में रुचि रखने वाले खिलाड़ियों को सौगात दिया। उप विकास आयुक्त ने बॉल को बास्केट में डालकर इसका उद्घाटन किया। इस दौरान कई खेल प्रेमी व खिलाड़ी भी उपस्थित रहे।उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि झील परिसर में बास्केटबॉल कोर्ट बनाया गया है इससे खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा। कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो सुबह मॉर्निंग वॉक में भी आते हैं उन्हें भी खेलने का मौका मिल पाएगा। हजारीबाग खेल के लिए जाना जाता है,धीरे-धीरे जिला प्रशासन यह कोशिश कर रही है कि हर खेल के लिए यहां विशेष सुविधा उपलब्ध हो। इसी उद्देश्य से यह कोर्ट तैयार किया गया है। उन्होंने हजारीबाग वासियों से अपील कि है कि कोर्ट तैयार हो गया है इसका उपयोग करें और इसे संजो कर भी रखें।

## जागरूक होकर ही अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं : अरुण ओझा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चंदवारा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वधान में चंदवारा हाई स्कूल में शुक्रवार को चलंत लोक अदालत सह विद्यीक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राधेश्याम शुक्ला ने किया। जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एलडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। लोग जागरुक होकर ही अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा से ही घर,समाज और देश का सर्वांगीण विकास संभव है। शिक्षा के बिना व्यक्ति न अपने अधिकार को समझ सकता है और ना ही अपने कर्तव्य को। इसलिएकानून की जानकारी हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साधन के अभाव में कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। इसके लिए प्राधिकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और जागरूक होकर उसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है ताकि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक न्याय की किरण पहुंच सके। उन्होंने पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल तस्करी, महिला प्रताड़ना सहित कई कानूनों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्कूल के प्रधानाचार्य राधेश्याम शुक्ला ने कहा कि शिक्षा से ही व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकता है। वही अधिवक्ता ललन चौधरी ने डीएलएसए द्वारा चलाए जा रहे हैं कई कार्यक्रमों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। वही लीगल लिटरेसी के समन्वयक जय प्रकाश पासवान ने भी बच्चों को कई कानूनी पहलुओं की जानकारी दी।धन्यवाद ज्ञापन राकेश शुक्ला ने किया मौके पर शिक्षक धनंजय उपाध्याय, निशी सागर राणा, विजय नंदन यादव एवं छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित थे।


**Government of Jharkhand**
**Civil Surgeon cum CMO, Ramgarh**
Chatarmandu, Ramgarh- 825101, Jharkhand

**NOTICE INVITING FOR RE-TENDER**

**Tender Notice No.: 09 / 2023-24 Date:18.08.2023**

District Health Society,Ramgarh, Jharkhand Invites Tender from eligible bidders for entering into rate contract for MEDICAL EQUIPMENT. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website https://ramgarh.nic.in and Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date.

| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate contract for supply of medical equipment's& Other Essential Items. |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 18.08.2023 |
| 3 | Tender Document Fee (Non-refundable) | Rs. 1,000.00/- (Rs. One Thousand Only) along with the bid documents. |
| 4 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 50,000.00/- (Rs. Fifty Thousand Only) |
| 5 | Last date and time of receipt of Bid (Tender Fee, Earnest Money Deposit (EMD) & Hard Copy of Technical Bid and Financial Bid) | **Date: 01.09.2023; Time: 03:00PM** The bidders may visit the departments concerned and submit their queries/ suggestions to the Civil Surgeon, Ramgarh for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms or specification. |
| 6 | Date and time of opening of Bid | **Date: 02.09.2023 Time: 03:00 PM** |
| 7 | Bid submission Place | Civil Surgeon-Cum-CMO, Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101 |
| 8 | Bid Opening Place | Deputy Commissioner Office, Ramgarh "A" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101 |
| 9 | Contact Details | Email id: csramgarh@yahoo.in |

**Note:** The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

Sd-
**Civil Surgeon-Cum-CMO, Ramgarh**

**PR.NO.304985 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D**



**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीआरएनसी-67 एवं 69-2023, दिनांक 17.08.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यो के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी मूल्य** क्रमशः निम्नलिखित: **(1) डीआरएमईएनजीआरएनसी-67-2023;** एडीईएन/रांची के क्षेत्राधिकार के अधीन मुरी-रांची-टीएसआर (पी)-22.424 टीकिमी एवं रांची-लिंक-बी-टीएसआर(पी)-10.759 टीकिमी। कुल-33.183 टीआर किमी; रु. 4,76,11,103.84;रु. 3,88,100। **(2) डीआरएमईएनजीआरएनसी-69-2023;** लोहरदगा-टोरी में छोटे पुल सं. 173, 177 एवं 187 तथा मुरी-रांची अनुभाग में फ्लैट टॉप छोटे पुल (47 अदद) की बैरल लंबाई के विस्तार के साथ आनुषंगिक कार्य; रु. 8,63,37,692.52; रु. 5,81,700। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** क्रमांक 1 के लिए 06.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तथा क्रमांक 2 के लिए 08.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं, पिन कोड-834003 I**(PR-526)**



**ऊर्जा विभाग झारखण्ड सरकार विद्युत कार्यपालक अभियन्ता विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉची।**
**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/33/2023-24** दिनांक– 18/08/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | रिम्स रॉची के मेन सब स्टेशन में पुराने 250 के0वी0ए0 ट्रॉसफार्मर के स्थान पर नया 750 के0वी0ए0 ट्रॉसफार्मर के बदलीकरण का कार्य। | 15,86,994=00 | 5,000=00 | 32,000=00 | 60 दिन |
| II | रिम्स रॉची स्थित एम0 आर0 आई0 मे 750 के0वी0ए0 ट्रॉसफार्मर केबल सहित के अधिष्ठापन का कार्य। | 25,71,492=00 | 5,000=00 | 52,000=00 | 60 दिन |
| III | रिम्स रॉची के मेन सब स्टेशन में पुराने 315 के0वी0ए0 ट्रॉसफार्मर के स्थान पर नया 750 के0वी0ए0 ट्रॉसफार्मर के बदलीकरण का कार्य। | 16,27,370=00 | 5,000=00 | 33,000=00 | 60 दिन |
| IV | रिम्स, रॉची के प्रोफेसर एवं डॉक्टर कॉलोनी में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 44,63,397=00 | 5,000=00 | 90,000=00 | 60 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 25.08.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 26.08.2023 के 10.30 बजे अपराहन से 02.09.2023 के 2.00 बजे अपराहन तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 04.09.2023 को 3.00 बजे अपराहन में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

PR 304928 Energy(23-24)D

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉची।


## मेरी माटी मेरा देश प्रखण्ड स्तरीय मिट्टी यात्रा सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सतगावां :** प्रखण्ड के बरियारडीह स्थित डेली मार्केट में प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में सभी राजस्व ग्रामों से मिट्टी संग्रह कर कलश में एकत्रित कर बासोडीह बाजार,समलडीह,रामडीह,गांगडीह,चाँदडीह,नासरगंज होते प्रखण्ड परिषर तक कलश यात्रा के रूप में चलकर सभा में तब्दील हुई जहां शिलाफलकम अनावरण,पंच प्रण,वसुधा वन्दन एवं वीरों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, प्रमुख ललिता देवी उप प्रमुख मनोज कु. निराला,20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष विजय सिंह,विधायक प्रतिनिधि धनंजय कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष उत्तम कुमार ने संयुक्त रूप से शहीद संतोष पासवान के पिता देवनंदन पासवान, स्वतंत्रता सेनानी वृजनन्दन के पौत्र विकास कु. सिन्हा, आदि थे ।


**e- Procurement Cell**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI**
**COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT**
**JHARKHAND, RANCHI**

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE (2nd Call)**

**E-Quatation Reference No.-(02)BCD/CIR-2/RANCHI/ BCD DIV-2/2023-24 Date:-17-08-2023**

Sealed Quotations are invited for the work **Annual Operation and Comprehensive Maintenance of 3Nos TR Air Cooled Screw Chillers with Associated equipment like AHUS, Pumps Installed at Trauma Centre, Rims, Ranchi** for all Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, Retailers, Distributors, Timber Merchants and others for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be inclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges Royalty and Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : **21-08-2023** के अपराहन 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : **26-08-2023** के पूर्वाहन 12:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन अपलोडेड का हार्ड कॉपी जमा करने तिथि : **28-08-2023** के पूर्वाहन 3:00 बजे तक।
(4) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय **28-08-2023** अपराहन 3:30 बजे।
(5) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : **ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल सं0–2,रांची, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।**
(6) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 0651-3512691

नोट : **जो कोटेशनदाता ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रॉंची के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्हीं का रेट खोला जायेगा।**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer,**
e- Procurement Cell
Office of the superintending engineer,
Circle No-2, Ranchi
Combined office building,
Building Construction department

PR 304921 (Building Dept Circle - 2) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई ग्रमण्डल, साहेबगंज**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

**e-Tender Reference No- WRD/MID/SAHIBGANJ/F2-03/2023-24**

1. विभाग का नाम : जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, साहेबगंज।
3. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई, दुमका।
4. कार्य का विस्तृत विवरणी – दिनांक– 18.08.2023

| क्रमांक | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | ग्राम दुलुमपुर में केंचुआ नाला पर चेकडैम निर्माण। | बरहरवा | 73.596 | 147500.00 | 10000.00 | 24.08.2023 | 05.09.2023 | 08.09.2023 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, साहेबगंज। | 9771979309 सम्पर्क समय 10:00am to 5:00pm | 12 माह | योग्य श्रेणी |
| 2 | कानाडीह नाला पर चेकडैम निर्माण। | मंडरो | 80.263 | 161000.00 | 10000.00 | | | | | | | |
| 3 | ग्राम मरचों में मरचों नाला पर चेकडैम निर्माण। | बोरियो | 73.868 | 148000.00 | 10000.00 | | | | | | | |
| 4 | ग्राम चापुटोला में चेक डैम निर्माण। | बरहेट | 63.704 | 127500.00 | 10000.00 | | | | | | | |
| 5 | सगुनीबासा में करनी नाला पर चेक डैम निर्माण। | पतना | 62.199 | 124500.00 | 10000.00 | | | | | | | |
| 6 | ग्राम रानीडीह में चेक डैम निर्माण। | मंडरो | 64.387 | 129000.00 | 10000.00 | | | | | | | |
| 7 | ग्राम छुछी में चेक डैम निर्माण। | बरहेट | 63.962 | 128000.00 | 10000.00 | | | | | | | |

नोट :– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जाएगा।
2. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।
3. वेबसाईट में अपलोड किए गए समस्त निविदा अभिलेख अपने मूल प्रति से स्कैन किए हुए होने चाहिए एवं अपलोड किए गए सारे दस्तावेज स्पष्ट रूप से पढ़ने योग्य होना चाहिए। अस्पष्ट दस्तावेज पाये जाने पर आपकी ई0 निविदा अमान्य कर दी जायेगी।
4. दिनांक– **06.09.2023** के **3** बजे अपराह्न तक परिमाण विपत्र का मूल्य, अग्रधन की राशि, विभागीय निबंधन की छाया प्रति एवं बेबसाइट में अपलोड किये गये समस्त निविदा अभिलेख की हार्ड कॉपी के साथ लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज के कार्यालय में जमा लिया जाएगा।
5. विस्तृत जानकारी के लिए वेवसाईट **http//jharkhandtenders.gov.in** पर लॉग ऑन करें।

(ई० मृत्युंजय कुमार देहरी)
कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज

PR 304925 Irrigation(23-24)#D

## निजी फाइनेंस कंपनी के फील्ड अधिकारी लापता

**डुमरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग के विष्णुगढ के आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के शाखा प्रबंधक प्रहलाद रजक ने डुमरी थाना में आवेदन देकर अपने शाखा के फील्ड आधिकारी के लापता होने की बात कही है। आवेदन में लिखा है कि अमन कुमार मंडल पिता संजय कुमार मंडल धनबाद धनसार थाना के मनईटांड लोहरपटी का निवासी है। जो मेरे शाखा में फिल्ड अधिकारी के रुप में कार्यरत है। विगत 16 अगस्त को डुमरी थाना क्षेत्र के जान्दीगिरी से पैसा कलेक्शन करके लौट रहा था इसी क्रम में बीच रास्ते से ही लापता हो गया। आवेदन में लिखा है कि अमन कुमार मंडल के पास काला रंग का हीरो पेशन एक्स टीच मोटरसाइकिल है जिसका नम्बर जेएच 10 सीएन 7271 सैमसंग का ए14 मोबाइल, मोबाइल नम्बर 9006342673 साथ में सैमसंग का एक टेब जिसका आईएमईआई नम्बर 351587325128784 है अमन कुमार मंडल का एम्लॉय आईडी 340099 है साथ में अमन कुमार मंडल के पास फील्ड के कनेक्शन की 84480 रुपये थी। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी जांच चल रहा है।

## सरकारी कुंआ पर पानी पीने पर विवाद मारपीट का आरोप लगाया

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम चोंगाखार के भगत टोला निवासी गोपाल राम पिता मदन राम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक आवेदन देकर गांव के हीं इतवारी यादव एवं उसके परिवार पर मनरेगा योजना के तहत बने सरकारी कुआं से पानी पीने पर मना करने एवं झगड़ा करने का आरोप लगाया है। इस बीच पीड़ित गोपाल राम ने कहा की अगर हमारे घर का कोई भी सदस्य पानी लाने के लिए उस कुंआ पर जाता है तो इतवारी यादव डंडे अथवा कुदाल लेकर मारने दौड़ता है। साथ हीं पीड़ित परिवार ने कहा कि हमारा परिवार अत्यंत गरीब है जिसके कारण पीने के लिए पानी के लिए चापाकल या कुआं बनाना संभव नहीं है। फिलहाल घर से काफी दूर मध्य विद्यालय चोंगाखार के चापाकल से पानी पी रहा हूं।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार व अपराध नियंत्रण ब्यूरो के जिला सचिव बनाए गए राजेश वर्मा

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मानवाधिकारों की रक्षा के लिए लड़ने वाले अनेक संगठनों में से एक है राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो, इसी स्वयं सेवी संगठन ने प्रखंड क्षेत्र के सलयडीह कला निवासी राजेश वर्मा को राज्य सचिव के रूप में नियुक्त किया है जिसकी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आप्त सचिव रणधीर कुमार ने दिया। इस बीच राजेश वर्मा को राज्य सचिव बनाए जाने पर प्रखंड क्षेत्र के लोगों में हर्ष देखा गया। दहेजमुक्त झारखंड सेवा संस्थान के सदस्य सुरेंद्र वर्मा ने बधाई देते हुवे कहा कि उम्मीद है कि नवनियुक्त सचिव श्री वर्मा बेहतर कार्य करते हुए पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## दिव्यांग बच्चों का बना रेलवे कंसेशन सर्टिफिकेट



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत स्कूल पहला कदम जो कि लोकल लेवल कमिटी के मेम्बर भी है, के द्वारा दिव्यांग बच्चों को शिक्षण प्रशिक्षण के साथ साथ सरकार के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं को दिलाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में पहला कदम स्कूल के कई बच्चे दीपा कुमारी, पवन कुमार, आशिका कुमारी, शिव कुमार, ऋषिसेन गुप्ता, शिवांश, इशिका कुमारी, मनीष, रिष्मा कुमारी आदि बच्चो का रेलवे कंसेशन सर्टिफिकेट पहला कदम स्कूल के प्रयास से बनवा कर दिया गया। किसी भी दिव्यांग बच्चों का दिव्यांग सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, राशन कार्ड, निरामय हेल्थ इंश्योरेंस, यूडी आईडी कार्ड लीगल गार्जियनशिप सर्टिफिकेट बनवाना हो तो वे पहला कदम स्कूल में सम्पर्क कर बनवा सकते है। सभी बच्चो के साथ साथ उनके पेरेंट्स भी इस सर्टिफिकेट के बनने से खुशी जाहिर कर आभार प्रकट किया।

## दिव्यांगता जांच शिविर में 110 बच्चों की हुई जांच




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समावेशी शिक्षा के तत्वावधान में झरिया बी आर सी के रिसोर्स सेन्टर के प्रांगण में शुक्रवार को दिव्यांगता जाँच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि केडी पाण्डे ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। मंच संचालन डॉ मनोज सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अखलाक अहमद ने किया। शिविर में एलिम्बकों कानपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ दीपक कुमार मंडल, डॉ जया चन्द्र, डॉ शाशि कुमार, डॉ महेंद्र, डॉ राहुल शर्मा की टीम ने 110 दिव्यांग बच्चों की जांच किया। इस दौरान 65 दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर, सी पी चेयर, कैलिपर, ट्राइसायकिल, बैशाखी जैसी सहायक सामग्री, कान की मशीन एवं नेत्रहीन दिव्यांग को ब्लाइंड स्टीक के लिए चयनित किया गया। साथ ही पूर्व में चयनित 25 दिव्यांग बच्चों को सी पी चेयर, हियरिंग एड, व्हीलचेयर, ट्राईसाईकिल, रोलेटर, एम आई यस ई डी कीट प्रदान किया गया। विधायक प्रतिनिधि केडी पाण्डे ने कहा कि झरिया के दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है। योजना का लाभ उठाने हेतु समाज के लोगों में जागरूकता जरूरी है। झरिया का रिसोर्स सेंटर पूरे झारखंड में अच्छा है। श्री पांडेय ने कहा कि दिव्यांग जनों के सहायता हेतु विधायक हमेशा तत्त्पर हैं।

## कर्मचारियों ने भावनात्मक एकता व सद्भावना के लिए कार्य करने की ली प्रतिज्ञा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय प्रांगण में ''सद्भावना दिवस'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अनुपम शर्मा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना देष की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने की प्रतिज्ञा दिलायी। उन्होंने हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने के लिए भी रेलकर्मियों का आह्वान किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।

जनता दरबार में गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत गौरांगडीह के ग्रामीणों ने मनरेगा एवं अन्य योजना के तहत जमीन समतलीकरण एवं अन्य योजना में बिना काम किए राशि निकासी के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा योजना, चापाकल मरम्मत,15वीं वित्तीय मुखिया फंड की कोई भी योजनाएं धरातल पर नहीं दिख रही है। परंतु सभी योजनाओं में पैसे की निकासी मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं कुछ ग्रामीण ठेकेदार के द्वारा आपस में पैसे का बंदरबांट कर लिया गया है। सभी ग्रामीणों ने इस मामले पर उपायुक्त से जांच कर कार्रवाई की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर कार्रवाई को निर्देशित किया।

इस दौरान जनता दरबार में पूर्वी टुंडी से आई विक्टोरिया मुर्मू ने अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने को लेकर उपायुक्त को एक आवेदन सोपा। उन्होंने बताया कि वह 1932 खतियान धारी है तथा एक संथाली आदिवासी अनुसूचित जनजाति की महिला है। किंतु उनका जाति प्रमाण पत्र इसलिए नहीं बनाया जा रहा क्योंकि उनके खतियान में जाति की जगह किस्तान (ईसाई) लिखा हुआ है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी उनका जाति प्रमाण पत्र जारी हुआ है। किंतु अभी पूर्वी टुंडी ब्लॉक जाने पर कहा जाता है कि खतियान में जाति की जगह किस्तान (ईसाई) लिखा है इसलिए उसकी जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने इस मामले को पूर्वी टुंडी के अंचलाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन हेतु निर्देशित किया।

जनता दरबार में झरिया थाना क्षेत्र से आए भरत कुमार ने भूमि बंदोबस्ती को लेकर उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि वह विगत 5 वर्षो से भूमि बंदोबस्ती को लेकर दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें जमीन मुहैया नहीं कराई गई है। उन्होंने बताया कि वह बहुत ही गरीब है और उनकी एक पुत्री भी है एवं आमदनी का कोई जरिया नहीं है। उपायुक्त ने इस मामले को गोविंदपुर के अंचलाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने को निर्देशित किया है।

इसके अलावे उपायुक्त वरुण रंजन जनता दरबार में शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा से संबंधित समस्याओं से अवगत हुए।

## पोखरिया में नहाने के दौरान डूबने से छात्र की मौत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के तीसरा थाना क्षेत्र में स्थित पोखरिया में शुक्रवार को दोस्तों के साथ नहाने गए एक लड़के की मौत हो गई। मृतक की पहचान झरिया निवासी उत्तम कुमार सिंह (13) के रूप में हुई है। वह राजकमल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आठवीं क्लास में पढ़ाई करता था। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतक उत्तम कुमार सिंह अपने चार दोस्तों के साथ तीसरा थाना क्षेत्र में बंद पड़े पोखरिया में नहाने गया था। नहाने के दौरान उत्तम गहरे पानी में चला गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। वहीं डूबने की सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर पोखरिया से शव को निकालने की कोशिश की जा रही है। इस पूरी घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गई। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस मामले की जांच में जुट गए। वही सूचना मिलने के बाद मौके पर भाजपा नेत्री रागिनी सिंह पहुंची और परिजनों को सांत्वना दी।

## गिरिडीह नटराज चौक के पास दिनदहाड़े एक लाख चालीस हजार की छिनतई



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को गिरिडीह शहरी क्षेत्र के नटराज चौक के पास दिनदहाड़े अपराधियों ने एक दंपति से एक लाख चालीस हजार रुपए छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। बताया गया कि कोडरमा के मरकच्चो के रहने वाले सुरेश प्रसाद यादव अपनी पत्नी के साथ मकतपुर स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया से रूपए की निकासी किया। इसके बाद दोनों दंपति अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने पैसे से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। घटना की जानकारी नगर थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए मामले की छानबीन में जुट गई है।

## जनवादी महिला समिति ने किया विरोध प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** सेल कंपनी जीतपुर कोलियरी प्रबंधन के विरोध में क्षेत्र के ग्रामीणों ने काटी गयी बिजली को फिर से बहाल करने कि मांग को लेकर शुक्रवार को जनवादी महिला समिति के तत्वाधान में कोलियरी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान समिति के जिला सचिव रीना पासवान के नेतृत्व में प्रबंधन के रवैए से नाराज लोगों ने प्रबंधन विरोधी नारे लगाते हुए महाप्रबंधक का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दरम्यान रीना पासवान ने कहा कि सेल जीतपुर कोलियरी के प्रबंधन द्वारा हमारे पूर्वजों से वर्षो पहले रैयती जमीन का अधिग्रहण करने के एवज में हमलोगों को अब तक निःशुल्क पानी बिजली कि मुहैया कराते रही है। लेकिन वर्तमान प्रबंधन रिश्वतखोरी को बढ़ावा देकर लोगों को अवैध बिजली और पानी कि आपूर्ति कर अवैध कनेक्शन धारियों को खुलेआम छूट दे रखी है। नतीजन आज सेल कि अवैध बिजली एवं पानी के संयोग से सैकड़ों घर व दुकानो में छोटी छोटी कुटीर उद्योग तथा ऐसी, कूलर, हीटर आदि का धड़ल्ले से उपयोग किए जाने से सेल को हर महीना करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। जबकि जो लोग प्रबंधन कि बातों को नजरअंदाज करते हैं वैसे लोगों को अधिकारी द्वारा परेशान किया जा रहा है। ऐसे ही परिस्थिति से जामाडोबा बड़कीटांड़, श्रीमोहन धौड़ा एवं नुनकीडीह एक नंबर मुहल्ले में रह रहे लोगों को गुजरना पड़ रहा है। प्रबंधन ने उक्त मुहल्लों कि बिजली संयोग को अवैध बताते हुए विच्छेद कर दिया है जिसके चलते भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों पर बिजली आपूर्ति में भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दिया कि वे दो दिनों के अंदर उनके मुहल्लों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। मौके पर रीना पासवान, प्रभा देवी, फूलमती देवी, सुनीता देवी, सिधेश्वरि मुखर्जी, शिमरन देवी, हसीना बानो, शमीना बीबी, सोनम देवी, इंदु देवी, शाहीन परवीन, यासमीन परवीन, कल्पना देवी, खिरिया देवी, दीपू तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण थे।

# नाबालिक से दुराचार के प्रयास के आरोपी को पांच वर्ष की कैद

## अभियुक्त भागा बांध बस्ती का रहने वाला व पेशे से है ड्राइवर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** नाबालिग लड़की से दुराचार का प्रयास करने के आरोपी गप्पू मियां को अदालत ने पांच वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने गप्पू को 16 अगस्त को दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 18 अगस्त की तारीख तय की थी। आरोपी पुटकी थाना क्षेत्र के भागा बांध बस्ती का रहने वाला है तथा पेशे से ड्राइवर बताया जाता है।

अभियुक्त के खिलाफ पीड़िता की मामी ने 10 अप्रैल 2018 को पुटकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया था कि 9 अप्रैल 18 की शाम 7:30 बजे जब पीड़िता घर के आंगन में बने शौचालय में शौच को गई थी, उसी समय घात लगाकर बैठे गप्पू मियां एवं उसके सहयोगी ने नाबालिग पीड़िता को मुंह दबाकर आंगन से बाहर ले गया। उसे खेत में ले जाकर मारपीट की व दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता के शोर मचाने पर परिवार के लोग खेत की ओर दौड़े तो दोनों दोनों वहां से भाग गए।

अनुसंधान के दौरान गप्पू मियां के सहयोगी को जूविनाइल घोषित किया गया। पुलिस ने 13 जून 2018 को अदालत में गप्पू के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने 12 सितंबर 2018 को आरोप का गठन किया। अभियोजन पक्ष द्वारा कुल 6 गवाहों की गवाही कराई गई थी। अभियुक्त जमानत पर जेल से बाहर था।

## मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद नगर निगम ने शुक्रवार को राजेंद्र सरोवर में मेरा माटी मेरा देश कार्यकर्म का आयोजन किया। वही मिट्टी को नमन और वीरों को वंदन के साथ देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को धनबाद नगर निगम के द्वारा आयोजित यह अभियान उन वीरों को समर्पित किया गया। नगर निगम के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने राजेंद्र सरोवर कैंपस में झंडातोलन, वृक्षारोपण, पट्ट शिलान्यास आदि कार्यक्रम किए।सांसद ने इस कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि माटी को नमन वीरों का वंदन का कार्यक्रम धनबाद नगर निगम के द्वारा आयोजित किया गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर यह कार्यक्रम पूरे

## 76 साल की आजादी के बाद भी भौंराडीह को सड़क नसीब नहीं, जन समस्याओं का भी अंबार : माले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड अंतर्गत ओझाडीह पंचायत का भौंराडीह गांव आजादी के 76 साल बाद भी सड़क की सुविधा से वंचित है। स्थिति यह है कि, आपात स्थिति में मरीजों को खाट पर टांगकर सड़क तक पहुंचाना पड़ता है। उक्त बातें भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने भौंराडीह वासियों के साथ एक मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि, गांव में दूसरी समस्याओं का भी अंबार लगा है, जिसकी सुध कोई नहीं ले रहा। ऐसा लगता है, आज तक इन लोगों को सिर्फ वोट की गिनती के रूप में शामिल करके रखा गया है। क्योंकि, बार-बार वोट लेने के बाद भी यहां के लिए सुविधाओं की कोई व्यवस्था नहीं की गई। ग्रामीणों ने भी यादव के समक्ष अपनी समस्याओं को खुल कर रखा, जिसे सुनने के उपरांत माले नेता ने उन्हें संगठन बनाकर अपने हक-अधिकार तथा सुविधाओं को लेकर लड़ाई शुरू करने का आह्वान किया। मौके पर अन्य के अलावा फोदार सिंह, हेमलाल हेंब्रम, शिबू किस्कू, संतोष मरांडी, जीवन हेंब्रम, लोंधा मरांडी, दिलीप किस्कू, दीपू हेंब्रम, मुकेश हेंब्रम, प्रेम मरांडी आदि मौजूद थे।

## धीरन रवानी की मनी छठी पुण्यतिथि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सुप्रसिद्ध समाजसेवी सह अखिल भारतीय चन्द्रवंशी समाज के संरक्षक स्व धीरन रवानी की छठी पुण्यतिथि आज प्रगति कोचिंग सेंटर डोमनपुर में मनाया गया। उपस्थित सभी लोगों ने धीरेन रवानी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता शिक्षक शुभम रवानी ने की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश चंद्रवंशी समाज के पूर्व प्रदेश सचिव सह भाजपा नेता नीलकंठ रवानी ने कहा की पुलिस की उदासीनता के कारण धीरेन रवानी की हत्या हुई थी। जो आज 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी इसका खुलासा नही हो पाया है। आज जिले मे ही नही बल्कि पूरे प्रदेश मे अराजकता का माहौल बना हुआ है। हत्या, लुट, बलात्कार, डकैती आम बात हो गयी हैं। धीरेन रवानी बहुत ही कम दिनो मे अपनी पहचान झारखंड के अलावा देश के कई राज्यों मे बना चुके थे। उनके जाने से समाज को बहुत क्षति हुई है। भले ही वे आज हमारे बीच नही है लेकिन उनकी यादे उनकी विचारधाराएँ आज भी हमलोगो के साथ हैं। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से मुखिया पति भोलानाथ महतो, गणेश चंद्र रवानी, देवेंद्र रवानी, निलेश कुमार, पंकज कुमार रवानी, गौतम कुमार महतो, चंदन कुमार रवानी, किशोर कुमार रवानी, मनीष कुमार महतो, तुषार कुमार, नीरज कुमार महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सद्भावना दिवस पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली प्रतिज्ञा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद मंडल के मुख्यालय प्रांगण मे सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया गया। उनके द्वारा कहा गया की जाति, धर्म, क्षेत्र, संप्रदाय अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना भावनात्मक एकता एवं सद्भावना के साथ कार्य करे एवं इसके लिए सभी को शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने के लिए भी रेलकर्मियों का आह्वान किया।

## उपायुक्त ने की डीएमएफटी के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत जिले में हो रहे विकास कार्यो को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस समेत अन्य से विभागों में डीएमएफटी से चल रहे कार्यो की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारी से डीएमएफटी फंड से अपने अपने विभाग के अपेक्षाओं के बारे में जानकारी ली। सभी पदाधिकारी ने अपने अपने विभागों की आवश्यकताओं से उपायुक्त को अवगत कराया।

उपायुक्त में सिविल सर्जन को सभी स्वास्थ्य केंद्रों, सदर अस्पताल, मेडिकल कॉलेज में बेहतर से बेहतर सुविधा मुहैया कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में जो भी कमी हो उसे डीएमएफटी के तहत पूरी की जाएगी। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को ममता वाहन एवं एंबुलेंस की व्यवस्था की निगरानी करने को निर्देशित किया एवं जिले के शीर्ष पांच बीमारियों की पहचान करते हुए विशेष अभियान चलाने की बात कही। वहीं समाज कल्याण पदाधिकारी ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आँगनबाड़ी केंद्र बनाने की मांग डीएमएफटी फण्ड से की। उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को इसकी रूपरेखा तैयार करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के शिक्षा में हर तरह की सुविधा मुहैया करायी जाए। साथ ही जहां आधारभूत संरचना, बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था में कमी है उसे डीएमएफटी फंड से पूरी की जाएगी।

## मैदान में उतरने से पहले आपको हार का डर मन से निकालना होगा तभी आप जीत पाओगे : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीर बुधु भगत फ्रेंड्स मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल समापन समारोह का भव्य आयोजन समाहरणालय स्थित फुटबॉल मैदान में किया गया ।इस आयोजन की विशेषता ये रही की झारखंडी परंपरा के अनुसार ग्राम के पाहन, पुजार, जन प्रतिनिधि गण, गणमान्य व्यक्तियों के साथ साथ पूरे समाज के लोगो के सहयोग एवम समर्पण भावना से सफल संचालन किया जाता है। फाइनल समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत उपस्थित हुए उन्होंने सर्वप्रथम वीर बुधु भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरान्त खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया । फाइनल मैच के समापन के बाद पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने अपने अभिभाषण में कहां की सर्व प्रथम स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर अमर शहीदों को नमन करते हुए आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि यदि मैदान में उतरने से पहले अगर आपको हार का डर सताने लगेगा तो आप कभी नहीं जीत पाओगे खेल के माध्यम से बहुत सारे अवसर आप तब प्राप्त कर सकते हैं जब आप फीफा के नियम के हिसाब से खेलेंगे यदि नियम से आप नहीं खेलते तो परिणाम प्राप्त नहीं कर सकते। आज जिस मैदान पर खेल होता आ रहा है रेलवे कहती है यह जमीन हमारा है जमीन जिसका भी हो मैं जिला प्रशासन से मिलकर जानकारी लूंगा और जिस किसी का जमीन हो मांग करूंगा कि यहां पर एक छोटा स्टेडियम का निर्माण हो ।अंत में आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए खिलाड़ियों से कहा कि खेल जिंदगी का खेलते रहो हार और जीत आखिरी नहीं होता। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष आलोक साहू, पूर्व वार्ड पार्षद सुगो देवी, पवन गौतम, अभिनव सिद्धार्थ, संतोष उरांव, किशोर भगत, पाहन सुभाष उरांव, पाहन भीकू उरांव, पुजार विनोद उरांव, मुखिया सुनील उरांव, शाहिद अहमद बेलू, सुजौद्दीज राजा, मोइन अंसारी, मोजजीबुल रहमान, जिरगू उराव, वैदनाथ गुप्ता, सुकरा उरांव, फूलचंद आईद, रौना उरांव, बिरसू उरांव, मनोज भगत एव अन्य सामाजिक व्यक्तियों के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। बालक वर्ग में पतरा टोली की टीम कुजूर ब्राद्स मैना बगीचा को पराजित कर विजेता बनी,बालिका वर्ग में क्वीन ऑफ़ छोटा नागपुर की टीम ब्लू स्टार लोहरदगा को पराजित कर विजेता बनी, 40 वर्ष की विजेता टीम अंबतीपानी रही जिसने पोलोन क्लब को पराजित किया। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में रोशन मुंडा, अभिषेक कुमार साहू, कार्तिक तिर्की, पन्ने लाल, जसीम खान, सूरज उरांव, अंगद,राहुल, शिवा, आशीष, इंदू, रितु, सोनी, निर्मला, अनिल मुंडा आदि ने निभाई।

## उपायुक्त ने सी एल ए पी द्वारा किए गए कार्यो का की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को कंप्रीहेंसिव लाईवलीहुड एडेप्शन पाथवे की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में संस्था प्रदान द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन की सहायता से लोहरदगा जिला के सेन्हा, कुडू, भण्डरा और किस्को में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसमें महिला स्वयंसहायता समूहों के गठन, स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य/जागरूकता कार्यक्रम,भूमि की उर्वर क्षमता को बढ़ाने के लिए गैर रासायनिक खाद का प्रयोग करने व निर्माण का तरीका, वर्मी कंपोस्ट का विकल्प, जल छाजन की दिशा में किये जा रहे कार्य, मल्टीलेयर फार्मिंग आदि के बारे बताया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पवन कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूजा कुमारी, पीपीआईए फेलो हेमलता बजाज, प्रदान संस्था के टीम कोर्डिनेटर फहाज खान व टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## झारखंड पार्टी की बैठक में कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर हुई चर्चा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पार्टी की बैठक शुक्रवार को लोहरदगा कचहरी मोड़ स्थित होटल कृष्णा में जिला अध्यक्ष पवन तिगृगा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला से जिला समिति, प्रखण्ड समिति, पंचायत समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी का विस्तार और जिला में कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में काफी विचार के बाद जिला कार्यकर्ता सम्मेलन 8 सितम्बर दिन शुक्रवार को करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पवन तिगृगा, जिला सचिव महावीर सिंह, सुकरु उरांव, केन्द्रीय सदस्य बिष्णु उरांव, राहुल भारती, रेशमी देवी, सुरजमनी उरांव, पंचम बैठा, जीवन साहू, खलाल खान, प्रमिला देवी आदि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## डॉ. ए.पी. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज मैच के पहले दिन कोलेबिरा एफ.सी ने मारी बाजी



**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को डॉ. ए. पी. अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट समिति द्वारा इस वर्ष के सबसे बड़े फुटबॉल के महामुक़ाबले का आग़ाज़ किया गया । मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि शमी आलम ने किया। मैच के शुरुआती दिन में जमुनानाकी कुवारमुंडा उड़ीसा और कोलेबिरा एफ़. सी. झारखण्ड के बीच शाम 3 बजे से इस टूर्नामेंट का पहला मैच खेला गया जिसमें कोलेबिरा एफ सी ने जमुनानाकी कुवारमुंडा उड़ीसा को 2-0 से हराकर जीत हासिल की। बताते चलें कि फुटबॉल के इस महामुक़ाबले में फ़ाइनल मैच के विजेता टीम को एक लाख एक हज़ार रुपय और उपविजेता को इक्यावन हज़ार रुपए नक़द का इनाम मिलेगा। इस महामुक़ाबले के आयोजन समिति में अध्यक्ष मो. क़यूम, उपाध्यक्ष पिंटू कुमार, उपाध्यक्ष मो. अश्फ़ाक, उपाध्यक्ष पावल मुंडू , सचिव अरशद अफ़रीदी, उपसचिव वेद प्रकाश (राजू), उपसचिव मो. हाशिम एवम् कोषाध्यक्ष मो. साजिद आलम और समिति के सभी सदस्यों द्वारा मैच के पहले दिन सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। आज का शानदार मैच टाटा घाटशीला बनाम बिरमित्रापुर उड़ीसा के बीच खेला जाएगा।

## आज निकलेगा वेदव्यास त्रिवेणी संगम से सरना मंदिर सिमडेगा के लिए भव्य कावड़ यात्रा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**समडेगा :** कांवरिया सेवा संघ की बैठक आनंद भवन सिमडेगा में की गई थी । बैठक में सावन माह के सातवी सोमवारी को सरना बाबा के जलाभिषेक के लिए वेदव्यास त्रिवेणी संगम से भव्य कावड़ यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। आज कावड़ यात्रा के लिए 19 अगस्त दिन शनिवार को सुबह 9:00 बजे से सभी कावड़िया वेदव्यास के लिए रवाना होंगे इसके बाद त्रिवेणी संगम वेदव्यास से सभी कांवरिया पवित्र जल को उठाकर कावड़ यात्रा शुरू करेंगे और लगभग 75 किलोमीटर की पैदल यात्रा तय कर सोमवार की सुबह सरना मंदिर में भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करेंगे। कांवरियों की सुविधा के लिए पूरे रास्ते भर भोजन, पानी, आवास, चिकित्सा सहित सभी सुविधा का प्रबंध करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि शनिवार को रात्रि विश्राम बिरमित्रापुर में और रविवार का रात्रि विश्राम टुकूपानी मैरिज हॉल में कराया जाएगा।जिले के सभी लोगों के सहयोग से कांवर यात्रा को सफल बनाने का निर्णय हुआ। रंगारंग भजन कार्यक्रम और शिव तांडव की झांकी का भी होगा आयोजन। कांवर यात्रा में रविवार की रात टुकूपानी मैरिज हॉल में रंगारंग भजन संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम में कोलकाता के कलाकर जुनियर रघुवंशी, शुभम भाष्कर अपनी भजनों से कांवरियों को झुमाएगें। वहीं कानपूर से आए कलाकारों के द्वारा शिव तांडव की जीवंत झांकी की प्रस्तुति की जाएगी। बताया गया कि शिव तांडव में भगवान शिव का रुप धर कर कलाकार सांप और भभूत से अपने रौद्ररुप में नृत्य करेगें।

## मारवाड़ी महिलाओं द्वारा रानी सती दादी मंदिर में मंगला पाठ का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** निर्माणाधीन श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार पर श्रावण मास के अमावस्या में अपने रीति-रिवाज के साथ 31 मारवाड़ी महिलाओं के द्वारा अपने पारंपरिक वस्त्र धारण कर संध्या 5ः00 बजे से मंगला पाठ करते हुए भजन कीर्तन की। श्री गणेश वंदना से शुभारंभ करते हुए श्री रानी सती दादी जी का मंगला पाठ एवं भजन की गई। श्री रानी सती दादी जी के तस्वीर को मनमोहक रूप सजाते हुए कई व्यंजनों से भोग लगाया गया, और पाठ एवं कीर्तन के उपरांत आरती कर प्रसाद वितरण की गई। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की श्रावण माह के अवसर पर मंगल पाठ एवं भजन कीर्तन से सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा, एवं मारवाड़ी महिलाओं के द्वारा प्रत्येक अमावस्या को मंगल पाठ एवं भजन कीर्तन करते हैं जिससे कि सभी के घरों पर सुख समृद्धि आवे और सभी स्वास्थ्य रहे। आज मंगला पाठ एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम पर शकुंतला राजगढ़िया, सत्यभामा राजगढ़िया, ममता बंका, अनीता पोद्दार, अंजली सर्राफ, कमलेश मित्तल, कल्याणी पोद्दार, अंकिता बंका, दीपा पोद्दार, प्रीति बंका, रखिया पोद्दार, निधि बंका, रेखा बंका, खुशबू अग्रवाल, रेचल बंका, रश्मि अग्रवाल, मंजू पोद्दार, संगीता मित्तल, रितु शर्मा, रंजू अग्रवाल, रज्जो मोदी, मोनिका पोद्दार, नीलू शर्मा, रेखा मोदी, रानू पोद्दार, उषा पोद्दार, मंजू मोदी,मीणा बांका आदि शामिल थी।

## सीओ के निर्देश पर महेश साहु को मिला सुखा राशन मुआवजा का भरोसा

**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को लगातार तेज बारिश होने से बलडेगा ग्राम निवासी महेश साहु का कच्चा मकान गिर गया। परिवार वालों ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए घर से भागकर अपनी जान बचाकर अंचल अधिकारी जलडेगा से मदद की गुहार लगाई थी। घटना की जानकारी मिलने पर अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो के निर्देश पर शुक्रवार को अंचल निरीक्षक अशोक बड़ाईक, राजस्व उप निरीक्षक उमेश ठाकुर, श्रीकांत सिंह पीड़ित के घर जाकर उन्हें सुखा राशन दिया और क्षतिपूर्ति का आकलन कर आपदा के नियमानुसार मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

## बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पंच प्रण शपथ सभा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रखंड के नौ पंचायत से संग्रहित मिट्टी को सम्मान के साथ जिला भेजा गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सर्वप्रथम पंचायत कर्मियों व जनप्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रीय गान कर बलिदानों को याद किया गया। इस दौरान पंच प्रण शपथ सभा का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत देश के बलिदानों के सम्मान में मिट्टी संग्रहित किया जा रहा है। इसके तहत मिट्टी संग्रह को जिला स्तर पर भेजा गया। इसके उपरांत संग्रहित मिट्टी को जिला से राज्य स्तर फिर दिल्ली भेजा जाएगा। मौके पर भंडरा थाना के अवर निरीक्षक विकास विश्वकर्मा ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के बलिदानियों के सम्मान में इस तरह का कार्यक्रम का संचालन करना सराहनीय है। देश के बलिदानियों के सम्मान में हम सभी को अग्रसर रहना चाहिए। मौके पर मुखिया परमेश्वर महली, टेले उरांव, सुमंती तिग्गा,कइली उरांव सहित प्रखंड व पंचायत कर्मी मौजूद थे।

## शिविर में 51 पशुओं को जांच कर दिया गया नि:शुल्क दवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत साके ग्राम में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड के अलौदी पंचायत के साके ग्राम में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर शिविर में लगभग 40 पशुपालक किसानों का 51 पशुओं का जांच कर निःशुल्क दवा दिया गया। वही पशु चिकित्सक डॉ रोहित कुमार द्वारा सभी ग्रामीणों को पशु का रख रखाव के बारे में बताते हुए लम्पी,लंगड़ी,गलफुली जैसे अन्य बीमारियों से बचाव और उपचार के बारे में बताया गया। साथ ही सरकार द्वारा किसानों का आय वृद्धि के लिये गाय, मुर्गी, बकरी, शूकर पालन योजना के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर शिविर में पशु चिकित्सक डॉ रोहित कुमार तथा मैत्री कार्यकर्ता संजय सिंह के अलावे बिशु उराँव, राजकिशोर उराँव,शिव उराँव,विजय उराँव, गन्दूर उराँव सहित अन्य सैकड़ो ग्रामीण पशुपालक किसान उपस्थित थे।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 30 अगस्त तक पौधारोपण का कार्य करे पूर्ण : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो लोहरदगा :** प्रखंड कैरो के कार्यालय सभागार में 18 अगस्त शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजना का समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा अंतर्गत योजना में अधिक से अधिक (पीड़ी) मजदूर को बढाने, बिरसा हरित ग्राम योजना बागवानी मिशन के दूसरे फेज में सभी चयनित लाभुको के भूमि पर 30 अगस्त तक पौधा लगाने का कार्य को पूर्ण करने व सभी पंचायत में हो पोटो खेल मैदान का निर्माण और चेंजिंग रूम का कार्य जल्द से जल्द प्रारम्भ करने साथ ही पूर्ण हुए कार्यो का अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, दिनेश कुमार, गुहा उरांव, आनंद सिंह, पावन कुमार, दुर्गा बच्चन, रौशन उरांव, प्रवेज अख्तर, नन्दा भगत, राजमणी मिंज, मंसूर आलम, राजू कुमार, राजीव कुमार पंचम एतवा पहान आदि उपस्थित थे।

## कैरो मे अवारा कुत्तो के आतंक से ग्रामीणों में भय सात लोगो को काट किया घायल, पहुंचे अस्पताल



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो मुख्यालय मे इन दिनो अवारा कुत्तो का आतंक से ग्रामीणो के बीच भय व दहशत का माहौल है। दिनांक 17 अगस्त गुरुवार को कैरो थाना क्षेत्र के दो बच्चों सहित कूल 18 अगस्त तक 07 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर देने की सूचना प्राप्त हुई है। प्रखंड मुख्यालय कैरो निवासी राजेश साहू की भगिनी 04 वर्षीय मिष्टी कुमारी,गोवर्धन महतो का पुत्र कुलदीप महतो, उतका गांव निवासी जयू उरांव का पांच वर्षीय पुत्र रामकेश्वर उरांव व सिकंदर अंसारी को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया है। वही कैरो पंचयात के विराजपुर गाँव मे भी अवारा कुत्तों का लोगो को काटे जाने की सूचना मिल रही है। सभी घायल को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल परिजनों के द्वारा ले जाया गया है। कैरो में इन दिनों आवारा कुत्तों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। आवारा कुत्ते बकरी व बच्चों पर अधिकतर हमले कर रहे हैं। जिससे लोगों में भय व दहशत का माहौल बना हुआ है। प्रखंड क्षेत्र का एकमात्र उप स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रैबीज वैक्सीन नहीं रहने से लोगों को ईलाज हेतू सदर अस्पताल लोहरदगा जाना पड़ रहा है।

## लोहरदगा की धरती कांग्रेस पार्टी की पुश्तैनी जमीन है : दीपक ओझा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किस्को प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय स्थित महिला भवन में प्रखण्ड अध्यक्ष युनुस अंसारी की अध्यक्षता में लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन हेतू एक विशेष बैठक हुई। जिसमें लोहरदगा विधानसभा के संयोजक दीपक ओझा एवम लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सुखैर भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को बुके वा माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री सुखैर भगत ने कहा कि लीडर शिप डेवलपमेंट मिशन का उद्देश्य समाज वा पार्टी के वैसे कार्यकर्ताओं को आगे लाना है जो पार्टी और समाज के बीच आपसी सद्भाव कायम करने हेतु दिन रात काम करते हैं परंतु उन्हें आगे आने का कोई अवसर नहीं मिलता है। खास करके अल्पसंख्यक, ओबीसी, आदिवासी, महिला और दलित समुदाय के लोगों को पार्टी में उचित स्थान नहीं मिल पाता है। लीडर शिप डेवलपमेंट मिशन के माध्यम से कार्यकर्ता अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मिशन 2024 की तैयारी में जुट जाएं। देश से भाजपा और आरएसएस की सरकार को उखाड़ फेंकना है। जो समाज में जहर घोलने का काम कर रही है। संयोजक श्री दीपक ओझा ने कहा कि लोहरदगा की जमीन कांग्रेस पार्टी की पुस्तैनी जमीन है। इसे हर हाल में और उपजाऊ बनाना है। यहां के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बहुत ईमानदारी से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। जिसका परिणाम आने वाले लोक सभा चुनाव में देखने को मिलेगा। अभी से ही पंचायत एवम बूथ स्तर तक कमिटी का गठन समर्पित कार्यकताओं को आगे लाकर करें। आज के बैठक में जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव समूल अंसारी, संतोषी उरांव, जिला उपाध्यक्ष, पंचम राम, जिला सचिव मुस्ताक अहमद, प्रमुख सुचित्रा भगत, ओबीसी जिला अध्यक्ष, जयनाथ साहू, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विनय उरांव,महिला अध्यक्ष पुनीता उरांव, अल्पसंख्यक अध्यक्ष उल्फत अंसारी, युवा अध्यक्ष दुर्गा उरांव, सेवा दल, इसराफिल अंसारी, एनएसयूआई सैफ अहमद, पंचायत समिति सदस्य बसंती भगत, मुखिया चांदमणि उरांव, सुखमणि लकड़ा, हरी उरांव, शेख सादिक, मनीष कुजूर, प्रकाश भगत, कबीर अंसारी, नसीम अंसारी, कुंवर, जफर इमाम, सतनु भगत,चंदर भगत, परमेश्वर भगत, राजमणि भगत,सीता उरांव, फुलमनी उरांव, निजाम अंसारी, नुसरत अंसारी, एड्रिश अंसारी, सुमनी महली, बिनोद भगत, जुमान अंसारी, बिरसा उरांव, खुद्दी मांझी, मनौर आलम, महबूब अंसारी जब्बीर अंसारी, सनिचर्वा उरांव, बासुदेव उरांव, महेन्द्र तिग्गा, हरिश्चंद्र मुंडा, तबरेज अंसारी धनी उरांव, सरवर अंसारी, आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर बूथ तक पहुंचे कार्यकर्ता, बूथ को करें मजबूत : मृत्युंजय शर्मा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी की एक दिवसीय चुनाव प्रबंधन कार्यशाला जिला कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की सभी मंडल के कार्यकर्ता और चार सदस्यीय टोली अपने अपने दिए हुए बूथ सशक्तिकरण में जुट जाएं। चुनाव प्रबंधन झारखंड प्रदेश के प्रमुख मृत्युंजय शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता कमर कसकर चुनाव के लिए तैयार हो जाएं हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है की हम बूथों तक जाकर प्रदेश द्वारा निर्देशित कार्यों को संपादित करें एवं संगठन को मजबूत बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने कार्यशाला में मंडलवार कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूती के टिप्स दिए। इससे पूर्व अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं बंदे मातरम गान कर कार्यशाला की शुरुआत की। उसके उपरांत कार्यकर्ताओं द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया मौके पर चुनाव प्रबंधन टोली के प्रदेश सदस्य कर्नल वी.के.सिंह विश्वजीत सिंह पुरुषोत्तम राय केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव महामंत्री दीपक पुरी कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री राकेश रविकांत मंत्री तुलसी साहू सोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद मानकीलाल कृष्णकांत सिंह मोतीलाल ओहदार ओमिन सिंह देवकीनंदन साय घनश्याम सिंह अशोक इंदवार मनिंदर बिंझिया सुरजन प्रधान विजय महतो सुरजन बड़ाईक अशोक रजक श्री लाल साहू सहित मण्डल की टोली मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### दिल्ली-पुणे फ्लाइट में बम की अफवाह, सभी यात्रियों को उतारा गया

**नई दिल्ली :** दिल्ली एयरपोर्ट पर एयरलाइन कंपनी विस्तारा की दिल्ली-पुणे रूट की फ्लाइट में शुक्रवार को बम होने की धमकी मिली। इसके मद्देनजर सभी यात्रियों को उनके सामान सहित उतारा गया और एयरपोर्ट के आइसोलेशन-वे में विमान का निरीक्षण किया गया, लेकिन विमान में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस के मुताबिक जीएमआर कॉल सेंटर को फ्लाइट में बम होने की कॉल मिली थी। जिस फ्लाइट के अंदर बम की कॉल मिली थी, वह यूके 971 नम्बर की है। यह फ्लाइट सुबह 8-30 बजे दिल्ली से पुणे के लिए रवाना होने वाली थी। उसमें यात्रियों के लगेज को रखा जा चुका था और यात्री भी उसमे सवार हो गए थे कि तभी उसमें बम की अफवाह उड़ी। इसके बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सर्च ऑपरेशन पूरा कर लिया गया है। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार जब तक सुरक्षा एजेंसियां मंजूरी नहीं देतीं तब तक विमान को उड़ने की इजाजत नहीं है। सुरक्षा एजेंसियों से अंतिम मंजूरी मिलते ही फ्लाइट पुणे के लिए रवाना होगी। पुणे के लिए करीब 100 से अधिक यात्री सवार हुए थे। फिलहाल एयरपोर्ट पर ही इंतजार कर रहे हैं और उन्हें टर्मिनल बिल्डिंग में ही खाने-पीने की चीजें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### नियंत्रण रेखा के पास मच्छिल सेक्टर में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**कुपवाड़ा :** कुपवाड़ा जिले के मच्छिल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। सेना की चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर 15 से 18 अगस्त तक कुपवाड़ा के मच्छिल सेक्टर में भारतीय सेना, बीएसएफ-कश्मीर और जम्मू कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान पांच एके राइफल, सात पिस्तौल, चार हैंड ग्रेनेड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। यह संयुक्त अभियान अभी भी जारी है।

### प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति से द्विपक्षीय और क्षेत्रीय महत्व के मामलों पर चर्चा की

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैय्यद इब्राहिम रायसी से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय महत्व के मामलों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत-ईरान की करीबी ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों पर आधारित है, जिसमें लोगों के बीच मजबूत संपर्क भी शामिल है। दोनों नेताओं ने कनेक्टिविटी हब के रूप में चाबहार बंदरगाह की पूरी क्षमता का एहसास करने सहित द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने ब्रिक्स के विस्तार सहित बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग पर भी चर्चा की ।

# एलसीए नेवल ट्रेनर प्रोटोटाइप एनपी-5 ने 57 मिनट तक भरी पहली उड़ान




एजेंसी

**नई दिल्ली :** लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) नेवल ट्रेनर प्रोटोटाइप एनपी-5 ने शुक्रवार को बेंगलुरु के एचएएल हवाई अड्डे पर पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की। नौसेना के कैप्टन अमित कवाडे ने वायु सेना के सेवानिवृत्त विंग कमांडर सिद्धार्थ सिंह के साथ ट्रेनर प्रोटोटाइप का संचालन किया। विमान ने सभी मापदंडों को सामान्य तरीके से पूरा करते हुए 57 मिनट तक उड़ान भरी। एलसीए नेवल ट्रेनर विमान के नेवल प्रोटोटाइप 5 (एनपी-5) ने इसी साल 16 जनवरी को अपना इंजन ग्राउंड रन पूरा किया था, जिसकी पुष्टि हाल ही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने की थी। इस ट्रेनर विमान को शुरू में सिंगल इंजन डेक-आधारित लड़ाकू जेट के लिए एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शक के रूप में विकसित किया गया था। ट्रेनर विमान के मार्क-टू संस्करण को ट्विन-इंजन वाले डेक-आधारित फाइटर कार्यक्रम (टीईडीबीएफ) के लिए रखा गया है, जिसके 26 टन वजन के साथ अधिक सक्षम और उन्नत विमान होने की उम्मीद है। टीईडीबीएफ कार्यक्रम के विकास में एनपी-5 का अहम रोल होगा, क्योंकि इसका उपयोग मुख्य रूप से विभिन्न लैंडिंग परिदृश्यों के दौरान लैंडिंग गियर, महत्वपूर्ण डेटा का अध्ययन और लैंडिंग परीक्षण करने के लिए किया जाएगा। यह डेटा टीईडीबीएफ विमान के लिए मजबूत और विश्वसनीय लैंडिंग गियर को डिजाइन और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी और भारतीय नौसेना फिलहाल आठ एलसीए नेवी ट्रेनर विमानों के उत्पादन पर विचार कर रहे हैं।

## दिसंबर तक हमारे जवान पांच करोड़वां पौधा लगाने का लक्ष्य भी करेंगे हासिल : शाह



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में शुक्रवार को चार करो?वां पौधा लगाने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इस साल के अंत तक हमारे जवान पांच करोड़वां पौधा लगाने का लक्ष्य भी पूरा करेंगे। गृहमंत्री शाह ने पौधा लगाने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम पर्यावरण के प्रति संवेदनशील हैं। हमारे जवान देश को हरा-भरा बनाने का अभियान चला रहे हैं। यह अपने आप में विशेष कार्य है। उन्होंने कहा कि जब तीन वर्ष पूर्व उन्होंने इस अभियान की शुरुआत की थी तो लोगों को भरोसा नहीं हो पा रहा था कि हम कर पाएंगे, लेकिन हमारे जवानों ने चार करोड़ पौधा लगाकर नया इतिहास रचा है। हम इसी वर्ष के अंत तक पांच करोड़वां पौधा लगाएंगे। शाह ने कहा कि हमारे सीआरपीएफ के जवान देश को हर मोर्चे पर सुरक्षा दे रहे हैं साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण की रक्षा भी कर रहे हैं। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

## हिमाचल आपदा- छत्तीसगढ़ वासियों की ओर से 11 करोड़ की सहायता, सीएम बघेल ने की घोषणा



एजेंसी

**रायपुर :** देवभूमि हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन से आई विपदा की स्थिति में पीड़ित लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ वासियों की ओर से 11 करोड़ रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को कहा कि हिमाचल में भीषण प्राकृतिक विपदा आई है। ऐसे में हम सभी छत्तीसगढ़ वासी हिमाचल के लोगों के साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कल ही हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर चर्चा की थी तथा हिमाचल प्रदेश के हालात की जानकारी ली थी। मुख्यमंत्री बघेल ने उनसे कहा कि पूरा देश, हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़ा है। हम सब सामूहिक एकजुटता के साथ आपदा का सामना करेंगे और सामान्य स्थिति की बहाली के लिए कार्य करेंगे।

# कब्रिस्तान सुव्यवस्थित व बच्चों को दफनाने की जगह हो सुनिश्चित : प्रथम महापौर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने सर्किट हाउस के सामने कब्रिस्तान में जाकर वहां की व्यवस्था को देखा। उन्होंने कहा कि जैसे हम हिंदुओं का राज हरिश्चंद्र घाट सुव्यवस्थित है, वैसे ही मुस्लिम भाइयों का कब्रिस्तान भी सुव्यवस्थित होगा। प्रथम महापौर से वहां की देखरेख कर रहे इसराइल आजाद उर्फ मिंटू एवं आजाद खान ने बताया कि कब्रिस्तान का लगभग सारा लाइट खराब है। साथ ही कब्रिस्तान के अंदर रास्ते की स्थिति भी अच्छी नहीं है। जिससे बरसात के दिनों में काफी दिक्कत होता है। इस पर प्रथम महापौर ने कहा कि मैं नगर आयुक्त से बात कर कब्रिस्तान के सभी लाइटों का मरम्मत करवाती हूं। साथ ही कब्रिस्तान के अंदर रास्ते में पेवर लगाने की बात करूंगी। साथ ही अगर जरूरत पड़ी तो मैं अपने खर्चे से नया लाइट लगवाऊंगी। वहां पर लोगों ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर को कब्रिस्तान में अपने निजी खर्चे से सीमेंटेड बेंच लगवाने के लिए बधाई देते हुए सीसीटीवी लगाने की बात भी रखी। जिसे प्रथम महापौर ने 2 दिनों के अंदर अपने निजी खर्च से सीसीटीवी लगवाने की घोषणा की। इसी कड़ी में प्रथम महापौर ने कहा कि हमारे शहर में हिंदू भाइयों के बच्चों के अकस्मात मृत्यु के बाद उन्हें दफनाने के लिए कोई जगह आज तक सुनिश्चित नहीं किया गया है। फलस्वरूप लोग यहां वहां मजबूरन दफना देते हैं। मैं इस संबंध में उपायुक्त एवं नगर आयुक्त से बात करूंगी। राजा हरिश्चंद्र घाट से सटे हिंदू बच्चों को सम्मानजनक तरीके से दफनाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर अनवर भाई, सब्बू खान, अतीकउर रहमान, मुमताज शाह, आजाद खान, मोहसिन मियां, नसीम राइन, अजगर भाई एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अमेठी से ही चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी : अजय राय

*** अपने गृह जनपद वाराणसी पहुंचे अजय राय, उमड़ा कार्यकर्ताओं का हुजूम**



एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय शुक्रवार को अपने गृह जनपद वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अजय राय के स्वागत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मीडिया से बातचीत में अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। प्रियंका गांधी चाहें तो वाराणसी से चुनाव लड़ सकती हैं, हमारा एक-एक कार्यकर्ता उनके लिए जान लगा देगा। एक सवाल के जवाब में कहा कि स्मृति ईरानी बौखला गई हैं। वो 13 रुपये किलो चीनी दिला रहीं थीं। पूछा कि 13 रुपये किलो चीनी मिल रहा है क्या? अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व ने जो विश्वास किया है उस विश्वास को लेकर आम जनता में जाएंगे। अजय राय ने कहा कि आप कैमरा घुमाकर देखिए न, यहां बूथ लेवल का गांव-गिरांव के कार्यकर्ता खड़े हैं। अब गांव-गिरांव में कांग्रेस भाजपा को चुनाव हराएगी। बनारस की धरती महादेव की धरती है। महादेव महादेव की धरती से यह बिगुल बजा है। जिसका असर पूरे प्रदेश में देखने को मिलेगा। अजय राय ने कहा कि भाजपा में क्या है, जो आप को गाली देता रहा। आप को मठ में भेजता रहा आप को गुजरात भेजता रहा। आज आप ने उसे अपने गठबंधन में ले लिया। उसे माला पहना रहे हैं और उसका स्वागत कर रहे हैं। पहले भाजपा को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। यह पूछने पर कि सबसे बड़ा मुद्दा क्या है इसपर अजय राय ने कहा कि प्रदेश में जो माहौल बनाया जा रहा है वही मुद्दा है। बेरोजगारी, महंगाई और जो डरा कर अपने साथ लेने का जो माहौल चल रहा है। ईडी-सीबीआई का डर दिखा कर लोगों को अपने साथ जोड़ा जा रहा है। अजय राय ने खुद को राहुल गांधी का सिपाही और कार्यकर्ता बताया। कहा कि जो लड़ाई पूरी मजबूती के साथ भाजपा और नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ा था अब इसे चंदौली से गाजियाबाद तक लड़ा जाएगा। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी। अजय राय ने अपने पहले कदम के बारे में बताते हुए कहा कि वे आम कार्यकर्ता और साधारण व्यक्ति हैं। बताया कि सबसे पहले गाजीपुर शहीदों को नमन करने जा रहे हैं। ये लगातार संघर्ष करने का परिणाम है कि आज यह पद मिला है।

## मुठभेड़ में घायल आतंकी का शव बरामद

**रियासी :** रियासी जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में घायल हुए आतंकी का शव शुक्रवार को तलाशी अभियान के दौरान बरामद किया गया है। गौरतलब है कि पांच अगस्त को रियासी जिले के खवास इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया था जबकि एक अन्य आतंकी घायल हो गया था। मुठभेड़ के बाद घायल आतंकी का पता नहीं चल सका था। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजीपी मुकेश सिंह ने कहा खवास में मुठभेड़ में घायल दूसरे आतंकी का शव शुक्रवार को विशेष अभियान समूह एसओजी के जवानों को रियासी के खवास के ढकीकोट इलाके में मिला। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर हथगोले और मैगजीन भी बरामद हुई है।

# 15 वर्षों बाद पानी शुरू : प्रथम महापौर

*** प्रथम महापौर अरुणा शंकर के प्रयास से पहली बार पत्थर मिल रोड एवं कुम्हार टोली के लोगों को मिला पानी**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुण शंकर ने निगम द्वारा पत्थर मिल रोड एवं कुम्हार टोली में निगम द्वारा लगाई गई नए पाइपलाइन को देखते हुए प्रसन्नता जाहिर की। कहा कि आज तक इस एरिया में किसी ने पानी दिलाने का पहल नहीं किया। अरुणा शंकर ने कहा कि यहां के लोगों ने मुझे आकर अपनी व्यथा बताई। मुझे लगा कि चंद खर्चे में इन्हें पानी उपलब्ध कराया जा सकता है। मैंने इस ओर निगम का ध्यान आकृष्ट कराया और आज कार्य संपन्न हो गया। यहां कल से पानी मिलना शुरू हो जाएगा। जिसकी मुझे प्रसंता है। प्रथम महापौर से वहां के लोगों ने कहा कि यहां ज्यादा लाल कार्ड वाले रहते हैं। इसलिए दोनों जगह स्टैंड पोस्ट की व्यवस्था कराई जाए। जिस पर प्रथम महापौर ने नगर आयुक्त से बात कर स्टैंड पोस्ट लगवाने का भरोसा दिलाया। प्रथम महापौर ने कहा कि जल्द ही क्रमबद्ध तरीके से जहां-जहां पानी छोटे-छोटे पाइप लाइन से पहुंचाया जा सकता है, वहां-वहां नगर आयुक्त से बात कर पानी पहुंचाने का कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर जयंत प्रसाद, शंभू साव, रंजीत कुमार, सुबोध गुप्ता, नीरज कुमार ,संजय जी एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। बता दें कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में पेयजल की किल्लत को दूर करने का बीड़ा प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने उठा रखा है। जहां भी पेयजल किल्लत की जानकारी उन्हें मिल रही है, वहां तत्काल खुद स्वयं जाकर वे इस समस्या को दूर कर रही है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर के प्रयास से निगम क्षेत्र में पेयजल की कमी को काफी हद तक दूर कर दिया गया है। अगले गर्मी का मौसम आते तक निगम क्षेत्र में शत प्रतिशत पेयजल की कमी को दूर कर दिया जाएगा। इसके लिए प्रथम महापौर अरुणा शंकर जी जान से जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय बरियातू का प्रधान सचिव ने किया भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, बरियातु का भ्रमण किया। इस दौरान उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश केरकेट्टा, एडीपीओ कौशल किशोर उपस्थित थे। विद्यालय आगमन पर छात्राओं द्वारा मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल का पारंपरिक गीत के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम कक्षाओं के संचालन का अवलोकन करते हुए छात्राओं से उत्कृष्ट विद्यालय से संबंध में बातचीत भी की। विद्यालय में कक्षा, नव निर्मित भवन, प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय के अवलोकन के पश्चात् श्रीमती वंदना दादेल ने हॉकी खिलाड़ियों का म्यूजियम बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने पुस्तकालय में छात्राओं द्वारा ली गई पुस्तकों के कार्ड का भी अवलोकन किया तथा प्राचार्य को निदेश दिया कि ऐसी व्यवस्था करें कि सभी बच्चे पुस्तकालय से पुस्तकों को प्राप्त कर इसका लाभ उठा सकें। इसके पश्चात् विद्यालय के नव निर्मित हॉल में छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया जिसे प्रधान सचिव ने सराहा। मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सरकार की महत्वकांक्षी योजना है, जिसकी शुरुआत वर्तमान में 80 विद्यालयों में की गयी है और 325 अन्य विद्यालयों में भी इसका प्रसार होगा। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। प्रधान सचिव ने कहा कि ये विद्यालय सर्वोत्तम विद्यालय का मिसाल बनेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ. शहनवाज कुरैशी और धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य दीपक कुमार ने किया।

## मोतिहारी में नक्सली कमांडर के घर एनआईए ने की छापेमारी, कई कागजात जब्त

**पूर्वी चंपारण :** जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में एनआईए की टीम ने नक्सली कमांडर रामबाबू राम के घर पर छापेमारी की है। शुक्रवार सुबह 5 बजे ही एनआईए की टीम उनके आवास पर छापेमारी करने पहुंची। जहां घंटों चले सर्च अभियान के दौरान एनआईए ने कई आपत्तिजनक कागजात बरामद किये हैं। इसके साथ ही एनआईए ने रामबाबू के भाई के घर पर भी दबिश दी। वहां भी सर्च अभियान में टीम ने कई कागजात बरामद किए हैं। हालांकि किस प्रकार के कागजात वहां से बरामद हुए हैं, उनका विस्तृत ब्योरा प्राप्त नहीं हो सका है लेकिन बताया जा रहा है सभी कागजातों को जब्त कर एनआईए की टीम लौट गई है। उल्लेखनीय है कि मधुबन थाना क्षेत्र के कौरिया गांव का रहने वाला रामबाबू 90 के दशक में काफी सक्रिय था। उसने पूर्वी चंपारण जिले में काफी आतंक मचा रखा था।

# मप्र : शिवपुरी जिले में आसमान से गिरे चमकदार गोले, क्षेत्र में दहशत

एजेंसी

**शिवपुरी:** कई इलाकों में शुक्रवार दोपहर खेतों में आसमान से चमकदार गोले गिरने की घटनाएं सामने आने पर ग्रामीण दहशत में आ गए। हालांकि लोहे के गोले की जांच की जा रही है और लोगों को इससे दूर रहने की हिदायत दी जा रही है। जानकारी के मुताबिक जिले की करैरा विधानसभा के अंतर्गत ग्राम बनयानी में शुक्रवार दोपहर बंटी रावत अपने भाई के साथ खेतों में काम कर रहे थे, तभी आसमान से बादलों की गड़गड़ाहट जैसी आवाज आई, तभी उन्होंने आसमान की ओर देखा तो एक सुर्ख लाल आग के गोले के समान आकृति वाली वस्तु देखते ही देखते उन्हीं के पास दूसरे खेत में आकर गिर गई। इस घटना की समूचे क्षेत्र में फैल गई। इसी प्रकार की घटना भितरवार थाना क्षेत्र के ग्राम जौरा, सिल्हा, किठोंदा गांव में भी हुई। यहां भी चमकदार गोले के आकार की वस्तु आसमान से आकर जमीन पर गिरी। सूचना मिलने के बाद भितरवार एसडीएम देवकीनंदन सिंह, एसडीओपी जितेंद्र नगायच, थाना प्रभारी धवल सिंह चौहान, उपनिरीक्षक रमाकांत उपाध्याय अन्य पुलिस बल और राजस्व बल मौके पर पहुंचा और लोगों को गोले के आकार के गिरे उपकरण से दूर रहने की हिदायत ग्रामीणों को दी।





